ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 जून, 2024
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 233

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही







### कई अंचलों में म्यूटेशन लंबित, मुख्यमंत्री सख्त, डीसी से कहा

# सीओ पर कार्रवाई का प्रस्ताव भेजें

- गलत तरीके से जमीन खरीद-बिक्री रोकने का सख्त निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** म्यूटेशन में देरी की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि अगर किसी अचंल में म्यूटेशन कार्य 90 दिनों के अंदर नहीं होता है, तो अंचल अधिकारी को शो कॉज किया जायेगा। मुख्यमंत्री बुधवार को झारखंड मंत्रालय में मंत्रियों, विभागों के प्रधान सचिव, सचिव और प्रमंडलीय आयुक्तों की उपस्थिति में जिला के उपायुक्तों के साथ विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने उपायुक्तों को ये निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि म्यूटेशन तय समय सीमा के अंदर हो, इसे सुनिश्चित करें। म्यूटेशन के मामले बिना किसी वजह से लंबित नहीं रहने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंचल ऑफिस में म्यूटेशन के कई मामले बिना किसी आपत्ति के काफी समय तक लंबित रहते हैं। म्यूटेशन मामले का ना तो निष्पादन होता है और ना ही अस्वीकार किया जाता है। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हजारीबाग, रांची, गिरिडीह और पलामू के कई अंचलों में म्यूटेशन के मामलों की रिपोर्ट काफी खराब है। ऐसे में इन जिलों में खराब परफॉर्म करने वाले अंचलों को चिह्नित कर वहां के अंचल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का प्रस्ताव भेजें।



### म्यूटेशन मामलों की करें समीक्षा

चंपाई ने कहा कि सभी डीसी अपने जिले के अंतर्गत आने वाले उन अंचलों को चिह्नित करें, जहां बिना किसी वजह के म्यूटेशन के मामले 90 दिनों से ज्यादा समय से लंबित हैं। उन्हें शो कॉज जारी करें और कार्रवाई का प्रस्ताव भेजें। राज्य के कई इलाकों में जमीन की गलत तरीके से खरीद- बिक्री के मामले सामने आ रहे हैं। इस पर हर हाल में रोक लगे। इसमें जो भी दोषी हो, उसके खिलाफ कार्रवाई हो। उन्होंने कहा, सभी डीसी अपने जिलों के अंतर्गत आनेवाले अंचलों का नियमित निरीक्षण करें और वहां म्यूटेशन के मामलों की समीक्षा करें। जमीन से संबंधित दस्तावेजों का वेरिफिकेशन करें।

## चर्चित जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को इडी ने किया गिरफ्तार

**रांची (आजाद सिपाही)।** इडी ने रांची के जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। वह गाड़ी गांव का रहनेवाला है और बहुचर्चित जमीन घोटाला मामले का आरोपी है। उस पर आरोप है कि फर्जी दस्तावेज के सहारे उसने चेशायर होम रोड में 4.83 एकड़ जमीन को बेचने की कोशिश की थी। इसी मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। इडी ने इस मामले में पूछताछ के लिए एक महीने पहले शेखर और उसकी पत्नी को समन भेज कर बुलाया था, लेकिन वह पेश नहीं हुआ। इसके बाद इडी ने गिरफ्तारी का वारंट हासिल किया और बुधवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। इडी के अनुसार शेखर कुशवाहा उर्फ शेखर महतो ने कई भूखंडों का सौदा फर्जी कागजात बनवा कर किया था।

शेखर कुशवाहा के बारे में कहा जाता है कि वह राजधानी और आसपास के इलाकों में आदिवासी जमीन का कारोबार करता है और इसके जरिये करोड़ों की कमाई कर चुका है। उसके साथ एक खास बात जुड़ी है कि वह किसी भी जमीन का म्यूटेशन कराने तक का ठेका लेता था और रांची के विभिन्न अंचलों में अपने संपर्कों के जरिये यह काम कराता था। बताया जाता है कि शेखर की पहचान सत्ता के गलियारों में सक्रिय लोगों से भी है।

### ओड़िशा में पहली बार भाजपा की सरकार

# मोहन माझी ने सीएम पद की ली शपथ

- 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली
- केवी सिंहदेव, प्रभाती परिदा डिप्टी सीएम बने
- प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री शामिल हुए

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा में पहली बार भाजपा की सरकार बन गयी है। मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ दो डिप्टी सीएम कनक वर्धन सिंहदेव और प्रभाती परिदा ने भी शपथ ली। राज्यपाल रघुवर दास ने उन्हें शपथ दिलायी। माझी मंत्रिमंडल में 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह को भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया गया था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा के अलावा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल समेत अन्य नेता शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व सीएम नवीन पटनायक भी मौजूद थे।



गौरतलब है कि ओड़िशा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार बहुमत के साथ जीत हासिल की है। राज्य की 147 सीटों में से भाजपा को 78 सीटें मिली हैं। वहीं, नवीन पटनायक के बीजू जनता दल (बीजद) को 51, कांग्रेस को 14, सीपीआइ (एम) को एक और अन्य को तीन सीटों पर जीत मिली है।

**24 साल बाद आदिवासी मुख्यमंत्री:** ओड़िशा को 24 साल बाद आदिवासी मुख्यमंत्री मिला। इससे पहले कांग्रेस के हेमानंद बिस्वाल राज्य के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री थे। बिस्वाल 1989-1990 और 1999-2000 तक दो बार सीएम रहे। राज्य के दूसरे आदिवासी सीएम गिरिधर गमांग थे। हालांकि उनका कार्यकाल बहुत छोटा रहा। बिस्वाल के बाद कांग्रेस यहां कभी सत्ता में नहीं रही।

### प्रधानमंत्री का राज्यपाल ने किया स्वागत



भुवनेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आंध्रप्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद ओड़िशा पहुंचे। एयरपोर्ट पर ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास और नवनियुक्त मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मोदी का स्वागत किया। एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री राजभवन गये। वहां कुछ देर विश्राम के बाद जनता मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे।

**माझी के कैबिनेट में ये हुए शामिल:** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की कैबिनेट में दो डिप्टी सीएम के अलावा 13 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें सुरेश पुजारी, रबिनारायण नाइक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, मुकेश महालिंग, बिभूति भूषण जेना, कृष्ण चंद्र महापात्रा, गणेश राम सिंह खुंटिया, सूर्यवंशी सूरज, प्रदीप बालसामंता, गोकुला नंद मल्लिक और संपद कुमार स्वैन शामिल हैं।


देखें पेज-12
- ओड़िशा में शपथ ग्रहण समारोह की तस्वीरें
- चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 96,000 रु./प्रति किलो |



# अन्नपूर्णा देवी: महिला सशक्तीकरण का बड़ा चेहरा

## ■ बेहद संघर्षपूर्ण रहा है साधारण गृहिणी से केंद्रीय मंत्री तक का सफर

## ■ पति को खोया, लेकिन देश-समाज को अच्छी तरह संजोया

## ■ अपने काम का ढिंढोरा नहीं पीटतीं, काम करने में है भरोसा

आजाद सिपाही विशेष

2024 के चुनाव में झारखंड में सबसे अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज करनेवाली अन्नपूर्णा देवी को जीत की गारंटी कहा जाये, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए। एक तरफ 2024 के लोकसभा चुनाव की मतगणना के दिन जहां झारखंड के भाजपा प्रत्याशी कई सीटों पर कड़े मुकाबले में फंसे थे, वहीं अन्नपूर्णा देवी की जीत का मार्जिन रॉकेट स्पीड से बढ़ता जा रहा था। अन्नपूर्णा देवी लगातार दूसरी बार कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनीं और मोदी 3.0 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी उन्हें दी गयी है। पिछली सरकार में भी वह शिक्षा राज्यमंत्री थीं। उस दौरान उनके द्वारा किये गये कामों की खूब सराहना भी हुई। शिक्षा और बच्चों के कौशल विकास के मामले में अन्नपूर्णा देवी ने बढ़-चढ़ कर काम किया। अन्नपूर्णा देवी बोलती कम हैं, लेकिन उनका काम जरूर बोलता है। वह अपने द्वारा किये गये कामों का ढोल नहीं पीटती हैं। उनका मानना है कि अगर काम हुआ है, तो जमीन पर जरूर दिखेगा, ढोल पीटने की क्या जरूरत। क्षेत्र में उनकी पहचान उनके द्वारा किये गये विकास कार्यों को लेकर है। ऐसे ही अन्नपूर्णा देवी रिकॉर्ड मतों से विजयी नहीं होती हैं। उन्होंने न केवल अपने क्षेत्र, बल्कि हर उस जरूरतमंद की मदद की है, जो उनके पास पहुंचा है। चुनाव में जातीय समीकरण एक हद तक काम करता है, लेकिन विकास कार्य ही एक ऐसा माध्यम है, जिससे जनता आपको दिल खोल कर वोट देती है। जैसे ही कैबिनेट मंत्री के रूप में अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का कार्यभार संभाला, उनकी पहली टिप्पणी थी, सेवा यात्रा का एक निर्णायक मोड़, एक नयी शुरुआत। इसका मतलब यह है कि अन्नपूर्णा देवी ने नया लक्ष्य निर्धारित कर लिया है। पीएम मोदी ने उन्हें टास्क दे दिया है। अन्नपूर्णा देवी बहुत ही साधारण महिला हैं। उनका विजन क्लीयर है। उनमें संस्कार कूट-कूट कर भरा है। वह तपे-तुले शब्द ही बोलती हैं। वह आक्रामक राजनीति में विश्वास नहीं रखतीं। शालीन रह कर भी विरोधियों को कैसे घेरा जा सकता है, यह अन्नपूर्णा देवी से सीखा जा सकता है। विवादों से उनका दूर-दूर तक नाता नहीं है। वह रिजल्ट ओरिएंटेड काम करती हैं। मुद्दों को समझती हैं। जमीनी सच्चाई से अवगत रहती हैं। कैसे एक गृहिणी से केंद्रीय मंत्री तक का सफर तय किया अन्नपूर्णा देवी ने, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

### गृहिणी थीं अन्नपूर्णा और पति विधायक

अन्नपूर्णा देवी संताल की बेटी हैं और कोडरमा की बहू। उनका जन्म 2 फरवरी 1970 को दुमका जिले के आजमेरी गांव में हुआ। एक कृषक परिवार में जन्मी अन्नपूर्णा देवी की प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश में हुई। शिक्षा के प्रति अन्नपूर्णा देवी का बचपन से ही लगाव रहा। यही कारण था कि वो माध्यमिक शिक्षा ग्रहण करने के लिए अपने गांव से पांच किलोमीटर दूर स्थित स्कूल जाया करती थीं। दुमका से ही मैट्रिक करने के बाद आगे की पढ़ाई उन्होंने पटना से की। बाद में रांची यूनिवर्सिटी से इतिहास में उन्होंने एमए किया। अन्नपूर्णा देवी की शादी 1993 में उस समय के बिहार के कद्दावर आरजेडी नेता और पूर्व मंत्री रमेश प्रसाद यादव से हुई। रमेश यादव गरीबों और पिछडों के नेता थे। रमेश यादव का बचपन गरीबी और मुफलिसी में बीता था। इलाके में पिछड़ों और दलितों पर होनेवाले शोषण, अन्याय और माइका मजदूरों के हक को लेकर उन्होंने संघर्ष किया था। कोडरमा से दो बार वह विधायक भी बने। रमेश यादव को वर्ष 1996 में बिहार के राबड़ी देवी मंत्रिमंडल में खान एवं भूतत्व राज्यमंत्री बनाया गया। उस समय तक अन्नपूर्णा देवी एक गृहिणी के तौर पर खुश थीं। पति राजनीति में थे और अच्छा कर रहे थे। लेकिन अन्नपूर्णा देवी उनके जीवित रहते तक सार्वजनिक जीवन से दूर ही रहीं।

### 1998 की वह काली रात

रमेश यादव और अन्नपूर्णा देवी का दांपत्य जीवन सुखमय बीत रहा था। अन्नपूर्णा देवी पूरी तरह से अपने बच्चों के लालन-पालन में व्यस्त थीं। इसी बीच समय का कालचक्र ऐसा चला कि सब कुछ देखते ही देखते खत्म हो गया। वह 14 अगस्त 1998 की काली रात थी, जब जब रमेश यादव अन्नपूर्णा देवी का साथ छोड़ कर दुनिया से चले गये। रमेश यादव का असामयिक निधन हो गया। तब उनकी शादी के मात्र पांच साल ही हुए थे। इस बात की सहज कल्पना की जा सकती है कि ऐसे मनहूस समय में एक स्त्री पर क्या बीतती है। रमेश यादव के असामयिक निधन से अन्नपूर्णा देवी पूरी तरह से टूट गयी थीं। उनके सामने तीन बच्चों के लालन-पालन की चुनौती भी थी। इसके अलावा उनके सामने घर-परिवार के साथ-साथ रमेश यादव के उन अधूरे कामों को आगे बढ़ाने की चुनौती थी, जो वह छोड़ गये थे यानी उनकी विरासत को संभालने की चुनौती। इस कार्य को आगे बढ़ाने की जरूरत इसलिए थी कि रमेश यादव सामाजिक बदलाव की लड़ाई लड़ रहे थे। कोडरमा ही नहीं, झारखंड के कई जिलों का मजदूर वर्ग रमेश यादव के असमय निधन से स्तब्ध था। कोडरमा की जनता भी निराश और हताश थी, क्योंकि गरीबों, शोषितों, वंचितों के बीच रमेश यादव की छवि एक मसीहा के रूप में थी।

### अन्नपूर्णा देवी की राजनीति में एंट्री

कोडरमा की जनता और मजदूर वर्ग के लोग लगातार उनके आवास पर संवेदना जताने आ रहे थे। इस दौरान वे यह भी कह रहे थे कि अब उनकी लड़ाई कौन लड़ेगा। अन्नपूर्णा देवी ने भी उनके दर्द को समझा। उन्हें समझ में आ गया कि अपने पति को अगर लोगों के बीच में जिंदा रखना है, तो उन्हें अब राजनीति में आना ही होगा। फिर क्या था! वर्ष 1998 में अन्नपूर्णा देवी ने घर की दहलीज से बाहर निकल कर राजनीति में कदम रखा। रमेश यादव के निधन के कारण 1998 में कोडरमा सीट पर हुए उपचुनाव में आरजेडी ने उन्हें उम्मीदवार बनाया और उन्होंने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल की। इसके बाद वह बिहार सरकार में खान मंत्री भी बनीं। 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग राज्य बनने के बाद यहां भाजपा की सरकार बनी। अन्नपूर्णा देवी सत्ता से अलग होकर केवल विधायक रह गयीं। इसके बाद उन्होंने 2005 और 2009 का विधानसभा चुनाव जीता। वर्ष 2013 में हेमंत सोरेन सरकार में वह जल संसाधन मंत्री भी बनीं। छोटे कार्यकाल में उन्होंने अपने काम की बदौलत सुर्खियां भी बटोरीं।

### 2014 में पहली बार देखा हार का मुंह, फिर बनाया रिकॉर्ड

2014 के विधानसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हार का एक महत्वपूर्ण कारण राजद आलाकमान द्वारा झारखंड पर ध्यान नहीं देना भी रहा। लेकिन दूसरे दलों के नेताओं को भी यह पता था कि अन्नपर्णा देवी की आम लोगों के बीच पैठ कितनी गहरी है। यही कारण रहा कि वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी ने अन्नपूर्णा देवी से संपर्क किया। दिल्ली से बड़े नेता झारखंड आये और उन्होंने भाजपा में शामिल होने के लिए उन्हें समझाया। अन्नपूर्णा देवी ने भाजपा ज्वाइन कर ली। बीजेपी में शामिल होने के बाद पार्टी ने उन्हें कोडरमा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया। उन्हें भाजपा के सीटिंग सांसद प्रो रवींद्र राय का टिकट काट कर प्रत्याशी बनाया गया था। उनके सामने थे झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री और उस समय जेवीएम के उम्मीदवार बाबूलाल मरांडी। अन्नपूर्णा देवी ने बाबूलाल मरांडी को साढ़े चार लाख से अधिक मतों के अंतर से हरा दिया। उस चुनाव में अन्नपूर्णा देवी को 7,53,016 वोट मिले, जबकि बाबूलाल मरांडी को 2,97,416 वोट मिले थे। इस तरह से अन्नपूर्णा देवी ने बड़ी जीत हासिल कर रिकॉर्ड स्थापित कर दिया। इसी कारण बीजेपी ने उन्हें संगठन में एक बड़ी जिम्मेवारी सौंपते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी बनाया और नेतृत्व ने हरियाणा बीजेपी की सह प्रभारी का भी दायित्व सौंपा। अन्नपूर्णा देवी को भाजपा में शामिल कराने के पीछे बीजेपी का मकसद झारखंड-बिहार में यादव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ना था। झारखंड में एक हद तक बीजेपी इसमें सफल भी रही और बिहार में भी पार्टी ने उनकी योग्यता का बखूबी इस्तेमाल किया। उसके बाद मोदी 2.0 में उन्हें शिक्षा राज्यमंत्री के पद से नवाजा गया। इस दौरान उनके द्वारा किये गये कार्यों की खूब चर्चा हुई।

फिर आया वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव। अन्नपूर्णा देवी को भाजपा ने फिर से टिकट दिया। चुनाव प्रचार के दौरान कई मीडिया संस्थान अन्नपूर्णा देवी के सामने भाकपा-माले के विनोद सिंह को मजबूत बता रहे थे। अन्नपूर्णा देवी हार रही हैं, यहां तक चर्चा हो रही थी। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और थी। जैसा कि सभी जानते हैं कि अन्नपूर्णा देवी ज्यादा नहीं बोलती हैं, उनका काम बोलता है, तो इस चुनाव में भी यही देखने को मिला। काउंटिंग के समय जहां एक तरफ कई सीटों पर भाजपा प्रत्याशी लड़खड़ा रहे थे, वहीं अन्नपूर्णा देवी की जीत का मार्जिन जो एक बार बढ़ा, वह रुकने का नाम नहीं ले रहा था। उसके बाद तो भाकपा-माले के विनोद सिंह कहां पीछे छूट गये, कोई अता-पता नहीं चला। इस चुनाव में अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा की पांचों विधानसभा में लीड किया। यहां तक कि विनोद सिंह, जिस बगोदर सीट से विधायक हैं, वे वहां भी हार गये। यहां यह बताना प्रासंगिक है कि जिस गांडेय विधानसभा सीट से उप चुनाव में हेमंत सोरेन की पत्नी और इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कल्पना सोरेन ने शानदार जीत दर्ज की, लोकसभा चुनाव में उस सीट से भी अन्नपूर्णा देवी को लीड मिली। अन्नपूर्णा देवी ने भाकपा-माले के विनोद कुमार सिंह को 3.77 लाख वोटों के अंतर से हरा कर अपनी सीट बरकरार रखी। दूसरी बार वह अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ नहीं सकीं, लेकिन उसके नजदीक जरूर पहुंचीं। फिर भी वह झारखंड में जीतनेवाले भाजपा उम्मीदवारों में सबसे ज्यादा वोट से जीतीं।

### केंद्र में मिली बड़ी जिम्मेदारी

इस बार अन्नपूर्णा देवी को मोदी 3.0 में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गयी है। 55 वर्षीय अन्नपूर्णा देवी नयी मंत्रिपरिषद में सात महिलाओं में से एक हैं और निर्मला सीतारमण के अलावा दो महिला कैबिनेट मंत्रियों में से एक हैं। अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अन्नपूर्णा देवी पर इतना विश्वास जताया है, तो निश्चित रूप से इसके पीछे उनकी कार्यक्षमता ही है। पिछले कार्यकाल को देखते हुए जनता को उम्मीद है कि अन्नपूर्णा देवी इस विभाग में भी जबरदस्त काम करेंगी।

एक सांसद के रूप में अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा में कई बहसों में सक्रिय रूप से भाग लिया। उस दौरान उन्होंने यह बात जोरदार तरीके से रखी कि सरकार ने जिन बच्चों को रेस्क्यू किया है, उनके बचपन को बचाने के लिए उनके कौशल विकास पर काम करना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अपने अपनी जिंदगी संवार सकें और अपने माता-पिता के सपनों को पूरा कर सकें। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी का मानना है कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने महिला सशक्तीकरण और बचपन के संरक्षण-संवर्द्धन में अभूतपूर्व कार्य किया है। उनका प्रयास होगा कि प्रधानमंत्री की आकांक्षा के अनुरूप देश महिला विकास के स्थान पर वीमेन लेड डेवलेपमेंट की उपलब्धि प्राप्त करे।



## सांसद के रूप में कई विकास कार्यों की सिफारिश की

अन्नपूर्णा देवी के बारे में एक बात प्रचलित है कि वह जनता का काम करने में कभी पीछे नहीं हटती हैं। यहां तक कि दिन-रात का फर्क भी नहीं करती हैं। एक सांसद के रूप में उन्होंने 2019-2024 के कार्यकाल में सांसद फंड का भरपूर इस्तेमाल किया। कोडरमा संसदीय क्षेत्र में उन्होंने कुल 450 विकास योजनाओं को मंजूरी दी, जिनमें से 181 पूरी हो चुकी हैं, जबकि शेष 269 पर काम लगातार चल रहा है। कोडरमा के ग्रामीण इलाकों में पुस्तकालयों का जाल बिछाने में अन्नपूर्णा देवी का योगदान उल्लेखनीय रहा है। विधायक और सांसद के रूप में उन्होंने कई ऐसे काम किये हैं, जिन्हें लोग आज भी शिद्दत से याद करते हैं। झुमरी तिलैया के लोग बताते हैं कि यहां का कोई भी व्यक्ति यदि अन्नपूर्णा देवी के पास जाता है, तो उसे निराश होकर नहीं लौटना पड़ता है। इलाज से लेकर बच्चों की पढ़ाई और शादी-विवाह से लेकर घर बनाने तक के लिए लोग अन्नपूर्णा देवी से बेझिझक मदद मांगते हैं। अन्नपूर्णा देवी कहती हैं कि उन्हें लोगों की मदद कर संतुष्टि मिलती है। वह मदद इसलिए कर पाती हैं कि उन्हें ऊपरवाले ने इतनी क्षमता दी है। यह सब लोगों के आशीर्वाद से ही संभव हुआ है।



### सादा जीवन उच्च विचार

सितंबर 2021 में इस संवाददाता को अन्नपूर्णा देवी के दिल्ली आवास पर जाने का मौका मिला। मकसद था इंटरव्यू लेना। जब मैं उनके घर गया, तो हॉल में ही ऑफिस जैसा माहौल था। कुछ लोग काम कर रहे थे। मैंने कहा, अन्नपूर्णा देवी जी से बात हुई है, जरा सूचना दे दीजिए कि आजाद सिपाही से राकेश सिंह आये हैं। मैं बैठा और कुछ मैगजीन पढ़ने लगा। तभी अचानक अन्नपूर्णा देवी आयीं। बहुत ही साधारण सी लाइट कलर की साड़ी उन्होंने पहनी थी। उन्होंने आते ही पूछा कि आपने चाय पी। उसके बाद चाय आयी। मैंने कहा कि क्षमा चाहता हूं, मुझे जरा देर हो गयी, दिल्ली की ट्रैफिक में फंस गया था। भला दिल्ली की ट्रैफिक से कौन जीत सका है। चाय आयी और चाय पीते-पीते ही मैंने कई सवाल उनसे किये। चूंकि उन्हें कहीं जाना था और मैं खुद ही लेट पहुंचा था, फिर भी जिस सादगी से अन्नपूर्णा देवी ने मेरे सवालों का जवाब दिया, लगा ही नहीं कि मैं किसी केंद्रीय राज्यमंत्री से बात कर रहा हूं। अन्नपूर्णा देवी जरा धीरे बोलती हैं, लेकिन सटीक बोलती हैं। नयी शिक्षा नीति को लेकर हमने चर्चा की। उसके बाद वह उसी साधारण सी साड़ी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकल गयीं। मैं भी वहां से पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के पुत्र और राज्यसभा सांसद नीरज शेखर से इंटरव्यू लेने निकल पड़ा। बातचीत के बाद बड़ा अच्छा लगा कि कितनी सिंपल महिला हैं। कोई मंत्री का घमंड नहीं। बड़ा अपनापन सा लगा। अन्नपूर्णा देवी साफ-सुथरी छवि की नेता हैं। हमेशा विवादों से दूर रहती हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के मन में उनके प्रति अलग सम्मान है।

### पद ग्रहण करते ही लक्ष्य साफ

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पद ग्रहण करते ही कहा कि विकसित भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है और सुपोषित-सक्षम-समर्थ महिलाएं और बच्चे ही इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में सहायक होंगे। मेरे लिए यह गर्व का विषय है कि अपने मंत्रिपरिषद में शामिल करने के साथ ही प्रधानमंत्री ने सुपोषित विकसित भारत के निर्माण का दायित्व मुझे सौंपा है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 साल देश की आधी आबादी और नौनिहालों के सशक्तीकरण के रहे हैं। मोदी ने वूमेन डेवलपमेंट की जगह वूमेन लेड डेवलपमेंट का मंत्र दिया है और इसी मंत्र को उत्प्रेरक बना कर महिला एवं बाल विकास की संपूर्ण कार्ययोजना होगी। नारी शक्ति को आत्मनिर्भर और सक्षम बना कर उन्हें नेतृत्वकारी भूमिका में लाने के प्रयासों के तहत ही लखपति दीदियां तैयार हो रही हैं और इसकी निरंतरता में कोई बाधा न आये, इसके लिए मैं सदैव सचेष्ट रहूंगी। अन्नपूर्णा देवी का केंद्रीय मंत्री बनना झारखंड के लिए भी बड़ी बात है। झारखंड की महिलाओं का सम्मान है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 40.7 °c | 26.5 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.35 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.02 बजे |



# होरो, अनुपमा, मीर और राजेश ने कल्पना सोरेन से की मुलाकात






आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांके रोड स्थित आवास पर कल्पना सोरेन से लोहरदगा के नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने मुलाकात की। वहीं कल्पना सोरेन से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रोशन लाल भाटिया, ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य शफीक अंसारी ने शिष्टाचार मुलाकात की। इधर, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी जनाब गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मुलाकात की। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक जिग्गा सुसारन होरो, भूषण तिर्की, कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह ने मुलाकात की।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान, व्यापार वृद्धि। चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण बनेगा।

**वृष** परिस्थितियों में सुधार होगा, भौतिक सुख-सुविधा बढ़ेगी, उद्योग-धंधे में सफलता।

**मिथुन** रुके हुए काम पूरे होंगे,रोजी-रोजगार में सफलता.धनलाभ के अवसर बनेंगे।

**कर्क** नौकरी में यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा,शुभ समाचार की प्राप्ति, गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**सिंह** सामयिक-सामाजिक विकास शत्रुओं पर विजय मिलेगा। मानसिक शक्तियों में वृद्धि।

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे,अवसरों का फायदा उठावें,परिवार में मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी दूर होगी,सेहत में सुधार होगा।

**वृश्चिक** नवीन व्यापरिक योजना सफल, आर्थिक लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति होने का संभावना बन रहा है।

**धनु** विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास, बिगड़े कार्य बनेंगे। प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मिलन होगा जो बाद में लाभकारी सिद्ध होगा।

**मकर** थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख,यात्रा सुखद। धन लाभ के अवसर बनेंगे।

**कुंभ** खर्च अधिक होगा। किसी प्रकार की कोई नवीन समस्या आ सकता है परंतु आप अपनी सूझ-बूझ से सुलझा लेंगे।

**मीन** घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। दुष्ट लोगों की संगति कलहकारी सिद्ध होगी।

# सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में होगी रेगुलर शिक्षकों की नियुक्ति : चंपाई सोरेन

**विद्यालयों में 100 परसेंट रिजल्ट देने का प्रयास किया जाये**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में रेगुलर शिक्षकों की नियुक्ति जल्द होगी। सीएम चंपाई ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इसके लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया। सीएम ने आगे कहा, शिक्षा ही सामाजिक उन्नति का आधार है। राज्य के सभी वर्गों के बच्चों को बेहतर शिक्षा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में सभी प्रखंड में सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जायेंगे।

**एक्सीलेंस विद्यालयों में 100% रिजल्ट हो :** सीएम ने समीक्षा के दौरान उपस्थित संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि राज्य में संचालित सभी सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों में 100% रिजल्ट हो, इस हेतु सभी आवश्यक प्रयास किये जायें। कहा, शिक्षा में किसी भी प्रकार से कोताही अधिकारी नही बरतें।

**10वीं और 12वीं वर्ग की परीक्षाओं के रिजल्ट पर फोकस :** सीएम चंपाई ने कहा, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस राज्य सरकार का एक महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। विद्यार्थियों की उपस्थिति शत प्रतिशत दर्ज हो, यह सुनिश्चित करें अधिकारी। 10वीं और 12वीं वर्ग की परीक्षाओं में विद्यार्थियों का प्रदर्शन बेहतर हो, इस पर भी काम करने की जरूरत है। कहा, जिलों के उपायुक्त सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस में मिल रही सभी सुविधाओं की निरंतर मॉनिटरिंग करें। वर्तमान में संचालित 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को बेहतर निजी विद्यालयों के अनुरूप अपग्रेड करने का निर्देश भी सीएम चंपाई सोरेन ने दिया।




## वन, पर्यावरण विभाग पौधरोपण की स्थिति की जांच करे: मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री ने वन, पर्यावरण-जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा की**

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को वन पर्यावरण-जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा हर वर्ष लाखों की संख्या में पौधरोपण किया जाता है, लेकिन लक्ष्य के मुताबिक वनों में विस्तार में बढ़ोतरी नहीं हो पा रही है। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे अपने स्तर से वन विभाग के द्वारा किये गये पौधरोपण की स्थिति की जांच करे। इन्हें हर हाल में संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधरोपण सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना पर राज्य सरकार काफी खर्च भी करती है। पौधरोपण पर्यावरण संतुलन के लिए भी काफी अहम कड़ी है। इसलिए लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण के लक्ष्य को प्राप्त करें।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा में मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की धीमी कार्य प्रगति पर मुख्यमंत्री ने असंतोष जताया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पूछा कि आखिर क्यों मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत कम आवेदन आ रहे हैं। कहां कमी रह गयी है। इसकी समीक्षा करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी योजना है। जो आवेदन आते हैं उसका शीघ्र निस्तारण करें। विभाग में आवेदन लंबित नहीं रहनी चाहिए। किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। चंपाई सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। विभाग साइकिल वितरण योजना में तेजी लायें। साइकिल वितरण के निर्धारित लक्ष्य को ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के विस्तार के लिए कार्य प्रगति में तेजी लायें।

### नायडू के शपथ ग्रहण में नहीं गये सीएम, दिया व्यस्तता का हवाला

**रांची (आजाद सिपाही)।** सीएम चंपाई सोरेन आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में शामिल नहीं हो सके। चंद्रबाबू नायडू ने सीएम चंपाई सोरेन को आमंत्रण पत्र भी भेजा था। सीएम चंपाई ने शामिल नहीं होने की वजह बताते हुए सोशल मीडिया एक्स पर नायडू के नाम एक संदेश लिखा है। इसमें सीएम ने लिखा है, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में 12 जून को आपके शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए आपके आमंत्रण पत्र के लिए हार्दिक धन्यवाद। मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूं। पूर्व निर्धारित व्यस्तता के कारण मैं उक्त शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने में असमर्थ हूं। इसका मुझे अत्यंत खेद है। आपके आमंत्रण पत्र के लिए हार्दिक धन्यवाद। मैं आपको हार्दिक बधाई देता हूं।

## मुख्यमंत्री से पैरालिंपिक एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार को मोरहाबादी स्थित आवास में पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि 13 से 19 जून तक आयोजित होने वाले भारत और थाइलैंड के बीच दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में राज्य के नौ पैरालंपिक खिलाड़ियों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य सरकार की ओर से राज्य के चयनित खिलाड़ियों को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।



### रांची पुलिस और आर्मी इंटेलीजेंस का एक्शन

## ब्राऊन शुगर के साथ छह गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुलिस और आर्मी इंटेलीजेंस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ब्राऊन शुगर की खरीद-बिक्री करते चार महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया। रांची पुलिस को सूचना मिली थी कि सदर बारियातू क्षेत्र के रामेश्वरम लेन के पास कुछ लोगों द्वारा ब्राऊन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे हैं। इसके बाद सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मिलिट्री इंटेलिजेंस की इकाई के साथ उस स्थान की घेराबंदी कर छापामारी की। इसके बाद पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें आरती देवी, शुगन देवी, नीतू नंद किशोर, नंद किशोर मिस्त्री, पृथ्वी कुमार और प्रियंका कुमारी शामिल हैं। इनके पास से 11.27 ग्राम ब्राऊन शुगर, 90 हजार रुपये, छह मोबाइल बरामद किये गये।

## राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मिले संजय सेठ




रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ से मुलाकात की।

# अपराध संबंधी कानूनों में हुए बदलाव को लेकर परिचर्चा आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत पत्र सूचना कार्यालय रांची द्वारा अपराध संबंधी तीन नये केंद्रीय कानून पर वार्तालाप 13 जून को होगा। इसमें इस कानून की बारीकियों की जानकारी विशेषज्ञ देंगे। दूरदर्शन केंद्र में पत्रकारों से बातचीत में में विभाग के भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी राजेश सिन्हा ने बताया कि आगामी 1 जुलाई से भारत में पुराने इंडियन पेनल कोड, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो जायेंगे। इसके व्यापक जागरूकता को ध्यान में रखकर पूरे देश भर में पत्र सूचना कार्यालय द्वारा वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 13 जून को रांची प्रेस क्लब में कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें कानून, पुलिस और पत्रकार जगत के लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में नेशनल यूनिवर्सिटी फॉर स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ के वाइस चांसलर प्रोफेसर अशोक आर पाटिल मुख्य अतिथि होंगे, जबकि विभाग के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा का की-नोट एड्रेस होगा। इसमें नेशनल यूनिवर्सिटी फॉर स्टडी एंड रिसर्च लॉ के दो प्रोफेसर शुभम श्रीवास्तव और डॉक्टर उत्कर्ष वर्मा भी इस कानून की बारीकियों को बतायेंगे। भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर होगा, जबकि रांची के सिटी डीएसपी केसी रमन्ना भारतीय न्याय संहिता के बारे में जानकारी देंगे। इस मौके पर विभाग के अधिकारी गौरव पुष्कर और ओंकार पांडेय ने भी जानकारी दी। दूरदर्शन समाचार एकांश के प्रमुख दिवाकर कुमार ने कार्यक्रम की महत्व पर प्रकाश डाला।

## सांसद सुखदेव भगत ने बंधु तिर्की से की मुलाकात

रांची। सांसद सुखदेव भगत ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की से उनके आवास में मिलकर आभार जताया। इस दौरान बंधु तिर्की ने भी सुखदेव भगत को सांसद बनने पर बधाई दी। बता दें कि बंधु तिर्की चुनाव से पहले ही लोहरदगा-गुमला क्षेत्र का भ्रमण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने का काम किये थे, जिसका चुनाव में पार्टी को फायदा मिला।

**DORANDA COLLEGE**
Ranchi - 834002, Jharkhand, India
Off. : 0651 - 2250337, Fax : 0651-2243457
Mob.: 90064 90622
(NAAC Accredited B+ & A Constituent Unit of Ranchi University)

ADVERTISEMENT

Doranda College, Ranchi has to purchase books worth Rs. 7,00,000/- (Seven Lakhs) for its regular and vocational courses. The details are available on college website : www.dorandacollege.com

The interested suppliers are asked to submit their quotation in the Account Section of college latest by 20/06/2024 during office hours.

Ref. : 1363 / 24
Date : 11.06.2024

Sd/- Principal
Doranda College, Ranchi

# मुख्यमंत्री करेंगे राज्य स्तरीय निपुण भारत समागम का उद्घाटन, देश-विदेश के विशेषज्ञ होंगे शामिल

### रांची के टाना भगत इंडोर स्टेडियम में निपुण भारत समागम 4 से 6 जुलाई तक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 4 से 6 जुलाई तक राज्य स्तरीय निपुण भारत समागम का आयोजन होगा। इसमें राज्य के सभी जिलों के 2400 शिक्षक टीएलएम की प्रदर्शनी लगायेंगे। साथ ही 20 स्वयंसेवी संगठन प्रदर्श सामग्री प्रस्तुत करेंगे। समागम का उदघाटन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन करेंगे। समागम में देश-विदेश के प्रख्यात विशेषज्ञ भी शामिल होंगे।

इस प्रदर्शनी में आठ अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों के साथ राज्य सरकार के अन्य विभागों को भी आमंत्रित किया जायेगा। निपुण भारत समागम में 8,000 से अधिक विद्यार्थियों को समागम भ्रमण कराया जायेगा। राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले को पुरस्कृत भी किया जायेगा। इस समागम का मुख्य उद्देश्य राज्य में बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता के प्रति शिक्षकों एवं समुदाय को जागरूक करते हुए राज्य के कक्षा एक से पांच के विद्यार्थियों को निपुण बनाना है।

## 24-25 जून को जिला स्तरीय टीएलएम मेला



निपुण भारत समागम से पहले राज्य के सभी जिलों में 24-25 जून (सुविधानुसार किसी एक दिन) को टीएलएम मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमें प्रत्येक प्रखंड के तीन सदस्यीय टीम शामिल होगी। मेले का उदघाटन जिले के उपायुक्त करेंगे। इस मेले में शिक्षकों द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला में बनाये गये सभी टीएलएम के साथ जिले के सभी प्रखंडों में एफएलएन को लेकर किये जा रहे कार्यों का प्रदर्शन किया जायेगा। जिला स्तरीय प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रखंड को पुरस्कृत किया जायेगा। मेले को बाल केंद्रित बनाने के लिए पोस्टर्स, बैनर्स, सेल्फी पॉइंट, गेम्स आदि की व्यवस्था भी की जायेगी।

## समागम से पहले सोशल मीडिया पर महा अभियान

राज्य स्तरीय निपुण भारत समागम से पहले 2 जुलाई को सोशल मीडिया महा अभियान चलाया जायेगा। दो जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न दो बजे तक सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मेरा विद्यालय निपुण और निपुण समागम झारखंड हैशटैग पर फोटो वीडियो आदि शेयर कर इस महा अभियान की सफलता सुनिश्चित की जायेगी। इस महा अभियान में राज्य के सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षक, बीआरपी, सीआरपी सदस्य शामिल होंगे।

## निपुण भारत समागम को लेकर समीक्षा बैठक

समागम की तैयारियों की समीक्षा के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बुधवार को वर्चुअल बैठक की। इसमें राज्य के सभी डीइओ-डीएसई शामिल हुए। बैठक में झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार, आईपीईएल, एफएलएन-पीएमयू की स्टेट लीडर पारोमिता मजूमदार एवं लीप फॉर वर्ड संस्था के प्रतिनिधि के रूप में मुकेश कुमार उपस्थित थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# केंद्र सरकार अब तानाशाही नहीं कर सकती : गुलाम अहमद मीर

## प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। बैठक में विगत दिनों संपन्न हुए चुनाव के संदर्भ में प्रत्येक लोकसभा सीट की समीक्षा की गयी। इस दौरान संबंधित लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलाध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी से चुनावी गतिविधियों के संबंध में फीडबैक लिया गया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए रूपरेखा जल्द तय करने का निर्णय लिया गया। झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि जनता ने हमें इतना



मजबूत कर दिया है कि केंद्र सरकार अब तानाशाही नहीं कर सकती और जनता पर मनमाना फैसला नहीं लाद सकती। जब तक पूरी समीक्षा नहीं कर लेते, अगला कदम मजबूती से नहीं उठा सकते हैं। जीत और हार दोनों सीटों के प्रत्येक स्तर पर समीक्षा करेंगे। समय बर्बाद करने की अपेक्षा कमियों को दूर करना है। देखना है कि जो काम बाकी है, वह जल्द पूरा हो। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि इस चुनाव में प्रयास बेहतर रहा है। इसमें और सुधार की आवश्यकता है। वर्ष 2019 के चुनाव की अपेक्षा इस बार प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत में वृद्धि हुई है। पूरे झारखंड में सात सीटों पर पिछली बार के मुकाबले 16 लाख मतों की वृद्धि हुई है। वर्ष 2019 के मुकाबले हजारीबाग में हमें 51 फीसदी, खूंटी में 21 प्रतिशत, लोहरदगा में 33 प्रतिशत, चतरा में 135 प्रतिशत, धनबाद में 34 प्रतिशत और रांची में 16 प्रतिशत ज्यादा मत मिले हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में अग्नि परीक्षा का समय आ गया है। चार महीनों में चुनाव होने वाले हैं। हमारी सरकार ने जनता से किये हुए जो वादे पूरे किये हैं, उन्हें आम लोगों तक पहुंचाया जाये।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि झारखंड में इंडी खेमे की जीत के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी को धन्यवाद देने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया। निर्णय लिया गया कि विधानसभा चुनाव की तैयारी के पहले चरण में एक दिन एक विधानसभा क्षेत्र कार्यक्रम चलाया जायेगा। लोकसभा चुनाव के परिणाम की विस्तृत समीक्षा के लिए लोकसभावार एक समिति गठित की जायेगी, जो जमीनी स्तर पर क्षेत्र में जाकर प्रखंड स्तर तक कार्यकर्ताओं-नेताओं से बात कर अपनी रिपोर्ट 15 दिनों के अंदर सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर उचित निर्णय लिया जायेगा।

### दो राज्य में नयी सरकार के शपथ ग्रहण पर बाबूलाल ने जताया हर्ष

# आंध्र प्रदेश और ओड़िशा की डबल इंजन सरकार बेहतर करेगी : मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व में और ओड़िशा में मोहन चरण माझी के नेतृत्व में बनी राज्य सरकार के शपथ ग्रहण पर हर्ष जताया। दोनों प्रदेश के मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री सहित प्रदेश की जनता को बधाई दी। श्री मरांडी ने कहा कि एनडीए पूरे देश में और मजबूत हो रहा है। जनता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के स्वप्न को साकार होते देखना चाहती है। भारत के विकास में प्रदेशों का विकास समाहित है।



उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार दोनों राज्य की जनता के हित में कार्य करते हुए विकसित भारत बनाने में बहुमूल्य योगदान देगी। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने भी बधाई दी। कहा कि दोनों राज्य में एनडीए सरकार नया सवेरा लेकर आयेगी। समृद्धि और विकास के साथ खुशहाली होगी।

# ग्रामीण और गरीब परिवेश वाले बच्चों में हेल्थ अवेयरनेस कम : डॉ आरएन शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डॉ आरएन शर्मा के मुताबिक शहरी क्षेत्र के बच्चे स्वास्थ्य के मामले में माता-पिता के निकट होते हैं, पर ग्रामीण और गरीब परिवेश वाले बच्चों और किशोरों में स्वास्थ्य वार्ता का विषय नहीं है। इसलिए राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। बुधवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान में युवा मैत्री केंद्र के लिए एएनएम के एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उन्होंने ये बातें कहीं। बुधवार को प्रशिक्षण का दूसरा और अंतिम दिन था। इसमें राज्य के सभी जिलों से आये 36 एएनएम को किशोर स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। श्री शर्मा ने बताया कि



पोषणए सेक्सुअल रीप्रोडक्टिव हेल्थ संबंधित जानकारी प्रशिक्षणार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। देश की कुल आबादी का 22 प्रतिशत जनसंख्या 10 से 19 आयु वर्ग की है, जिसमें 10 से 14 आयु वर्ग में 12 प्रतिशत और 15 से 19 आयु वर्ग में 10 प्रतिशत है। श्री शर्मा ने कहा कि युवा मैत्री केंद्र में आने वाले किशोर-किशोरियों का आत्मविश्वास बढ़ायें। उनकी समस्या सुनकर निदान के बारे में भी बतायें। मैत्री केंद्र में किशोर-किशोरियां माहवारी से आने वाली परेशानियों और हार्मोनल इंबैलेंस के कारण ब्रेस्ट ग्रोथ से संबंधित शिकायतें लेकर आती हैं। इन समस्याओं से घबराने की जरूरत नहीं है। प्रशिक्षण में रफत फरजाना, सांतना, मनोरमा टुडू और संजय ने भी प्रशिक्षक के रूप में भाग लिया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### जेएसओयू: प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट लांच




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय ने 12 जून को रांची में प्री यूनिवर्सिटी सर्टिफिकेट लांच किया। पत्रकारों से बातचीत में कुलपति प्रो टीएन साहू, अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद् के फाउंडर डॉ शबाब आलम ने विश्वविद्यालय ने नव संचालित पाठ्यक्रम पर बात रखी। इसमें विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो टीएन साहू ने बताया कि विश्वविद्यालय दूरस्थ शिक्षा को समर्पित है। अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद् के फाउंडर शबाब आलम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय आभासी शिक्षा परिषद् देश में ही नहीं, बल्कि कई अन्य देशों में भी दूरस्थ शिक्षा और ऑनलाइन शिक्षा पद्धति को बढ़ावा दे रहा है। प्रेस वार्ता में रजिस्ट्रार प्रो जीके सिंह, फाइनेंस अफसर डॉ वरुण मंडल, को-ऑर्डिनेटर डॉ प्रेम सागर केसरी, विकास मौर्या, डॉ मनोज अगरिया, एल मुथुवेलराज राजसेकर, अजय साहू, महेंद्र पारीक और नवनीत त्यागी आदि मौजूद रहे।

### ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एमओयू

रांची (आजाद सिपाही)। खाद्य सेवा में सखी मंडलों की ग्रामीण महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए आइएचएम रांची और पलाश, जेएसएलपीएस के साथ बुधवार को समझौता हुआ। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा राज्य के लिए अनुमोदित क्षेत्रीय कलस्टर विकास परियोजना के तहत पलाश आजीविका दीदी कैफे खाद्य खुदरा श्रृंखला और खानपान सेवाओं के कार्यान्वयन के लिए पलाश, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रीशन के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। आइएचएम के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार और राज्य सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव सह मुख्य परिचालन अधिकारी अवध नारायण प्रसाद ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

### चौथे स्टेज में पहुंचे कैंसर पीड़ित ने की मदद की अपील

रांची (आजाद सिपाही)। मुंह के कैंसर से पीड़ित शैलेंद्र कुमार सिंह ने मदद की अपील की है। जून 2024 में ही मुंह में कैंसर होने की पुष्टि जांच रिपोर्ट से हुई। डॉक्टरों के अनुसार ऑपरेशन में करीब 15 लाख रुपये खर्च होने की बात बतायी गयी है। ऐसे में पुत्र मनीष कुमार ने पिता के चौथे स्टेज में पहुंचे कैंसर के इलाज के लिए मदद की गुहार लगायी है। मदद के लिए इच्छुक व्यक्ति बैंक : आरबीएल बैंक, खाता नंबर: 2223330032720105। खाता नाम: शैलेंद्र कुमार सिंह। आइएफएससी कोड: RATN0VAAPIS पर की जा सकती है।

### विकास कार्य जुलाई तक, परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ट्रेनें

रांची (आजाद सिपाही)। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से निमार्ण कार्य किया जा रहा है। ऐसे में रांची से चलने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलेंगी। इस संबंध में उत्तर मध्य रेलवे की ओर से जानकारी दी गयी है। बताया गया है कि ट्रेन संख्या 18609 रांची लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 12 जून से 24 जुलाई तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पंडित दीन दयाल उपाध्याय, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर होकर चलेगी। लोकमान्य तिलक टर्मिनस रांची एक्सप्रेस 14 जून से 19 जुलाई तक अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय होकर चलेगी। मार्ग परिवर्तन के कारण ट्रेन का प्रयागराज स्टेशन के स्थान पर प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर आगमन चार बजे और प्रस्थान इसके दो मिनट बाद होगा।

### गुमला विधायक समेत छह के खिलाफ आरोप गठन एक जुलाई को

रांची (आजाद सिपाही)। गुमला विधायक भूषण तिर्की समेत छह आरोपियों की मुश्किलें बढ़ेंगी। इनके आरोप गठन पर एमपी-एमएलए की अदालत 1 जुलाई को सुनवाई करेगी। इनके खिलाफ आरोप गठन होना है, उनमें भूषण तिर्की के अलावा फ्लोरा मिंज, शीला टोप्पो, शांति मारग्रेट बाड़ा, पुष्पा किस्पोट्टा, रंजीत सरदार शामिल है। बता दें कि यह मामला मारपीट करने और सरकारी कार्य में बाधा डालने से जुड़ा है। पूर्व में एमपी- एमएलए कोर्ट ने भूषण तिर्की और अन्य आरोपियों की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी थी। घटना को लेकर गुमला थाना में भूषण तिर्की के साथ फ्लोरा मिंज, शीला टोप्पो, शांति मारग्रेट बाड़ा, पुष्पा किस्पोट्टा, रंजीत सरदार के खिलाफ साल 2016 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# सावधान! एटीएम में लिखा नंबर बैंक का नहीं, साइबर अपराधियों का है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के विभिन्न बैंकों के एटीएम में जो नंबर लिखा है, वह किसी बैंक के अधिकारी का नहीं, बल्कि साइबर अपराधियों का है। कभी-कभी पैसा निकालने के क्रम में कार्ड एटीएम के अंदर फंस जाता है या फिर पैसा नहीं निकलता, वैसी स्थिति में ग्राहक एटीएम के अंदर लिखे नंबर को टोल फ्री समझ कर रिंग करते हैं। वह नंबर साइबर अपराधियों का होता है। अपराधी कुछ ही सेकेंड में पूरा अकाउंट खाली कर देते हैं।

**क्या है मामला**

**अभिषेक कुमार पाठक 12 जून को पैसा निकालने केनरा बैंक के एटीएम में गये। एटीएम मशीन में एटीएम कार्ड फंस गया। एटीएम के अंदर एक हेल्प लाइन नंबर 9667262947 लिखा हुआ था। उस नंबर पर अभिषेक ने कॉल किया। फोन उठाने वाले ने उन्हें बताया कि आप एटीएम कार्ड वहीं छोड़ दें। 1.30 बजे तक आपको एटीएम वहीं से मिल जायेगा। वह उनसे कुछ प्रोसेस करने के लिए कहा। उनके अकाउंट में 32100 रुपये थे। इसमें से तीन बार में 32 हजार रुपये की निकासी कर ली गयी। उन्होंने सदर थाना पुलिस से साइबर अपराधी को गिरफ्तार करने का अनुरोध किया।**

कोकर चौक के निवासी अभिषेक कुमार पाठक इसके शिकार हुए और उनके अकाउंट से 32 हजार रुपये की निकासी हो गयी। सदर थाना में इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

### बिना सिलेबस बच्चों को दी जा रही कंप्यूटर शिक्षा

# स्कूल चलें हम, लेकिन पढ़ें कैसे ?

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार स्कूल चलें हम का नारा लगा रही है, लेकिन आलम यह है कि कंप्यूटर शिक्षा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। झारखंड के 3246 स्कूलों में कंप्यूटर की पढ़ाई कराने की जिम्मेदारी निजी कंपनियों को दी गयी है। इस परियोजना के संचालन की जिम्मेवारी झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की है। जानकारी के अनुसार 2018 से सरकारी स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा को चरणबद्ध तरीके से देने की शुरुआत की गयी थी, लेकिन पांच साल बीत जाने के बाद भी इसका सिलेबस तैयार नहीं किया गया। 2023-24 में 1821 स्कूलों में नया लैब स्थापित किया गया है।



सत्र 2023-24 में स्वीकृत 1821 में से 1274 प्राथमिक विद्यालय और 43 माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं। इसके अलावा 2022.23 के लिए प्रारंभिक स्कूलो में स्वीकृत 221 और 283 माध्यमिक स्कूलों में लैब स्थापित की गयी। जिन स्कूलों में आइसीटी लैब बनाये गयी हैं। वहां इंटरनेट की सुविधा भी बहाल करनी थी। वर्तमान में राज्यभर में 35,443 स्कूलों में से 2,976 स्कूल इंटरनेट कनेक्टिविटी से लैस हैं। जानकारी के मुताबिक राज्य में आइसीटी लैब का संचालन करने वाली कंपनियों में बीसीसीएल, एकस्टर मार्स, मिलेनियम, हिताची, एमजीआरएम, स्कूल नेट इंडिया लिमिटेड और टीसीआइएल जैसी नामी कंपनीयां हैं। लेकिन बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है। कंप्यूटर की शिक्षा देने वाली कंपनियों को स्कूलों में आइसीटी लैब की स्थापना और बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना कंपनियों को एक मोटी रकम दे रही है। इसके बाद भी बिना सिलेबस के ही बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने के नाम पर सालों से खानापूर्ति की जा रही है। 2023-24 तक कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों का मूल्यांकन नहीं किया गया।

# शहरी विकास की गाड़ी अब पकड़ेगी रफ्तार

### निगम ने जारी किये टेंडर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आचार संहिता खत्म होने के बाद अब शहरी विकास की गाड़ी रफ्तार पकड़ेगी। नगर निगम ने विभिन्न कंस्ट्रक्शन कार्य के लिए टेंडर जारी किया है। इसके तहत वेबसाइट पर पब्लिकेशन 29 जून को होगा। वहीं 29 जून से 12 जुलाई शाम पांच बजे तक इसके लिए ऑनलाइन बिड किया जा सकता है। वहीं 13 जुलाई को बिड खोला जायेगा और सबसे कम बिड करने वाले को काम सौंपा जायेगा। अनंतपुर रोड नंबर पांच में आरसीसी ड्रेन के कंस्ट्रक्शन का काम होगा। वहीं दूसरी ओर बड़ा नाला के आरसीसी स्लैब बनाने, दीपज ऑयल चौक के पास आसीसी ड्रेन, खादगढ़ा-मधुकम के पास आसीसी ड्रेन, दीपाटोली के पास पीसीसी रोड के रेनोवेशन, कडरू बस्ती के पास पीसीसी रोड, अलकापुरी के पास आसीसी स्लैब, बिटुमिनस कंक्रीट से नेपाल हाउस स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में रोड सुधारने के काम में तेजी आयेगी। साथ ही रहमत कॉलोनी में आरसीसी ड्रेन बनाने, कंस्ट्रक्शन ऑफ पीसी रोड इन रहमत कॉलोनी, भुइया टोली में ड्रेन का काम, अटल क्लीनिक के पास आरसीसी ड्रेन बनाने, वीर कुवर सिंह कॉलोनी में पीसीसी रोड के निर्माण काम के लिए टेंडर निकाला गया है। दूसरी ओर एदलहातू रोड नंबर दो में पीसीसी रोड, आरसीसी ड्रेन का भी काम होगा।

# भू-माफियाओं पर अंकुश नहीं लगा, तो रांची से विलुप्त हो जायेंगे आदिवासी: बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि वैसे तो पूरे झारखंड में आदिवासी जमीन की लूट मची है और इसमें हर नियम-कानून के साथ ही सीएनटी और एसपीटी एक्ट की धज्जियां उड़ायी जा रही हैं, लेकिन राजधानी रांची में स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। आदिवासी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री में अनेक पुलिस पदाधिकारियों, नेताओं, अपराधियों और माफिया तत्वों की भी संलिप्तता है। यदि उन पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो राजधानी रांची से आदिवासी ही विलुप्त हो जायेंगे। श्री तिर्की ने कहा कि राजधानी रांची में बेहद सक्रिय जमीन दलालों की सूची बनाकर उनके ऊपर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। जरूरत पड़े तो उन्हें जिला बदर करते हुए कठोर



कार्रवाई की जानी चाहिए, जिससे जमीन लूट को बंद करने की सुनिश्चितता हो। श्री तिर्की ने कहा कि यह बेहद आश्चर्यजनक बात है कि एक ओर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के द्वारा आदिवासी जमीन को लूट से बचाने के लिए शीर्ष स्तर पर अनेक बैठकें की जा रही हैं और उनके द्वारा दिशा-निर्देश भी दिया जा रहा है। वास्तविकता यह है कि जमीनी स्तर पर उन निर्देशों का ना तो कोई अनुपालन हो रहा है और ना ही इस मामले में प्रशासनिक स्तर पर संबंधित पदाधिकारी ही गंभीर हैं। श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासी जमीन की लूट के मामले में सरकार को सभी मामलों को संज्ञान में लेने और आदिवासियों को न्याय दिलाने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है। पुलिस पदाधिकारियों ने फर्जी डीड बनवा कर आदिवासी जमीन को अपने नाम करवा लिया है। जमीन की अवैध खरीद-बिक्री के संदर्भ में जो भी मामले सामने आते हैं, उसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और जो लोग भी इसमें शामिल हैं, उनके ऊपर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर कहा कि सरकार से अपेक्षा है कि आदिवासी जमीन के अवैध धंधे में संलिप्त जमीन दलालों की सूची बना कर अविलंब कार्रवाई की जाये।

# सरकारी जमीन पर कब्जा करने में हेमंत की मदद कर रहे थे भानु प्रताप : इडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लैंड स्कैम केस के आरोपी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत में हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की थी, जिसके बाद बुधवार को इडी की ओर से बहस की गयी। इडी की ओर से बहस के दौरान कहा गया कि हेमंत सोरेन का जुड़ाव उन सबूतों से है, जो इडी की अलग-अलग छापेमारी में मिले हैं। बड़गाई अंचल के हल्का कर्मचारी भानू प्रताप के ठिकाने से दस्तावेजों से भरा हुआ जो ट्रंक बरामद हुआ था, उसमें कई ऐसे कागजात मिले थे, जो भूमि घोटाला से ही संबंधित थे। विनोद सिंह के मोबाइल से जो चैट और नक्शा बरामद हुआ था, उसके मुताबिक 8:86 एकड़ भूमि पर बैंकवेट हॉल बनाये जाने की तैयारी थी। हेलेरियस कच्छप को इस भूमि की देखरेख के लिए हेमंत सोरेन ने ही रखा था। भूमि पर हेमंत सोरेन का कब्जा था। तत्कालीन सीओ मनोज कुमार ने अपने बयान में कहा था कि अभिषेक प्रसाद पिंटू और सीएमओ में कार्यरत उदय शंकर के कहने पर उन्होंने हल्का कर्मी भानू प्रताप को इस भूमि का सर्वे करने का निर्देश दिया था। वहीं अभिषेक प्रसाद ने अपने बयान में कहा है कि उन्होंने उक्त भूमि को लेकर जो भी निर्देश दिये, वह हेमंत सोरेन के कहने पर ही दिये। इडी की ओर से कहा गया कि बचाव पक्ष ने सबूतों पर जो सवाल खड़े किये हैं, वो पूरी तरह से बेबुनियाद हैं, क्योंकि राज्य सरकार के कर्मचारियों की मौजूदगी में सभी सबूतों को सील किया गया है और जब्ती सूची पर सबके हस्ताक्षर हैं। इडी की बहस सुनने के बाद अदालत ने हेमंत सोरेन के अधिवक्ता को लिखित बहस जमा करने का निर्देश दिया है। इडी की बहस गुरुवार को भी जारी रहेगी। हेमंत सोरेन की ओर से बुधवार को हाईकोर्ट में सुप्रीम कोर्ट की वरीय अधिवक्ता मीनाक्षी अरोड़ा, हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और प्रदीप चंद्रा मौजूद रहे। ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता एस वी राजू ने बहस की। हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की कोर्ट में सुनवाई हुई। बता दें कि हेमंत सोरेन को इस्तीफा देने के बाद मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं इसी केस में अफसर अली, जेएमएम नेता अंतू तिर्की, प्रियरंजन सहाय, विपिन सिंह और इरशाद समेत अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हो चुकी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 जून, 2024
www.azadsipahi.in


## सकारात्मक बदलाव की प्रतिबद्धता के साथ राज्य सरकार बढ़ रही

# समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रहीं योजनाएं: चंपाई

- राज्य के आधारभूत संरचना को मजबूत करने के साथ जनहित से जुड़ी चल रहीं कई योजनाएं
- राज्य की दशा और दिशा तय करने में अधिकारियों का अहम रोल
- योजनाएं टाइमलाइन में पूरी हों, अधिकारी इसका रखें विशेष ध्यान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रतिबद्धता के साथ सरकार आगे बढ़ रही है। यह राज्य विकास के रास्ते पर कैसे आगे बढ़े। समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को कैसे सरकार की योजनाओं से जोड़ा जाये, इसमें सभी का अहम रोल है। मुख्यमंत्री विभागों के प्रधान सचिव-सचिव की उपस्थिति में सभी जिलों के उपायुक्त के साथ विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि दो दिनों तक चली इस बैठक में विभिन्न योजनाओं को लेकर विस्तार से जानने-समझने का मौका मिला। विश्वास है कि इस बैठक के सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिनों तक चली इस बैठक में कानून और व्यवस्था से लेकर विकास योजनाओं और उसकी प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। इसमें योजनाओं के क्रियान्वयन में क्या समस्याएं आ रही हैं। उन समस्याओं का क्या समाधान हो। योजनाएं कैसे धरातल पर उतरें। लोगों को इसका लाभ किस तरह मिले। इस पर रणनीति बनाने का कार्य हुआ। मुझे पूरा यकीन है कि इस बैठक के बाद राज्य और राज्य की जनता के हित में अधिकारी अपना शत-प्रतिशत योगदान सुनिश्चित कर विकास को नया आयाम देंगे।

### किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। योजनाओं का लाभ देने में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंचे, इस दिशा में पूरी ताकत के साथ काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनहित में कई योजनाएं शुरू होंगी। ऐसे में सभी योजनाओं की टाइमलाइन तय की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ग और तबके के हित में सरकार की योजनाएं चल रही हैं।

### जनता की उम्मीदों को पूरा करना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार से राज्य की जनता को काफी उम्मीदें हैं। जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में हमें अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभाना है। लोगों को उनका हक और अधिकार पूरे सम्मान के साथ देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इसमें आप सभी का योगदान काफी मायने रखता है। **इनकी रही मौजूदगी :** मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल, मिथिलेश कुमार ठाकुर, दीपक बिरुआ, हफीजुल हसन, मुख्य सचिव एल ख्यांगते, विकास आयुक्त अविनाश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
कटक-753 006 (ओडिशा), भारत
Cuttack -753 006, (Odisha), India

विज्ञापन संख्या 11/पीए-I/2024-25

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, केंद्रीय वर्षा श्रित उपराऊ भूमि चावल अनुसंधान केंद्र, हजारीबाग, झारखंड में **नई जीनोमिक उपाय के माध्यम से धान की फसल में उभरती रोगों और कीटों की सम स्यासेनिपटना (ईएपी-403)** परियोजना के लिए **एक (01) प्रोजेक्ट असोसिएट-I** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षातकार दिनांक क्रमश: **28.06.2024** को आयोजित किया जाएगा । आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं ।

Walk-in-Interviews will be held on **28.06.2024** for selection of **one (01) Project Associate-I (PA-I)** at the ICAR-NRRI-CRURRS, Hazaribagh, Jharkhand in the scheme **"Tackling emerging diseases and insect pests problem in rice through innovative genomic approaches" (EAP-403)**. The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website - **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक/PRINCIPAL INVESTIGATOR

# हीट वेव अभी नहीं होगा बीट

- पलामू-गढ़वा, सरायकेला के तापमान में 15 जून तक कमी संभव नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोगों का गर्मी से हाल बेहाल है। सुबह आठ बजे के बाद से ही घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। जहां एक ओर लोगों को बारिश का इंतजार है, वहीं दूसरी ओर मौसम विज्ञान केंद्र ने 15 जून के पहले किसी तरह की राहत की जानकारी नहीं दी है। केंद्र की मानें तो राज्य में 15 जून तक हीट वेव का असर देखा जायेगा। इसको लेकर राज्य भर में पहले ही रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है।

बुधवार सुबह दस बजे के आंकड़े जारी करते हुए मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज को छोड़ सभी जिलों में तापमान 41 डिग्री से ऊपर रहा। इन जिलों के लिए 14 जून तक का अलर्ट जारी है। हालांकि 14 जून से राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की जानकारी दी गयी है। इसमें राज्य के उत्तर पूर्वी, मध्य और दक्षिणी हिस्से में बारिश की जानकारी दी गयी है। वहीं, 13 जून तक भीषण हीट वेव की जानकारी दी गयी है। बता दें, हीट वेव का सबसे अधिक प्रभाव पलामू, चतरा, गढ़वा, सरायकेला, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम जिलों में देखा जायेगा। केंद्र ने हीट वेव से बचाव के लिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। बुधवार को जारी तापमान सूची की मानें तो सबसे अधिक तापमान गढ़वा, सरायकेला और डाल्टेनगंज का 45 डिग्री दर्ज किया गया। रामगढ़, गिरिडीह, पश्चिमी और पूर्वी सिंहभूम, बोकारो का तापमान 43 डिग्री तक दर्ज किया गया। लातेहार, चतरा, खूंटी, धनबाद का तापमान 42 डिग्री, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, हजारीबाग, देवघर, रांची का तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, भीषण गर्मी के दौरान जामताड़ा, साहिबगंज, पाकुड़ का तापमान 39 से 36 डिग्री तक दर्ज किया गया। राजधानी रांची की बात करें तो 13 जून के बाद से मौसम में बदलाव की जानकारी दी गयी है। इस दौरान आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है, लेकिन इसके साथ ही दोपहर के पहले लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। हालांकि 15 जून तक राजधानी समेत आस पास के हिस्सों में दोपहर बाद बूंदा बांदी की संभावना व्यक्त की गयी है। हीट वेव के कारण राज्य के सभी स्कूलों में 15 जून तक की छुट्टी दे दी गयी है।

# रांची झील दूषित, सफाई की उठी मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झील बचाओ अभियान समिति के संरक्षक राजीव रंजन मिश्रा ने जिला प्रशासन-नगर निगम से रांची झील की साफ-सफाई की मांग की। श्री मिश्रा ने बताया कि रांची झील का पानी दूषित होने के कारण सड़ गया है। बदबू दे रहा है, जिससे आस पड़ोस के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। श्री मिश्रा ने बताया कि रांची झील के दूषित पानी को सैंपल समिति के द्वारा उच्च न्यायालय को भी दिया जायेगा। रांची झील के दूषित पानी के कारण आसपास के क्षेत्रों में मलेरिया, डेंगू सहित अन्य बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है, जिसके कारण आसपास के क्षेत्रों में महामारी भी फैल सकती है।

श्री मिश्रा ने बताया कि समिति के द्वारा लगातार पिछले कई सालों से रांची झील की सफाई की मांग को लेकर सत्याग्रह भी किया जा चुका है, परंतु आज तक झील की सफाई नहीं हो सकी है।

# विनोद साहू के ब्राह्मण भोज में शामिल हुए वीरेंद्र साहू



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता वीरेंद्र साहू ने बताया कि सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बासारूली गांव के रहने वाले विनोद प्रसाद साहू की 29 मई को सड़क हादसे में मौत हो गयी थी। वह भाजपा के सिल्ली मंडल अध्यक्ष थे। बताया कि 11 जून को ब्राह्मण भोज में शामिल होने के लिए काफी संख्या में लोग जुटे। प्रदेश शौंडिक संघ के संरक्षक कुमुद प्रसाद साहू, रमन साहू, अजीत साहू, हरेंद्र प्रसाद साहू, अमित साहू, प्रदीप कुमार, उपेंद्र साहू समेत अन्य ने शामिल होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही कहा कि उनके बेटे की पढ़ाई में होनेवाली परेशानी को दूर करने के लिए, शिष्टमंडल रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मिलेगा।

# छात्रवृत्ति के लिए इ-पोर्टल 20 मार्च 2025 तक बढ़ाने के लिए मंत्री का आभार: जेसीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छात्रवृत्ति फॉर्म भरने की तिथि को लेकर हमेशा छात्रों में समस्या रहती है। जिसे देखते हुए एसटी, एससी, ओबीसी कल्याण मंत्री झारखंड दीपक बिरुआ ने इसके समय को 20 मार्च 2025 तक बढ़ाने का आदेश दे दिया है। अब कोई भी छात्र छात्रवृत्ति फॉर्म भरने से वंचित नहीं रहेगा। झारखंड छात्र मोर्चा इस कार्य के लिए मंत्री का धन्यवाद व आभार प्रकट करता है। झारखंड छात्र मोर्चा के अध्यक्ष अमन तिवारी ने कहा कि सरकार चाहती है हर जरूरतमंद छात्र को छात्रवृत्ति अवश्य मिले ताकि उच्च शिक्षा जारी रखने में छात्र-छात्राओं को सहयोग मिल सके। गौरतलब है कि छात्र मोर्चा ने तिथि बढ़ाने को लेकर मंत्री से पूर्व में भी ज्ञापन सौंप कर तिथि बढ़वायी थी। छात्र मोर्चा के सचिव असद फेराज टिंकू ने कहा कि आरक्षित वर्ग का एक बड़ा हिस्सा राज्य के विभिन्न संस्थान में पढ़ाई करते हैं। जिनका किसी न किसी कारण छात्रवृत्ति फॉर्म भरना छूट जाता था। इसको देखते हुए कल्याण मंत्री दीपक बिरुवा का कदम सराहनीय है। मौके पर मनीष राणा, भास्कर महतो, अतिकुर रहमान, अमन ठाकुर, बीरबल प्रजापति, कासिफ रजा आदि लोग उपस्थित रहे।



# पतंजलि ग्रामोद्योग न्यास का राष्ट्रीय डेयरी सेमिनार आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पतंजलि ग्रामोद्योग न्यास आंचलिक कार्यालय का गुरुवार को डंगरा टोली स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट में पतंजलि द्वारा राष्ट्रीय डेयरी सेमिनार का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस सेमिनार में पतंजलि द्वारा प्रारंभ किये जा रहे प्रीमियम ग्रेड के पशु आहार आस्था, संस्कार और स्वर्णप्रभा का प्रथम शुभारंभ होगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर का होगा। इस सेमिनार में गौ पालक, पशु आहार वितरक व इस उद्योग से जुड़े वैज्ञानिक और बुद्धिजीवी भाग लेंगे। ज्यादातर लोग झारखंड, ओड़िशा और पश्चिम बंगाल से होंगे। इस सेमिनार में भारत के पंद्रह राज्यों से पशु आहार निर्माता, गौ पालन से जुड़े वैज्ञानिक तथा पतंजलि ग्रामोद्योग न्यास के तहत भारत वर्ष में कार्यरत अधिकारी और कर्मचारी सम्मिलित होंगे। उपयुक्त कार्यक्रम पतंजलि ग्रामोद्योग न्यास के महामंत्री डॉ यशदेव शास्त्री के अध्यक्षता में आयोजित होगी।



# गिरफ्तारी की मांग को लेकर कोतवाली थाना का घेराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी रांची में फायरिंग का आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। फायरिंग के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को पुरानी रांची के लोगों ने कोतवाली थाना का घेराव किया। साथ ही नारेबाजी भी की। लोगों ने पुलिस से पूछा कि आज तक आरोपितों की गिरफ्तारी क्यों नहीं हो पायी है। लोगों ने कहा है कि आरोपितों को गिरफ्तारी नहीं हुई, तो रोड जाम किया जायेगा। मौके पर आदिवासी नेता प्रवीण कच्छप ने कहा कि जब से झारखंड अलग राज्य बना है। तब से जमीन पर बाहरी नजर बनाये हुए हैं। कुछ आदिवासियों को मोहरा बनाकर धार्मिक जमीन को लूटने का काम कर रहे हैं।

सरना महासभा के महासचिव सोनू खलखो ने कहा कि एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद अब तक आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस पर संदेह हो रहा है। पुलिस किसके इशारे पर काम कर रही है। सभी लोगों ने आरोपित को गिरफ्तार करने और बिल्डर-जमीन दलाल पर कार्रवाई करने को लेकर डीएसपी को ज्ञापन सौंपा। बता दें कि पुरानी रांची के अखरा चौक में बीते पांच जून की देर रात दो गुटों के बीच जमकर मारपीट और गोलीबारी हुई थी। अचानक ताबड़तोड़ गोलियों की फायरिंग से मुकुल खलखो के मुंह में गोली लग गयी, जिससे वह जख्मी हो गया।

# केंद्र सरकार ठोस कदम उठाये: मिलिंद





- विहिप ने कश्मीर में वैष्णो देवी जा रही बस पर आतंकी हमले को बताया कायराना कृत्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री मिलिंद परांडे ने बुधवार को बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिंदू श्रद्धालुओं की बस पर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों ने कायराना हमला किया। इसमें 10 निर्दोष तीर्थयात्री मारे गये। यह संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है। इससे पूरा देश आहत है। सबों में तीव्र आक्रोश है। पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिह्नित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं। इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। केंद्र सरकार की शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए केंद्र सरकार को निर्णायक और कठोर कदम उठाना चाहिए। इस संदर्भ में सभी ज़िला आयुक्त को भी पत्र दिया जा रहा है, जिसके मध्यम से राष्ट्रपति को आग्रह किया जायेगा। इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आंतरिक और विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो, ऐसा केंद्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह होगा। इस घटना के विरोध में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। सभी जगह पुतला फूंका जायेगा। मौके पर चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख प्रकाश रंजन, प्रांत सदस्य अमरनाथ ठाकुर भी उपस्थित रहे।

### बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक

**रांची।** बकरीद के त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक बुधवार को थाना प्रभारी दयानंद कुमार की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि अमन शांति के साथ त्योहार को मनायें, वेस्टेज आइटम को नगर निगम की गाड़ी में डालें और दूसरे के भावनाओं का ख्याल रखें। सभी लोग समाज में मिलजुल कर आपसी प्रेम के साथ त्योहार को मनायें। किसी को तकलीफ नहीं होने दें। रांची नगर निगम अपनी जिम्मेवारी को निभायेंगे और शांति समिति के सदस्यों से भी अनुरोध है कि अपनी जिम्मेदारी को निभाएं, मोहल्ले की साफ सफाई रखें, शांति समिति के सदस्यों ने अपने अच्छे विचार का आदान-प्रदान किया। मौके पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, सेंट्रल मुहर्रम कमेटी के महासचिव अकीलुर्रहमान, मो इस्लाम, कर्बला टैंक रोड दुकानदार समिति के हाजी माशूक, मुजीब कुरैशी, मो निसार, हाजी मो निसार, अंजुमन इस्लामिया के मो बबलू, अब्दुल खालिक, मो शकील, टूडू कुमार, सनी कुमार साहू, हाजी फिरोज, वीरेंद्र कुमार, निगम के मो नसीम, आलोक कुमार, बंटी, गणेश आदि शामिल थे।

# नशा छोड़ जिंदगी से जोड़ो नाता

- मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान में सीआइपी-रिनपास से ठीक हुए व्यक्तियों का तैयार होगा वीडियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान संचालन में सीआइपी और रिनपास की सहायता ली जायेगीण राज्य सरकार ने इन दोनों संस्थान से मादक पदार्थों के एडिक्शन से ठीक हुए व्यक्तियों का इंटरव्यू कराके एक वीडियो तैयार करने का निर्देश दिया है। इस वीडियो को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है, सभी संबंधित विभागों और उपायुक्तों को डिटेल्स उपलब्ध भी करा दिया गया है। इस वीडियो का उपयोग मादक पदार्थ के एडिक्शन मुक्त होने के संबंध में सक्सेस स्टोरी के रूप में प्रचार किया जायेगा।

**सोशल मीडिया-यू ट्यूब से भी प्रचार :** मादक पदार्थ अफीम, चरस, गांजा, तंबाकू इत्यादि के उपयोग से हो रहे नुकसान की जानकारी सोशल मीडिया, यू-ट्यूब चैनल इत्यादि से किया जायेगा। गृह सचिव ने सूचना और जनसंपर्क विभाग को इसके लिए रील इत्यादि तैयार करने को कहा है ताकि मादक पदार्थ के खिलाफ शुरू किये जाने वाले अभियान को गति दिया जा सके। बता दें कि 19 जून से 26 जून तक मादक पदार्थ के विरुद्ध अभियान प्रारंभ होने वाला है।

### सभी डीसी को निर्देश

मादक पदार्थों के उत्पादनए बिक्री और सेवन की रोकथाम के लिए राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभी जिला के उपायुक्त को विशेष रूप से निर्देश दिया है। सीएम ने इस पर त्वरित कड़ी कार्रवाई भी करने को कहा है। वहीं, स्कूल-कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले दुकानदारों को हटाने और कड़ी कार्रवाई का भी निर्देश दिया गया है।

# जुलाई में लालपुर-कोकर मार्ग के फुटपाथ विक्रेताओं को मिलेगी दुकानें

**रांची (आजाद सिपाही)।** लालपुर-कोकर मार्ग के सब्जी विक्रेताओं के लिए डिस्टिलरी पुल के पास बनाये जा रहे वेजीटेबल मार्केट का काम लगभग पूरा हो चुका है। जून के आखिरी हफ्ते तक मार्केट बनकर तैयार हो जायेगा और जुलाई में विक्रेताओं को यहां शिफ्ट कर दिया जायेगा। मार्केट की क्षमता कुल 120 विक्रेताओं की है। हालांकि निगम के अनुसार, 273 सब्जी विक्रेताओं ने मार्केट में जगह के लिए आवेदन दिया। जिनमें 120 विक्रेताओं ने 2016 में हुए पहले सर्वे में मार्केट में स्थान के लिए नाम दर्ज करवाया था। वहीं 153 विक्रेता ऐसे हैं, जिन्होंने निगम को आवेदन दिया था कि वे लोग वर्षों से बाजार में दुकान लगा रहे हैं। हालांकि मार्केट की क्षमता 120 विक्रेताओं की होने से इलाके को जाम से मुक्ति नहीं मिलेगी, पर जाम की समस्या से कुछ हद तक राहत मिल सकती है।

### कुल 681 विक्रेताओं ने कराया था रजिस्ट्रेशन

मार्केट में दुकान के लिए नॉन वेज, फल व सब्जी विक्रेता मिलाकर कुल 681 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इनमें 74 नॉन वेज विक्रेताओं के मार्केट के ग्राउंड फ्लोर में पहले ही जगह मिल चुकी है। वहीं 120 सब्जी विक्रेताओं को पहले फ्लोर पर दुकान दिया जाना है।

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार, मैं खदिया भगत, पिता बनवारी भगत, पता ग्राम चिपो गड़टोली थाना लोहरदगा, जिला लोहरदगा, झारखंड का निवासी हूं। मैं सेना में कार्यरत हूं और मेरा सेना नंबर 15783870M है। मेरी पत्नी का नाम अंजू कुमारी के रूप में मेरी सेवा पुस्तिका में दर्ज है। जबकी आधार कार्ड नंबर 320001418151 में अंजू कुमारी खाखा है, दोनों एक ही व्यक्ति है। मेरी पत्नी का सही नाम अंजू कुमारी खाखा है। दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को शपथ पत्र क्रमांक 109153 संपादित किया गया।

# नयी सरकार का विकास पर रहे फोकस

एनडीए सरकार के मुखिया के तौर पर रविवार को नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गये। उनके इस तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की नजरें टिकी हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि मोदी सरकार 3.0 का एजेंडा पिछली सरकारों से कितना अलग होगा।

**निर्भरता से उपजी मजबूरी:** सवाल के पीछे सबसे बड़ी वजह यही है कि इस बार सरकार सहयोगी दलों के समर्थन पर निर्भर है। ऐसे में जिस तरह की स्वतंत्रता के साथ प्रधानमंत्री अपने और अपनी पार्टी के एजेंडे को लागू करते रहे हैं, वैसी आजादी शायद इस बार न मिले। वन नेशन, वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर इस राजनीतिक मजबूरी की विशेष छाप देखने को मिल सकती है।

**विकास की रफ्तार:** जहां तक रोजाना के कामकाज और आर्थिक विकास की रफ्तार की बात है तो उस मोर्चे पर नयी सरकार के लिए कोई बड़ी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। राजनीति की लंबी पारी ने पीएम मोदी को दृढ़ता के साथ ही लचीलेपन का भी पाठ पढ़ाया है। कोई कारण नहीं कि राजनीतिक विरोधियों को साथ लेने में दिखाया गया लचीलापन सहयोगियों को बनाये रखने में काम नहीं आयेगा। दूसरी बात यह कि चाहे चंद्रबाबू नायडू हों या नीतीश कुमार, दोनों विकास की राजनीति का चेहरा रहे हैं।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प से बंधे हैं। ऐसे में मौजूदा जनादेश की सबसे उपयुक्त व्याख्या यही हो सकती है कि कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाये रखते हुए सरकार विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करें।**

**दस साल की यात्रा:** दस साल पहले के मुकाबले आज देश विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़ा है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जीडीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नयी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

**दो बड़ी चुनौतियां:** इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं, जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन (आइएलओ) की इंडिया एंप्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80% बेरोजगार युवा हैं। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

**विकसित देश का संकल्प:** बहरहाल, खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प से बंधे हैं। ऐसे में मौजूदा जनादेश की सबसे उपयुक्त व्याख्या यही हो सकती है कि कथित तौर पर बांटने वाले राजनीतिक मुद्दों से दूरी बनाए रखते हुए सरकार विकास के एजेंडे पर पूरा ध्यान केंद्रित करे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**वीर सावरकर लिखते हैं कि बंदा बैरागी मूलत: एक वैष्णव संत थे। उन्हें गुरु गोविंद सिंह जी से पता चला कि किस प्रकार पंजाब में हिंदुओं और सिखों पर मुगल शासकों द्वारा अत्याचार किये जा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने मुगलों से बदला लेने की ठान ली। इस प्रकार इस बहादुर योद्धा ने मुगलों द्वारा अमानवीय तरीकों से हिंदुओं को प्रताड़ित किये जाने के विरुद्ध पंजाब की ओर अग्रसर हुए।**

# बंदा वीर बैरागी -लक्ष्मण देव से बंदा सिंह बहादुर का सफर

सुखदेव वशिष्ठ





**इतिहास** से शहीद बंदा बैरागी का नाम मिटाना असंभव है जिन्होंने मुगलों द्वारा हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का न केवल विरोध किया बल्कि उन पर सशस्त्र आक्रमण भी किया। वीर बंदा बैरागी के प्रशंसकों को इतिहासकारों से हमेशा यह शिकायत रही है कि उनको इतिहास में उपयुक्त स्थान नहीं दिया गया। हालांकि एक कुटिया से शुरू होकर महायोद्धा और राजा बनने तक का उनका सफर अद्भुत और निराला था। विभिन्न भाषाओं के विश्व प्रसिद्ध साहित्यकारों ने अपनी कविताओं द्वारा उनको भरपूर सम्मान और श्रद्धांजलि दी है । इन साहित्यकारों में तीन प्रमुख कवियों का नाम आता है-नोबेल पुरस्कार से सम्मानित राष्ट्रगान के रचयिता और बांग्ला भाषा के श्रेष्ठ साहित्यकार गुरुदेव रवींद्र नाथ टैगोर, स्वतंत्रता सेनानी और मराठी भाषा के साहित्यकार वीर सावरकर तथा राष्ट्रकवि के नाम से प्रसिद्ध हिंदी के कवि मैथिलीशरण गुप्त।

इस बारे में बंदा बैरागी पर गहन अध्ययन करने वाले भारत सरकार में अधिकारी डॉ. राजसिंह बताते हैं कि रवींद्र नाथ टैगोर ने बांग्ला भाषा में लिखी कविता बंदी बीर में बंदा बैरागी की कुर्बानी को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। वीर सावरकर की मराठी में लिखी कविता अमर मृत की विषयवस्तु भी गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की कविता जैसी ही है जिसमें उन्होंने इस महायोद्धा की वीरता, देशभक्ति और धर्म के प्रति निष्ठा का चित्रण किया है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने अपनी कविता ह्यवीर वैरागीह्न में माधव दास बैरागी (बंदा बैरागी) और गुरु गोविंद सिंह जी की वार्ता को अपनी कविता में शामिल किया है।

**सावरकर के साहित्य को पढ़कर लगता है कि वे बंदा बैरागी के जीवन से अत्यंत प्रभावित थे।**

बंदा बैरागी लक्ष्मण देव, माधवदास, वीर बंदा बैरागी और बंदा सिंह बहादुर के नाम से प्रसिद्ध रहे हैं। इस धर्म योद्धा ने सच्चाई, देशभक्ति, वीरता और त्याग के मार्ग पर चलते हुए नौ जून, 1716 को मानव उत्थान यज्ञ में अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस महायोद्धा की विजय यात्र सितंबर 1708 में गुरु गोविंद सिंह जी से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के नांदेड़ से शुरू हुई। उन्होंने 21 फरवरी, 1709 को सोनीपत (हरियाणा) के पास सेहरी खांडा नामक गांव में निंबार्क संप्रदाय और निमोर्ही अखाड़े के संत महंत किशोर दास जी के निमोर्ही अखाड़ा मठ को अपना प्रथम सैनिक मुख्यालय बनाया। वहीं पर मात्र आठ महीने की अवधि में अपनी सेना का गठन कर लिया। दो नवंबर, 1709 को उन्होंने इसी स्थान से सोनीपत स्थित मुगल ट्रेजरी पर हमला किया और अपनी सेना के खर्चो के लिए आद्वथक संसाधनों का प्रबंध किया। यहीं से बंदा बैरागी का प्रामाणिक एवं दस्तावेजों पर आधारित इतिहास आरंभ होता है। इससे पहले की उनकी जीवन गाथा जनश्रुति और इतिहासकारों के अनुमानों पर आधारित थी।

वीर सावरकर द्वारा बंदा बैरागी पर मराठी में लिखी हुई कविता अमर मृत ब्रिटिश इतिहासकार टोड द्वारा लिखी पुस्तक पर आधारित है। वीर सावरकर ने भारतीय इतिहास पर मराठी में लिखी गयी अपनी पुस्तक भारतीय इतिहासतील सहा सोनेरी पाने में भी बंदा बैरागी की वीरता का वर्णन करते हुए अपनी कविता अमर मृत का जिक्र किया है। इस पुस्तक में बंदा बैरागी के बारे में वे लिखते हैं कि हिंदू इतिहास से उस वीर शहीद का नाम कभी भी नहीं मिटाया जा सकता जिन्होंने मुगलों द्वारा हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों का न केवल विरोध किया, बल्कि उन पर सशस्त्र आक्रमण भी किया। वीर सावरकर लिखते हैं कि बंदा बैरागी मूलतः एक वैष्णव संत थे। उन्हें गुरु गोविंद सिंह जी से पता चला कि किस प्रकार पंजाब में हिंदुओं और सिखों पर मुगल शासकों द्वारा अत्याचार किए जा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने मुगलों से बदला लेने की ठान ली। इस प्रकार इस बहादुर योद्धा ने मुगलों द्वारा अमानवीय तरीकों से हिंदुओं को प्रताड़ित किए जाने के विरुद्ध पंजाब की ओर अग्रसर हुए । अपनी पुस्तक में सावरकर लिखते हैं कि तत्त खालसा के बैनर तले सिखों का एक बड़ा दल बंदा बैरागी की सेना से अलग हो गया, जिसके कारण उनकी सेना कमजोर पड़ गई। यदि ऐसा न हुआ होता तो युद्ध के परिणाम कुछ और होते। वीर सावरकर ने अंडमान की जेल में उनके द्वारा लिखी हुई बंदा बैरागी की कुबार्नी की कविता में उस घटना का वर्णन किया जब सात दिसंबर, 1715 को गुरदासपुर नंगल की गढ़ी में महीनों तक मुगल सेना का मुकाबला करते हुए खाद्य सामग्री के समाप्त हो जाने के बाद बंदा बहादुर और उनकी सेना को मुगल सेना द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। बंदा बैरागी को सर्कस के शेर वाले लोहे के पिंजरे में बंद करके लाहौर ले जाया गया। उन्हें करीब दो महीने तक लाहौर में ही रखा गया और फिर फरवरी 1709 में बंदा बैरागी को उनके 740 सैनिकों सहित लाहौर से दिल्ली तक लाया गया। सावरकर के साहित्य को पढ़कर लगता है कि वे बंदा बैरागी के जीवन से अत्यंत प्रभावित थे। वीर सावरकर आगे लिखते हैं कि बंदा बैरागी के रक्तरंजित इतिहास पर मुगल सल्तनत की गर्दन हमेशा शर्म से झुकी रहेगी। ऐसी घटना दुनिया में न पहले कभी हुई और न भविष्य में होगी। सावरकर ने बंदा बैरागी के लिए अनेक विशेषणों का प्रयोग किया है। उन्होंने बैरागी के लिए महावीर, दिव्यत्यागी, रणयोद्धा, प्रकांड देशभक्त, अलौकिक देशप्रेमी तथा कर्मयोगी जैसे शब्दों का प्रयोग किया है।

सिख रिसर्च इंस्टीट्यूट, टेक्साज के सह संस्थापक हरिंदर सिंह लिखते हैं, 38 वर्ष का होते होते हम बंदा सिंह बहादुर के जीवन की दो पराकाष्ठाओं को देखते हैं। गुरु गोबिंद सिंह से मुलाकात से पहले वो वैष्णव और शैव परंपराओं का पालन कर रहे थे।लेकिन उसके बाद उन्होंने सैनिक प्रशिक्षण, हथियारों और सेना के बिना 2500 किलोमीटर का सफर तय किया और 20 महीने के अंदर सरहिंद पर कब्जा कर खालसा राज की स्थापना की।

**बंदा सिंह बहादुर और गुरु गोबिंद सिंह से मुलाकात**

बंदा सिंह बहादुर का जन्म 27 अक्तूबर, 1670 को राजौरी में हुआ था। बहुत कम उम्र में वो घर छोड़ कर बैरागी हो गए और उन्हें माधोदास बैरागी के नाम से जाना जाने लगा।वह अपने घर से निकल गए और देश भ्रमण करते हुए महाराष्ट्र में नादेड़ पहुंचे जहां 1708 में उनकी मुलाकात सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह से हुई। गुरु गोबिंद सिंह ने उन्हें अपनी तपस्वी जीवन शैली त्यागने और पंजाब के लोगों को मुगलों से छुटकारा दिलाने का काम सौंपा। जेएस गरेवाल अपनी किताब 'सिख्स ऑफ पंजाब' में लिखते हैं, गुरु ने बंदा सिंह को एक तलवार, पांच तीर और तीन साथी दिए. साथ ही उन्होंने एक फरमान भी दिया जिसमें कहा गया था कि वो पंजाब में मुगलों के खिलाफ सिखों का नेतृत्व करें। गोपाल सिंह ने अपनी किताब गुरु गोबिंद सिंह में इसका और वर्णन करते हुए लिखा है, गुरु ने बंदा बहादुर को तीन साथियों के साथ पंजाब कूच करने का निर्देश दिया। उनसे कहा गया कि वो सरहिंद नगर पर जाकर कब्जा करें और अपने हाथों से वजीर खाँ को मृत्यु दंड दें।बाद में गुरु भी उनके पास पहुंच जाएंगे।

बंदा सिंह बहादुर पंजाब की तरफ निकल पड़े लेकिन कुछ दिन बाद ही जमशीद खाँ नाम के एक अफगान ने गुरु गोबिंद सिंह पर खुखरी से वार किया। गुरु गोबिंद सिंह कई दिनों तक ज़िदगी और मौत के बीच झूलते रहे।

राजमोहन गांधी अपनी किताब 'पंजाब अ हिस्ट्री फ़्रॉम औरंगजेब टु माउंटबेटन' में लिखते हैं, घायल होने और अपनी मृत्यु के बीच गुरु गोबिंद सिंह चाहते तो अपने पूर्ववर्तियों की तरह किसी व्यक्ति को अगला गुरु नामांकित कर सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।उन्होंने साफ घोषणा कि उनके बाद गुरु ग्रंथ साहब को सिखों के स्थाई गुरु का दर्जा दिया जायेगा।

## जमशेदपुर की खबरें

# जनता ही सर्वोपरि, समस्याओं का समाधान करना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य: विधायक मंगल कालिंदी

**जुगसलाई विधायक की पहल, परसुडीह क्षेत्र में सड़कें होंगी दुरुस्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड स्थित परसुडीह हलुदबनी नामोटोला क्षेत्र में जर्जर सड़क को लेकर स्थानीय लोग काफी परेशान है। स्थानीय लोगो ने विधायक मंगल कालिंदी से संपर्क कर क्षेत्र की समस्याओ से अवगत कराया। उन्होंने कहा बीते 15 साल से क्षेत्र में मुल भुत सुविधा से लोग वंचित हैं। पूर्व के कोई भी जनप्रतिनिधि जनता की विकास के लिए काम नही किया।बुधवार को विधायक मंगल कालिंदी ने स्थानीय लोगो की बात को संज्ञान में लेते हुए तत्काल आरईओ डिपार्मेंट के इंजीनियर से संपर्क कर क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक ने स्थानीय लोगो से मुलाकात कर क्षेत्र समस्याओ से अवगत हुए। विधायक ने जनता की समस्याओ का समाधान के लिए सड़क की नापी की। उन्होंने स्थानीय लोगों को आश्वासन देते हुए कहा जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के जनता ही सर्वोपरि है। जनता की समस्याओं को समाधान करना जनप्रतिनिधि का कर्तव्य बनता है। श्री कालिंदी ने कहा जल्द डीपीआर तैयार कर सड़क का निर्माण होगा। इस अवसर पर झामुमो नेता मानिक मलिक, जितेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, शमीर, नागेन्द्र सिंह, संजय सिंह, भरत सिंह गोलु, बाबु दा, रघु,नदु ,सुमित, गोरव, शंकर गगराई, सानु कालिंदी सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# एनसीसी के एडीजी मेजर जनरल बजाज से मिले घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य, किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाटशिला।** कॉलेज के प्राचार्य कैप्टन डॉ आर के चौधरी झारखंड एवं बिहार एनसीसी के संयुक्त निदेशालय के एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल अमनदीप सिंह बजाज से बुधवार को जमशेदपुर में मिले। जनरल बजाज 37 झारखंड बटालियन एनसीसी द्वारा एनआईटी, जमशेदपुर में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण करने आए थे। अपने इस भेंट के दौरान प्राचार्य डॉ चौधरी ने जनरल बजाज को झारखंड की संताल संस्कृति से जुड़ा धोती तथा भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर का मोमेंटो भेंट किया। इससे वे बहुत प्रभावित हुए। इस मौके पर प्राचार्य ने जनरल बजाज से ग्रामीण क्षेत्र के घाटशिला कॉलेज में एनसीसी यूनिट बढ़ाने की आवश्यकता को गंभीरता से बताया। इस मौके पर एनसीसी के एडीजी जनरल ए एस बजाज ने एनआईटी में आयोजित एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में शामिल कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी कैडेट को एक अच्छे नागरिक और देश प्रेम की भावना के साथ किसी भी काम को करना चाहिए। इस मौके पर एनसीसी के कमांडिंग अधिकारी कर्नल विनय अहुजा, डिप्टी कैंप कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव कुमार मिश्रा, करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज, केरला पब्लिक स्कूल के निदेशक शरद चंद्रन, सूबेदार मेजर केसर राणा, एनसीसी के अधिकारीगण, स्टाफ व 692 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

# समर्पण फाउंडेशन ने जादूगोड़ा में सबर बच्चों के बीच बांटी पाठ्य सामग्री



**जादूगोड़ा (आजाद सिपाही)।** सुंदरनगर स्थित समर्पण फाउंडेशन जादूगोड़ा के सबर बच्चों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आगे आया है। संस्था ने बुधवार को जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के झरिया गांव के खड़ियाकोचा के 26 सबर परिवारों के बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, बिस्कुट, चार्ट पेपर के साथ ही उनके परिजनों के बीच कपड़े व साडी का वितरण किया। इस मौके पर जादूगोड़ा की उप मुखिया माला गुप्ता ने सबर परिवारों को स्किल्ड शिक्षा के महत्व से अवगत कराया तथा उन्हें अपने हक के लिए पढ़ने के लिए प्रेरित किया। सामाजिक कार्यकर्ता विभूति जेना ने सबर बच्चों के माता-पिता को सभी बच्चों को स्कूल भेजने की नसीहत दी तथा कहा कि पढ़ाई की ताकत से ही जिंदगी सुधरेगी। उन्होंने सभी को समझाया कि हक पाने के लिए पढ़ना जरूरी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समर्पण फाउंडेशन की ओर से जादूगोड़ा की उप मुखिया माला गुप्ता, विभूति जेना, चंदन सिंह, सूरज, गौतम, मनीषा शर्मा, रंजू, श्रवण आदि ने अहम योगदान किया।

# झामुमो विधायक की अनुशंसा पर 15 करोड़ की लागत से पुलिया निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता



**बहरागोड़ा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा विधानसभा स्थित गुड़ाबांन्दा प्रखण्ड की जनता को विकास से जोड़ने के लिए विधायक समीर मोहंती ने पहल शुरू कर दी। विधायक के अनुसंखा पर बालिजुड़ी स्वर्णरेखा नदी घाट में 15 करोड़ 11 लाख 85 हजार 300 रुपये की लागत से पुल निर्माण कार्य का स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। बुधवार को कार्य स्थल पहुँचने पर स्थानीय ग्रामीणों ने विधायक समीर मोहंती को लड्डू खिलाकर बधाई की। मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन जिंदाबाद, विधायक समीर मोहंती जिंदाबाद का जमकर नारेवाजी की। ग्रामीणों ने कहा इससे पूर्व तिन-तिन विधायक, 10 वर्षो तक रहे सांसद लेकिन पुल नहीं बन सका। उन्होंने कहा झामुमो विधायक समीर कुमार मोहंती के कथक प्रयास से ही सरकारी योजना से पुलिया निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। यह जनता के लिए सरानीय पहल है। वही विधायक समीर मोहंती ने कहा बालिजुड़ी स्वर्णरेखा नदी घाट में बनने वाली 15 करोड़ 11 लाख 85 हजार 300 रुपये की लागत से पुल निर्माण कार्य को जल्द शुरू किया जायेगा। विधायक श्री महंती ने कहा गुड़ाबांन्दा प्रखण्ड में पॉलिटेक्निकल कॉलेज के लिए भी स्थान चिन्हित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन की सरकार में बहुत जल्द क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए व रोजगार से जोड़ने के लिए पॉलिटेक्निकल कॉलेज का सौगाद मिलेगी। इस अवसर पर झामुमो नेता गोपन परिहारि,जिला परिषद् सदस्य शिवनाथ माण्डी,बीस सुत्री सदस्य साकिला हेम्ब्रम,उप मुखिया स्वपन पाल, झामुमो पंचायत अध्यक्ष मेघराय हेम्ब्रम, पंचायत सह सचिव प्रशांत प्रधान, सुराई हेम्ब्रम, शिवशंकर पात्र (बाबु), पर्वत नायेक, विष्णु पदो नायेक, अरिन नायेक, बाया पाण्डा, अमलेस पात्र, सुधांशु पाण्डा, आखण्डो घोष, सिकन्दर सिंह, फटिक घोष,असोक कुमार घोष, संजय सेनापुती, संजिब प्रधान, लालमहोन बास्के, रविन्द्र हेम्ब्रम, मनोरंजन मण्डल सहित सैकड़ो ग्रामीणों शामिल रहे।

# उदयपुर गांव के समीप टाटा सूमो कार को ग्रामीणों ने किया आग के हवाले

**गम्हरिया (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया थाना अंतर्गत उदयपुर गांव के समीप एक टाटा सुमो को ग्रामीणों ने आग के हवाले कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते देर रात गौ तस्कर गाजियाबराज के रास्ते से वाहन लेकर जा रहे थे। इसी दरमियान वाहन का एक टायर पंचर हो गया। टायर बदल ने के दौरान ग्रामीणों की नजर गाड़ी के अंदर रखे बैलों पर पड़ी।ग्रामीणों ने इसकी सूचना गांव में दे दी। उधर ग्रामीणों को आते देख चालक व खलासी मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना देने के बाद घटना स्थल पर पुलिस को पहुचने में विलंब होने पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। उन्होंने सभी बैल को मुक्त करा कर खाली वाहन को आग के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टेल्को में लगातार हो रही पेड़ों की अवैध कटाई, वन विभाग मौन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर के टेल्को क्षेत्र के जम्को ग्राउंड में मिश्रा बागान के तरफ 40 सालों से जो पेड़ लगे थे उसको बुधवार को प्रबंधन द्वारा काटा गया। वही स्थानीय निवासी करनदीप सिंह ने बताया की हमारे क्षेत्र में पेड़ों की लगातार पेड़ों की अवैध कटाई चल रही है, जिसकी जानकारी क्षेत्रवासी ने वन विभाग को दी है। इसके बावजूद भी 5 पेड़ों को बुधवार को जड़ से खत्म कर दिया गया। उन्होंने बताया कि लगातार पेड़ों की अवैध रूप से कटाई पर वन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है। आने वाले दिनों में क्षेत्र का बहुत बुरा हाल हो जाएगा, जिस प्रकार तापमान दिन से दिन बढ़ता जा रहा है उससे स्थिति और भयावह हो रही है। वन विभाग को इस विषय में संज्ञान लेना चाहिए।

# दवा फेंकने की जांच करने टीम पहुंची कांडी

**जांच टीम में गढ़वा जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार और जिला के अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो ने कांडी थाना में जब्त कर रखी गयी दवाओं का निरीक्षण किया**


थाना में जब्त दवाओं की जांच करती जांच टीम।

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** धरना प्रदर्शन के 22वें घंटे जिला से पूर्व गठित जांच टीम कांडी पहुंची। यहां जांच टीम के अधिकारियों ने जब्त दवाओं के साथ-साथ संबंधित स्थल का मौके पर निरीक्षण किया। साथ ही बीआरसी में भी जांच की। काफी बड़े पैमाने पर सरकारी अनएक्सपायर दवायें फेंक दिये जाने के 88वें दिन ग्रामीणों के द्वारा किये गये एक दिवसीय आक्रोशपूर्ण धरना प्रदर्शन के 22 घंटे बाद जांच टीम कांडी पहुंची। जांच टीम में शामिल गढ़वा जिला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार और जिला के अपर समाहर्ता मतियस विजय टोप्पो ने कांडी थाना में जब्त करके रखे गये दवाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दवाओं के बैच नंबर को सूचीबद्ध किया। इसके बाद जांच टीम में शामिल पदाधिकारी ने सतबहिनी झरना तीर्थ के निकट उस स्थल को देखा जहां से बड़े पैमाने पर फेंकी हुई दवाएं 16 मार्च 2024 को पुलिस द्वारा बरामद की गयी थीं। इस दौरान कांडी थाना के थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम जी मौजूद थे। मालूम हो कि थाना प्रभारी ने ही मौके से फेंकी हुई दावाओं को बरामद किया था। पदाधिकारी द्वय ने प्रखंड संसाधन केंद्र बीआरसी के स्टोर रूम की जांच किया। इस दौरान वहां पर रखी हुई दवाएं अच्छी स्थिति में नहीं पायी गयी।

इस मौके पर जांच दल ने गढ़वा के जिला शिक्षा पदाधिकारी से वर्ष 2018 से अभी तक के रजिस्टर की मांग की। इस दौरान कांडी, मझिआंव और बरडीहा प्रखंड संसाधन केंद्र के प्राप्त और वितरण की गयी दवाओं से संबंधित रजिस्टर की मांग की गयी है, जिससे मिलान करके देखा जायेगा की इन प्रखंड को कितनी दवाएं प्राप्त हुई है और कितनी मात्रा में संबंधित स्कूलों को वितरण के लिए दिया गया है। मालूम हो कि जिला के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दवाओं को विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में भेजने के लिए डिस्पैच की जाती है। जबकि मझिआंव से दवाओं को विभिन्न स्वास्थ्य उपकेंद्रों के साथ-साथ इन तीनों बीआरसी कांडी, मझिआंव और बरडीहा को दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि फेंकी हुई दवाओं पर लिखे हुए बैच नंबर से स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रेषित दवाओं के बैच नंबर का मिलान करने पर स्वतः ही पता चल जायेगा कि फेंकी हुई दवायें किसको भेजी गयी थीं। वहां से वितरण की स्थिति जान लेने के बाद कितनी दवायें बच गयी। जिन्हें फेंक दिया गया पता चल जायेगा। इसी चीज को पता करने में अभी तक प्रशासन को 3 महीने लग गयक हैं।

मालूम हो कि दवाई फेंक जाने के बाद मीडिया के द्वारा इस बात की सूचना झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को दी गयी थी। उन्होंने गढ़वा जिला के उपायुक्त को टीम गठित कर तत्काल जांच करने और दोषियों को चिन्हित कर दंडित करने का आदेश दिया था। उस आदेश के आलोक में सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार और जिला के एलआरडीसी रवीश राज को जांच के लिए भेजा गया था। उस टीम ने भी थाना में जाकर दवाओं की जांच की थी। इसके बाद एलआरडीसी ने कांडी थाना में अज्ञात के विरुद्ध दवाएं फेंके जाने को लेकर एफआईआर दर्ज कराया था। तब से यह मामला लगातार मीडिया की सुर्खियां बनता रहा है। लेकिन अभी तक दवाएं फेंकने वाले व्यक्ति या व्यक्तियों को चिन्हित नहीं किया जा सका है। इसी मामले को लेकर आक्रोशित युवाओं के द्वारा 11 जून को कांडी हॉस्पिटल के प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है।

इस दौरान कहा गया है कि यदि कांडी में दिये गये धरना के बाद भी मानवता के प्रति किये गये अक्षम्य अपराध के दोषियों को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया, तो धरना प्रदर्शन का अगला कार्यक्रम समाहरणालय गढ़वा पर आयोजित किया जायेगा। इसके बाद झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास का भी घेराव किया जा सकता है।

## जेपीएससीः मुख्य परीक्षा के लिए 14 जून तक आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेपीएससी की ओर से 11वीं सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 22 जून को होनी है। ऐसे में जिन अभ्यर्थियों ने मुख्य परीक्षा में शामिल होने के लिए आवेदन नहीं किया है, उन्हें जेपीएससी की ओर से तीन दिनों का समय दिया गया है। अब अभ्यर्थी 14 जून तक जेपीएससी की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की ओर से तकनीकी खामियों की वजह से लगातार की जा रही मांग को लेकर यह फैसला किया गया है। मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन ऑनलाइन भरे जायेंगे। यह आवेदन पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## सस्ती दर पर किसानों को कृषि सामग्री उपलब्ध करायेंगे : उपेंद्र कुशवाहा



**सगमा (आजाद सिपाही)। बीरबल गांव में खुला कुशवाहा बीज भंडार। संचालक ने कहा कि सस्ते दर पर किसानों को उपलब्ध करायेंगे कृषि सामग्री। बुधवार को प्रखंड के बीरबल गांव स्थित गांधी चौक के पास मोतीलाल साह के मकान में कुशवाहा बीज भंडार की दुकान खुलने से आस पास के किसानों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। इधर कुशवाहा बीज भंडार के संचालक उपेंद्र कुमार कुशवाहा ने उपस्थित लोगों से कहा कि इस दुकान में सभी प्रकार के बीज उपलब्ध है, जिसमें मौसम के आधार पर धन मकई अरहर के साथ सभी प्रकार के सब्जी का बीज तथा उसमे कीड़े से बचाव के लिए रासायनिक दावा भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि सगमा प्रखंड एक गरीब क्षेत्र से आता है, इसे देखते हुए किसानों को कम से कम कीमत पर कृषि से संबंधित बीज के साथ दावा उपलब्ध कराना मेरा मकसद है। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित किसानों के साथ मुख्यरूप से भाजपा के मंडल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव मानिसंकर विश्वकर्मा धर्मजित्त यादव, अशोक गौड़, परसू यादव, राजेश बैठा, बबलू ठाकुर, श्रीकांत, संतोष प्रजापति, संतोषी कुशवाहा, दिनेश ठाकुर, आशीष विश्वकर्मा उपस्थित थे।**

## चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर बुधवार के सुबह भवनाथपुर पुलिस ने थाना मोड़ के समीप दूपहिया वाहन चेकिंग अभियान चलाया। दुपहिया वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन से सबंधित कागजात की जांच की। बिना कागजात और बिना हेलमेट पहने दुपहिया वाहन चला रहे आधा दर्जन लोगों को पकड़ा। पुलिस ने दुपहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहन कर बाईक चलाने तथा वाहन से संबंधित कागजात साथ लेकर चलने की सख्त हिदायत दी। इस मौके पर एएसआई निरंजन शर्मा, प्रभु प्रसाद मेहता और अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## प्रमुख ने किया प्रखंड और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने बुधवार को प्रखंड और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण की। जिसमें प्रखंड और अंचल में अधिकतर कर्मी गायब पाये गये। प्रमुख चंद्रावती देवी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रखंड के कर्मी कार्यों के प्रति लापरवाही बरत रहे है। जिसकी वजह से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रमुख ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहीं कि लगभग आठ माह हो गये परंतु विकास कार्य बाधित है। उन्होंने कहा कि अपना कार्य लेकर आने वाले लोगों के साथ उम्र का लिहाज किये बिना प्रखंड विकास पदाधिकारी तुम ताम का प्रयोग किया जाता है। जिससे लोग काफी आहत हो रहे है। प्रमुख ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर अनुपस्थित पाये जाने वाले कर्मियों से स्पष्टीकरण पूछते हुए उन पर कार्रवाई कर अवगत कराने की मांग किया। अनुपस्थित पाये जाने वाले कर्मियों में प्रभारी बीपीओ दीपक जायसवाल, रोजगार सेवक रामकुमार प्रजापति, सुधांशु कुमार यादव, विनय कुमार संजीव कुमार, जेई आनंद कुमार, सत्यम पासवान, लेखा सहायक जितेंद्र कुमार रजक, पंचायती राज समन्वयक राकेश कुमार,प्रधान सहायक सिद्धेश्वर नाथ सिंह, पंचायत सचिव नवल किशोर यादव, आयुषी चौबे, ऑपरेटर दीपक कुमार, रघुनाथ पाल, जन सेवक राजीव कुमार, चालक सुभाष गुप्ता, उपेंद्र कुमार यादव, अंचल अमीन कामेश्वर मिस्त्री, शिवदुलाल बैठा, लिपिक रिजवान अंसारी सतीश कुमार का नाम शामिल है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने कही की एक भी कर्मी अनुपस्थित नहीं है, सभी फिल्ड वर्क करने चले गये थे।

## जस्टिस ऑन व्हील्स सह विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा।** विशुनपुरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में जिला के निर्देश पर बुधवार को जस्टिस ऑन व्हील्स सह विधिक जागरूकता वैन यात्रा के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी लोगों को दिया गया। जिसमे आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवायें, नशा उन्मूलन, गरीबी उन्मूलन योजनाओं को प्रभावी क्रियान्वयन, मानसिक रूप से बीमार और विकलांग, बच्चों को मैत्रीपूर्ण, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाओ की जानकारी दी गयी। इस मौके पर असिस्टेंट एलएडीसी उत्तम कुमार, वकील बलबीर चौधरी, पीएलवी अमरदेव चौधरी, बिशुनपुरा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि प्रवीण यादव, सारांग पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह, पतिहारी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी, अंचल निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता,अंचल सहायक अमल सिंह,अंचल सहायक सत्यम सिंह,राजस्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार, नाजिर मुकुल कुमार, प्रखंड समन्वयक सुबोध कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डिंपल गुप्ता, कनीय अभियंता मुकेश, प्रखंड के सभी पंचायत सेवक, रोजगार सेवक सहित कयी लोग उपस्थित थे।

## पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में सात साल की सजा

**जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दोषी पति मोहम्मद सद्दाम को अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने बुधवार को सात साल की सजा सुनायी है। साथ ही उस पर 25000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले में अदालत ने एक आरोपी मोहम्मद असलम को पूर्व में साक्षय के अभाव में बरी कर दिया था। बता दें कि यह मामला अनगड़ा थाना क्षेत्र से जुड़ा है। बताया जाता है कि मो सद्दाम की पत्नी ने वर्ष 2018 में आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद मोहम्मद सद्दाम पर अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया गया था। इसे लेकर अनगड़ा थाना में कांड संख्या 22-2018 दर्ज किया गया था।

## जन समस्याओं का ऑन द स्पॉट होगा समाधान : शंभू

**मेराल प्रखंड परिसर में जनता दरबार कल, मंत्री मिथिलेश सहित जिलाधिकारी होंगे शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल ।** प्रखंड परिसर में 14 जून दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे से जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता तथा मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर तथा जिले के सभी विभाग के आला अधिकारी सामिल होंगे। कार्यक्रम लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी जागो महतो और 20 सूत्री अध्यक्ष शंभू प्रसाद ने बताया कि प्रखंड परिसर स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में आयोजित जनता दरबार में जिला स्तरीय सरकारी विभागों के विभिन्न स्टॉल लगाया जायेगा। जिसमें जिला के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर लोगों की जरूरी आवश्यक कार्यों के मामलों की मौके पर ऑन स्पॉट निष्पादन किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच साईकिल के साथ कई अन्य परिसंपत्तियों का वितरण किया जायेगा।

Annexure1

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 12/2023-24
Date :- 12/06/2024
2nd Call

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Check Dam on Garha Nala Block- Mandu, Dist- Ramgarh |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 41.695 Lakhs |
| 3. | Time of Completion | 335 Days |
| 4. | Date of Publication of E-Tender on website | 18/06/2024 (2:00 PM) |
| 5. | Last date/Time for submission of E-Tender Bids | 27/06/2024 (up to 5:00 PM) |
| 6. | Online submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 27/06/2024 (up to 5:00 PM) |
| 7. | Date of opening of e- tender | 29/06/2024 (2:00 PM) |
| 8. | Name & address of office in inviting tender | Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh |
| 9. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com |
| 10. | Helpline number of e-procurement cell | 0651-2491232 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

ह०/– कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.326136 Minor Irrigation(24-25):D

# बाबू दिनेश सिंह विवि को इंजीनियरिंग समेत कई पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिली

आजाद सिपाही संवाददाता






**गढ़वा।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सत्र 2024-25 से बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा, झारखंड को इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी, प्रबंधन और कंप्यूटर संकाय अंतर्गत कई माध्यमों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। जिसमें बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक) के अंतर्गत स्नातक विषयों में आर्टिफीसियल इंटेलीजेंस, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, साइबर सिक्यूरिटी, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग और डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग में सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एंड मैकेनिकल इंजीनियरिंग के साथ ही प्रबंधन पाठ्यक्रम में बीबीए, एमबीए सहित कंप्यूटर एप्लीकेशन में स्नातक में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) और स्नातकोतर में मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (एमसीए) पाठ्यक्रम की पढ़ाई की अनुमति दी गयी है।

झारखंड राज्य का यह पहला निजी विश्विद्यालय है जिसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), द्वारा सत्र 2024-25 के लिए सभी पाठ्यक्रमो को मिला कर 1200 सीटो पर नामांकन हेतु अनुमति प्रदान की गयी है। जो बाबू दिनेश सिंह विश्विद्यालय सहित गढ़वा जिला और पलामू प्रमंडल तथा झारखण्ड राज्य के लिए हर्ष और गौरव की बात है। जिसका लाभ झारखंड राज्य के छात्र- छात्राओं को मिलेगा।

बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय विधेयक, 2022, 17 फरवरी 2023 को झारखंड सरकार द्वारा अधिसूचित होने के बाद बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय (बीडीएसयू) अस्तित्व में आयी है । इसके पूर्व वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों से संबद्धता प्राप्त कर कई पाठ्यक्रमों का संचालन गत 18 वर्षो से किया जा रहा है, जिसमें होम्योपैथीक, दन्त चिकित्सा, नर्सिंग, पैरामेडिकल, बीएड, डीईएलईडी, बीएससी (एमएलटी), फामेर्सी जैसे पाठयकर्मो का संचालन किया जा रहा था। विश्विद्यालय परिसर, जो 100 एकड़ से अधिक हरे भरे क्षेत्रो में फैला हुआ है और सभी पाठ्यक्रमों के आवश्कतानुसार भवनों का निर्माण, उपकरणों की व्यवस्था और योग्य शिक्षकों की नियुक्ति तथा सभी पाठ्यक्रमों का सुचारू रूप से संचालन के साथ-साथ नामांकित छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य हेतु सदैव अग्रसर होकर, इनके सर्वांगीण विकास के लिए दृढ संकल्पित रहा है।

बाबू दिनेश सिंह विवि द्वारा गढ़वा जिला और पलामू प्रमंडल के छात्र-छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर गुणवतापूर्ण शिक्षा और रोजगारोन्मुखी बेहतर शिक्षा हेतु विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति और वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह के दूर दृष्टि का ही परिणाम है कि आज डेंटल परिसर एक विश्वविद्यालय के आकार में स्थापित हो कर उच्च और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान प्रदान कर रही है इस नये विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति प्रोफेसर (डॉ०) एमके सिंह द्वारा विश्वविद्यालय और इनमें नामांकित विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं के भविष्य के प्रति अत्यंत ही जागरूक और अपने अनुभवों के आधार पर विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अहम्‍ भूमिका निभा रहे है और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक प्रगति में गतिशीलता प्रदान कर रहे है।

वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा विभिन्न सामाजिक उतरदायित्व के अंतर्गत कई प्रकार के सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। जैसे निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का लगातार आयोजन, 101 जोडी कन्याओं का दहेज मुक्त निःशुल्क सामूहिक विवाह, अभावग्रस्त छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री और वस्त्र का वितरण, अभावग्रस्त लोगो के बीच कंबल और गर्म वस्त्रों का वितरण, रक्त दान शिविरों का आयोजन, निः शुल्क प्याऊ सेवा और अन्य कई प्रकार के सामाजिक कार्यो में महत्पूर्ण भागीदारी रही है।

प्रेसवार्ता में बोलते हुए कुलपति ने बताया कि आगामी सत्र 2025-26 से विधि शिक्षा, योग शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के अंतर्गत बैचलर ऑफ मेडिसिन ऐंड बैचलर ऑफ सर्जरी (एमबीबीएस) पाठ्यक्रमों की भी पढ़ाई की जायेगी, जो गढ़वा क्षेत्र के लिए अमूल्य योगदान होगा।

**MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA**

e-Procurement Notice

Tender Reference No. WRD /MID/LOHARDAGA/F2-07/2024-25 Date – 10/06/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Checkdam - 01 on Bhujaniya Nala at vill– Udrangi, Block – Bhandra , Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs. In Lakh) | Rs. 67.819 Lakh |
| 3. | Time of Completion | 11 Month |
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website | 25/06/2024 at 05:00 PM |
| 5. | Last date/Time for Submission of e-Tender BID's | 02/07/2024 up to 05:00 PM |
| 6. | Last date for online Submission of Tender Fee and EMD | e-Procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 02/07/2024 up to 05:00 PM |
| 7. | Date of opening Tender | 04/07/2024 at 02:00 PM |
| 8 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga |
| 9. | (a) Contact No. of e-Procurement officer (b) E-Mail of e-Procurement officer | 9123447790 eemidloha-cemr-jhr@nic.in |
| 10. | Helpline Number of e-Procurement cell | 7488537740 |

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Minor Irrigation Division,
Lohardaga.

PR 326130 (Minor Irrigation) 24-25 (D)

## शहीद गया मुंडा की जन्मस्थली एटकेडीह में विधायक ने किया सात सड़कों का शिलान्यास

# अच्छी सड़कों से गांवों के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है: नीलकंठ सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** राज्य क पर्व ग्रामीण विकास मंत्री और खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि सड़कें ही विकास आ आधार हैं। अच्छी सड़कें ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त करती हैं। विधायक बुधवार को अमर शहीद भगवान बिरसा मुंडा के सेनापति रहे सरदार गया मुंडा की जन्मस्थली मुरहू प्रखंड के एटकेडीह में एक साथ सात सड़कों का शिलान्यास के बाद उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि पूर्व में शहीदों के गांव का विकास नही हुआ था। आज उलिहातू, डोम्बारी बुरू तक जाने के लिए सड़क है। एटकेडीह का भी विकास किया गया। आज सुदूर क्षेत्रों तक सड़क और पुल-पंलियों का निर्माण कराया गया है। कहीं कहीं ट्रांसफार्मर खराब है, लेकिन आज सभी गांवों तक बिजली पहुंची है। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि सड़क बनने से विकास का रास्ता खुलता है। रोजगार अवसर पैदा होते हैं। उन्होंने कहा कि लोग कहते है कि नीलकंठ सिंह मुंडा ने क्या किया, लेकिन मैं चुनौती के साथ कहता हूं कि 25 सालों में खूंटी में जितना विकास हुआ, उतना कहीं नहीं हुआ। उन्होंने कहा, मैं दलीय भावना से ऊपर उठकर विकास का काम करता हूं, सभी जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर काम करने से ही विकास होगा। विकास का काम हम सभी को मिलकर करने का प्रयास करना चाहिए। देश को गुलामी से निजात दिलाने के लिए आंदोलन किया। सरदार गया मुंडा ने भी उनका साथ दिया था। उनके बलिदान से हम आजाद हिंदुस्तान में सांस ले रहे हैं। एटकेडीह से पीडिहातू के बीच पुल की जरूरत है। इसका भी निर्माण कराया जायेगा। जिला परिषद खूंटी के अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि खूंटी में अब ऐसा कोई गांव नही बचा, जहां सड़क नही बनी है। अन्य जिलों की अपेक्षा खुंटी जिले का अध्किा विकास हुआ है। उन्होंने सड़क निर्माण काम मे स्थानीय लोगो को काम देने की मांग रखी। मौके पर जिला परिषद की उपाध्यक्ष मंजू देवी, प्रमुख एलिस ओडिया, उप प्रमुख अरूण साबू, विधायक प्रतिनिधि काशी नाथ महतो, कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान आदि ने भी विचार व्यक्त किया। मौके पर, रूपेश जयसवाल, विनोद नाग,,राजेश नाग, बबलू ठाकुर, रविकांत मिश्रा, विल्सन तोपनो, सरदार गया मुंडा के वंशज तंउंल मुंडा, मुखिया अमर मुंडा, हरि मुंडा, उदय मुंडा, कार्यपालक अभियंता सुशील कुमार झा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### इन सड़कों का हुआ शिलान्यास

घनसेरा से टेंगरिया तक पथ सुदृढ़ीकरणा कार्य, डुडरी से तुम्केल तक पथ सुदृढ़ीकरण, आयबुरा के एटकेडीह पथ सुदृढ़ीकरण, एटकेडीह तजना नदी से जिऊरी वाया कुदा तक पथ सुदृढ़ीकरण बालो से घघारी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य, आस्केया से गनगिरा तक पथ सुदृढ़करण और सिरका सिमाना पक्की सड़क से कोजारंग तक पथ सुदृढ़ीकरण का काम शामिल है।

# नवनिर्वाचित भाजपा सांसद मनीष जयसवाल ने किया पिपरवार का दौरा

## बचरा मेंआयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में हुआ जोरदार स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित भाजपा सांसद मनीष जायसवाल ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बचरा संगम विहार पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। जिसके बाद बचरा ऑफिसर्स क्लब में भाजपा पिपरवार मंडल के द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में सांसद मनीष जायसवाल बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ सिमरिया विधायक किशुन दास भी मौजूद थे। इस कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल और विधायक किशुन दास का बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया,जबकि शॉल और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई संगठनों के द्वारा सांसद मनीष जायसवाल को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की विभिन्न समस्या से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि स्थानीय समस्याओं को लोकसभा में पूरी मजबूती के साथ उठाने का काम करेंगे। विधायक के बाद अब सांसद का सफर शुरू हो रहा है और विकाश कार्य उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि चतरा और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में विस्थापन एक गंभीर समस्या है। विस्थापन की समस्या से स्थानीय ग्रामीण रैयत परेशान हैं,इसके समाधान के लिए काम किया जायेगा। प्रत्येक गांव मे बेहतर सड़क, शुध्द पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधा पर काम किया जायेगा। जनता की कोई समस्या हो वह सीधे तौर पर मुझसे संपर्क कर सकते है, इसके लिए जल्द ही आम जनता के लिए हेल्पलाईन नंबर और ईमेल जारी किया जायेगा। उन्होने कहा कि पिपरवार एक औधौगिक क्षेत्र है और यहां की समस्या भी गंभीर है जिसका आक्लन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य मे सबसे अधिक डीएमएफटी फंड चतरा को मिलता है, ऐसे मे डीएमएफटी फंड से पिपरवार के ग्रामीण इलाको का विकास कार्य किया जायेगा। इसके अलावे कोयला खनन करने वाले सीसीएल प्रबधंन भी सीएसआर सहित अन्य योजना के माध्यम से काम करेगी। उन्होंने कहा कि सीसीएल और एनटीपीसी को अपनी जमीन देकर नौकरी और मुआवजा के लिए भटक रहे ग्रामीण रैयतो को इंसाफ दिलाने के लिए पूरी ताकत से काम करेंगे। इस मौके पर विधायक किशुन दास, राधेश्याम अग्रवाल, बालेश्वर महतो, चेतलाल रामदास, मेवालाल नाग, मुखिया रीना देवी, अरुण उरांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा, आजसु नगर अध्यक्ष बिनोद सिंह, राजेश महतो, धीरेंद्र शर्मा, एसके चौधरी,अजय कुमार सिंह, विनय सिंह, अनिल पांडेय, संजीव चन्द्रा, संजय कुमार सिंह, दिलीप गोस्वामी, अरुण सिंह, रविंद्र सिंह, सुनील प्रसाद, लक्ष्मण मंडल, काशीनाथ महतो, मोहन महतो, अर्जुन महतो, चिंतामण महतो, मुकेश कुमार, माधुरी देवी, ललिता देवी, सुनीता देवी, ईना देवी, दिलेश्वर महतो, कैलाश महतो, रोशन महतो,करण महतो, संजय भोगता, धनराज भोगता, संजय ठाकुर, अजय महतो, ललिता देवी सहित काफी संख्या में भाजपा और आजसु कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर बचरा संगम विहार पहुंचने पर जीएम सीबी सहाय ने सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात किया।

# बाल श्रम को खत्म करने और बच्चों को शोषण से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत : डालसा सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** नालसा और झालसा, रांची के निर्देश पर प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष खूंटी रषीकेस कुमार के मार्गदर्शन में बुधवार को विश्व बाल मजदूर निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर श्रम अधीक्षक खूंटी के कार्यालय के सभागार भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन की थीम है चलो अपनी प्रतिबद्धताओं पर काम करें, बाल श्रम को खत्म करेंह्व। इस दिन बाल श्रम को खत्म करने और बच्चों को शोषण से बचाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जहां भी छोटे बच्चों से बाल मजदूरी कराई जाती है, उस पर रोक लगाएं। उन्होंने लागों से आग्रह किया कि अपने-अपने क्षेत्र में उक्त विषय पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें और अपने क्षेत्र, अपने गांव और अपने देश को बाल मजदूरी से मुक्त कराएं। कार्यक्रम में डीसीपीयू, जेजेबी सदस्य, सीनी के सदस्य, डीएलएसए पैनल अधिवक्ता, डीएलएसए पीएलवी अंजू, चंदन, देवगी और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मेहमान आयी युवती से बकसपुर में दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** पश्चिमी सिंहभूम से अपने रिश्तेदार के साथ बड़का कुटमइत समारोह में शामिल होने जरियागढ थाना क्षेत्र के बकसपुर गांव आई युवती से बलात्कार का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को पश्चिमी सिंह से बकसपुर गांव पुहची युवती शाम लगभत सात बजे अपनी सहेली के साथ शौच के लिए मैदान के पास गई थी। उसी दौरान बकसपुर के युवक चम्पा बारला उम्र 19 वर्ष उसे घसीटते हुए जंगल की ओर ले गया और मुंह काला किया। इसकी जानकारी साथ में गयी युवती ने ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही सभी जंगल की ओर जाकर युवक चंपा बारला को युवती के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देखा। बाद में घटना की जानकारी पंचायत की मुखिया पूनम बारला को दी गयी। मुखिया द्वारा इसकी जानकारी जरियागढ थाना को दी गयी। युवती के मां द्वारा जरियागढ थाने में मंगलवार को चम्पा बारला के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी।

सूचना मिलते ही जरियागढ पुलिस ने बुधवार कों चंपा बारला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया और युवती का मेडिकल टेस्ट कराकर न्यायालय में युवती को 164 के तहत बयान दर्ज कराया गया।

# ट्रैक्टर और बाइक में टक्कर, तीन लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अड़की थाना क्षेत्र के राजा बाजार गम्हरिया के पास बुधवार को एक ट्रैक्टर ने बाइक को ठोकर मार दी। इससे बाइक पर सवार तीन युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घायलों में मंदरु टूटी, साद मुंडा और गोपाल मुंडा शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, तीनों युवक हूंठ में मंगलवार की रात आयोजित आर्केस्ट्रा देखकर घर लौट रहे थे। राजा बाजार गम्हरिया की करकरी नदी के पास एक ट्रैक्टर ने बाइक को ठोकर मार दी। इससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गये।

## पिपरवार के हाइवा ऑनर, मुंशी और पेटी कांट्रैक्टर का धरना आठ दिनों से जारी

# सीएचपी से बचरा साइडिंग तक कोयला ढुलाई ठप, सीसीएल को करोड़ों रुपये का नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल वाशरी से बचरा साईडिंग तक कोयला ढुलाई काम पिछले आठ दिनों से पूरी तरह से बंद है, जिसके कारण सीसीएल प्रबंधन एवं रेलवे को करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार सीएचपी से बचरा साईडिंग तक कम रेट मे कोयला ढुलाई का काम लाने वाली जय अंबे रोड लाईंस प्राईवेट लिमिटेड कंपनी का विरोध लगातार जारी है। कम रेट में टेंडर लाकर काम लेने वाली कंपनी के खिलाफ सभी हाईवा ऑनर,मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टर कोयला ढुलाई का काम बन्द कर पिछले आठ दिनों से धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं। बचरा साईडिंग से जुड़े सभी हाईवा मालिक, मुंशी और पेटी कान्ट्रेक्टरो ने बताया कि ट्रांसपोर्टिंग कंपनी जय अंबे रोड लाईंस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा कम रेट मे टेंडर लाकर काम लेने से हाईवा मालिको के अलावे पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी को काफी नुकसान होगा। पूर्व मे एकेटी कंपनी के समय से भाड़ा वृद्धि की मांग की जा रही थी और एकेटी कम्पनी का टेंडर समाप्त होने के बाद जय अंबे रोड लाईंस प्राईवेट लिमिटेड कंपनी ने 16 प्रतिशत बिलो टेंडर डालकर काम लिया है। हाईवा ऑनरो ने कहा कि कंपनी कम रेट की भरपाई करने के लिए 16 चक्का व 14 चक्का हाईवा डम्पर से कोयला ढुलाई का प्रयास कर रही है। जिसके कारण 10 चक्का हाईवा ऑनरो और चालको के समझ बेरोजगारी व भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। आंदोलित लोगों ने कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगी और कोयला ढुलाई का काम बंद रहेगा। बचरा साईडिंग से जुड़े सभी हाईवा ऑनर, पेटी कान्ट्रेक्टर व मुंशी उचित भाड़ा दिलाने एंव पूर्व की तरह दस चक्का वाहन चलाने की मांग कर रहे है, लेकिन कंपनी के अलावे सीसीएल प्रबधंन द्वारा उनकी मांगों पर किसी भी तरह का पहला नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण आंदोलित लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया पोषण ट्रैकर एप के संचालन का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** पीरामल फाउंडेशन आकांक्षी भारत कोलेब्रेटिव टीम खूंटी द्वारा बुधवार को खूंटी प्रखंड सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए पोषण ट्रैकर में प्रविष्टियां तथा पोषण ट्रैकर एप की पूर्ण उपयोगिता संबंधित ओरिएंटेशन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप के संचालन की प्रक्रिया के विभिन्न बिंदुओं के संबंध में जानकारी दी गई। विशेष रूप से बच्चों के मापदंड पर आधारित प्रविष्टियों में किन-किन बातों पर ध्यान देने की आवश्यकता है, इस पर व्याख्यात्मक चर्चा की गयी। साथ ही सेविकाओं के सामने आने वाली प्रविष्टियां संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी ने आंगनबाड़ी केंद्र की सेवाओं को देश के विकास की कड़ी के साथ जोड़कर रचनात्मक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य की विकासात्मक और प्रेरणादायक समाज के निर्माण में आंगनबाड़ी सेविकाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खूंटी प्रखंड की सेविकाएं किसी भी काम से घबड़ाती नहीं हैं और लक्ष्य तक पहुंचने में अपनी सेवाएं देने से कभी पीछे भी नहीं हटती। उन्होंने ओरिएंटेशन सह प्रशिक्षण के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए आंगनबाड़ी सेविकाओं से इसका लाभ प्राप्त करने और खूंटी के विकास की गति को तेज करने की अपील की। सीडीपीओ खूंटी ने पोषण ट्रैकर एप के व्यावहारिक ज्ञान की जानकारी देते हुए प्रविष्टियों में होनेवाली गलतियों को यथाशीघ्र सुधारने की बात कही?। उन्होंने सेविकाओं से अनुरोध किया कि वह प्रतिदिन अपने पोषण ट्रैकर एप को लॉगिन और लॉग आउट करेंगी।

ऐसा करने से उनकी भूमिकाओं के बारे में पता चलेगा और उनकी उपस्थिति भी दर्ज हो पायेगी। कार्यक्रम में एलएस सरोज, पीरामल फाउंडेशन से मोहम्मद शमशाद आलम, रोहित कुमार लाल, अखिल, सोनल और कलस्टर एक और दो की सेविकाएं शामिल थीं।

# झूलन के साथ हुटाप में मंडा पूजा संपन्न



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** हुटाप मंडा पूजा बुधवार को झूलन के साथ सम्पन्न हो गया। मंडा पूजा में क्षेत्र के दर्जनों गांवों के शिव भक्त शामिल हुए। पाहन ने भक्तिभाव से भगवान शिव और पार्वती की पूजा कराई। इस अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया। बुधवार सुबह शिव भक्तों ने 35 फीट ऊंचा झूला पर भक्तों ने कमर पर रस्सी बांधकर झूल कर परिक्रमा की तथा परिक्रमा के दौरान फूल बरसाए। फूल लेने के लिए झूले के नीचे काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। पूजा को सफल बनाने में हुटाप मुखिया शिवरत मुंडा,समाज सेवी श्याम लोहरा,अध्यक्ष गौतम यादव, सचिव बिनोद यादव, विनोद तुरी, प्रमोद यादव, जलेसर यादव, अरविन्द मुंडा, दीपक पहान, रीतु भगत, बालकेश्वर लोहरा, फागु मुंडा, डब्लु मुण्डा, महेश तुरी, सरयु तुरी, जगलाल यादव, रमेश तुरी, गोविन्द तुरी, राजु यादव, दशरथ तुरी, मुन्ना देव तुरी, रोहित यादव आदि सहित अन्य लोग का सराहनीय योगदान रहा।

# ललित महतो की माता सरस्वती देवी का निधन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** आजसु पार्टी के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष झारखंड आंदोलनकारी ललित कुमार महतो के माता सरस्वती देवी का आज तमाड़ रायडीह में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गागरसतिया में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और अंतिम संस्कार में भाग लिया वे भरा पुरा परिवार छोड़ गये है।

# गंगा दशहरा महोत्सव मेला समिति का गठन



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज के रोबिन्सन बंगला परिसर में मेला समिति की बैठक हुई। बैठक में दामोदर नदी तट पर 16 जून को आयोजित होने वाले गंगा दशहरा महोत्सव सह मेला को लेकर समीक्षा बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता अनंत मुन्डा ने किया। संचालन रामधारी गंझू ने किया। बैठक में मेला के तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में मेला के सफल संचालन के लिए एक कमिटि का भी गठन किया गयामेला के सफल संचालन के लिए एक कमिटि का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष अनंत मुंडा, सचिव रविन्द्र मुंडा, कोषाध्यक्ष विशेस्वर मुंडा, सरंक्षक शिवनारायण लोहरा, रामधारी गंझु, कुलदीप साहू एव सदस्यों में मनीष भगत सहित अन्य लोगों के नाम शामिल है। इस मौके पर रविन्द्र मुंडा, मनीष भगत, फलिन्द्र मुंडा, हरदयाल टाना भगत, अविनाश टाना भगत, विशेस्वर मुंडा, शिवनारायण लोहरा, कुलदीप प्रसाद साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## ऊर्जा संरक्षण को लेकर कृषि विज्ञान केंद्र तोरपा में जागरूकता कार्यक्रम

# खेती में सौर ऊर्जा का उपयोग सबसे बेहतर: डॉ दीपक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार और झारखंड नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र तोरपा में बुधवार को कृषि क्षेत्र में ऊर्जा संरक्षण विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष सह वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ दीपक राय ने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में बेहतर प्रयास किये हैं और उन्ही प्रयासों के तहत कृषि में सौर पंपों का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें ऊर्जा बचत पर ध्यान देते हुए खेती ही नहीं, बल्कि घरेलू उपयोग में भी ऊर्जा बचत पर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिकांश कृषि मशीनें जीवाश्म ईंधन द्वारा संचालित होती हैं, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में योगदान करती हैं। इसके कारण जलवायु परिवर्तन तेजी से होता है। सौर, पवन, बायोमास, ज्वारीय, भू-तापीय, छोटे पैमाने पर जलविद्युत, जैव ईंधन और तरंग-जनित शक्ति जैसे नवीकरणीय संसाधनों को बढ़ावा देकर इस तरह की पर्यावरणीय क्षति को कम किया जा सकता है। प्रमुख रोहित सुरीन ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण तथा जलवायु परिवर्तन के प्रति लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात कही। जरेडा रांची के वरिष्ठ कंसल्टेंट प्रभाकर झा ने किसानों को लइव वीडियो दिखाकर इसके विषय मे बताया और ऊर्जा बचत के लिए किसानों से नई तकनीक अपनाकर खेती करने की बात कही। उन्होंने इस अवसर पर पीएम कुसुम योजना, गोबर्धन योजना आदि की विस्तृत जानकारी भी दी। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ राजन चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में बृजराज शर्मा, प्रदीप कुमार, ओम प्रकाश, आशुतोष प्रभात समेत 60 किसान उपस्थित थे।

# जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष की पहल पर कारो नदी पर बनाया गया बांध

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** जिला बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष और झामुमो के जिलाध्यक्ष तथा बीस सूत्री के सदस्य सुदीप गुड़िया की पहल पर बुधवार को तोरपा की कारो नदी में जलापुर्ति के लिए बांध का निर्माण कराया गया। बुधवार को नेता कारो नदी पहुंचे तथा बांध निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, प्रदीप केशरी, मोजीर अंसारी, सुहैल खान आदि उपस्थित थे। ज्ञात हो कि नदी का जलस्तर नीचे चले जाने से तोरपा में विगत 25 दिनों से जलापूर्ति ठप है। तोरपा के दो हजार लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। इसकी जानकारी मिलने पर मंगलवार को जुबैर अहमद कारो नदी का निरीक्षण करने पहुंचे थे।. उन्होंने डीसी लोकेश मिश्रा सहित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से इस समस्या के निदान का आग्रह किया था। जुबैर अहमद के आग्रह पर कारो नदी पर बांध बनाया गया। जुबैर अहमद व सुदीप गुड़िया ने कहा कि पानी लोगों की सबसे बड़ी जरूरत है। लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। नदी का जलस्तर नीचे चले जाने से जलापूर्ति ठप हुई है। नदी पर बांध बनाकर पानी जमा करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि लोगों को पानी मिल सके।

### बांध बनने से पानी जमा होगा: कनीय अभियंता

**पेयजल एवं स्वछता विभाग के कनीय अभियंता रावेल होरो ने कहा कि कारो नदी पर बांध बनाया गया है, ताकि पानी को जमा किया जा सके। पानी जमा होने से जलस्तर बढेगा और पानी का स्तर इंटेक वेल के चैनल तक पहुंचने के बाद पानी इंटेक वेल में स्टोर होगा। इंटेक वेल में पानी पहुंचते ही जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी।**

# नेटवर्क नहीं रहने से ऑनलाइन कार्य हो रहा बाधित, ग्रामीण हो रहे परेशान

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार द्वारा जहां डीजीटल इंडिया का घोषणा वर्षो पहले किया गया है और आनलाइन क्लास, नेट बैंकिंग, केस लैस लेन-देन व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। हर चीज आनलाइन व्यवस्था को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहीं आज भी गांवों का देश भारत वर्ष के झारखंड प्रांत के कई ऐसे गांव हैं जहां नेटवर्क व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरकार आज तक कोई ठोस कदम उठाने का जरूरत ही महसूस नहीं किया गया है। जिससे ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को आनलाइन शिक्षा, आनलाइन बैंकिंग सेवा आदि से बंचित रहना पड़ रहा है। जी हां यह सच्चाई है सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र का पारगामा पंचायत का जहां दर्जनों गांवों में आनलाइन सेवा के लिए कोई टावर या नेटवर्क के लिए कुछ व्यवस्था नहीं है।

## :केंद्रीय मंत्री बनने की बधाई:



**सौजन्य साक्षात्कार :** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार बुधवार को दिल्ली स्थित रक्षा मंत्रालय में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री व रांची के सांसद संजय सेठ से मुलाकात की। उन्हें मंत्री बनने पर बधाई दिया। इस अवसर पर उन्होंने रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में एनडीए परीक्षा की तैयारी, अग्निवीर और आर्मी कैंट के अंदर बसे गांवों के लिए सुलभ मार्ग की व्यवस्था कराने की मांग की। कहा कि सैनिक बहाली केंद्र रांची में खुलने से झारखंड के युवाओं रोजगार के अवसर उपलब्ध होगा। इस मौके पर उनके साथ पार्टी के एसटी मोर्चा के रांची ग्रामीण महामंत्री संजय नायक भी मौजूद थे।

## हाथी के हमले में घायल बच्ची ने भी तोड़ा दम, आश्रितों को वन विभाग ने दी सहायता राशि



**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** टाटी पंचायत के टाटी, जोड़ा सिमर कयराकोचा गांव में मंगलवार की रात जंगली हाथी के हमले में गंभीर रूप से घायल रिना उरांव (8) ने भी दम तोड़ दिया है। बतातें चलें कि मंगलवार को घर के आंगन में बैठे धीरेंद्र उरांव (65) और उनकी नातिन रिना को जंगली हाथी ने कुचल दिया था। इस हादसे में धीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गयी थी, जबकि रिना ने अस्पताल जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। उक्त खबर को आजाद सिपाही ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए बुधवार को वन विभाग के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और दोनों मृतकों के आश्रितों को 50-50 हजार रुपए नगद सहायता राशि दी। वहीं सिकिदीरी थाना प्रभारी दिपक सिन्हा ने घटना स्थल पर पहुंच कर दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स अस्पताल भेज दियाा। मौके पर अनगड़ा जिप सदस्य राजेंद्र शाही मुंडा, गोड़ाडीह मुखिया शक्ति मुंडा, वनरक्षी कृष्णा महतो, नितिन गुप्ता, जयराम महली, क्षपति गोराई, रामरातन महतो, लाखिन्द्र बेदिया आदि मौजूद थे।

## मृतकों के परिजनों से मिले भाजपा नेता



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उरुगुट्टू गांव निवासी बिनोद कुमार महतो व काटमकुली निवासी मुकेश महतो का गत सोमवार को आजमानी बिजली (ठनगा) की चपेट में आकर मौत हो गयी थी। इसकी सूचना मिलने पर भाजपा के वरीय नेता संदीप कुमार राम बुधवार को मृतकों के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे। वहां दुःख प्रकट किया। साथ ही श्राद्धकर्म के लिये सहयोग भी प्रदान किया। भाजपा नेता ने सरकार से मिलने वाली सहायता राशि जल्द से जल्द दिलाने के लिए कांके बीडीओ और सीओ से भी बात की। अधिकारियों ने जल्द ही मुआवजा राशि स्वीकृत कराने का भरोसा दिलाया। मौके पर सुरेश महतो, मोतीराम महतो, सुरेंद्र महतो, कमल मोदी व प्रकाश महतो आदि मौजूद थे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के देवी मंडप चौक के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर बुधवार की सुबह 11.30 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान मेड़ी गांव निवासी विष्णु महतो (45) और डहुटोली खत्री खटंगा गांव निवासी कृष्णा महतो (45) के रूप में हुई है। आसपास के लोगों की मदद से दोनों को बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉ सुमन ने दोनों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के स्वजनों ने बताया कि विष्णु और कृष्णा जरिया गांव से अपने घर जा रहे थे। तभी गुमला की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया।

## एंबुलेंस की बैट्री खराब, बेड़ो में जरूरतमंद मरीजों को नहीं मिल पा रहा एंबुलेंस का लाभ

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सांसद सुदर्शन भगत ने एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध करायी थी। अब इस एम्बुलेंस की बैट्री खराब होने के कारण बेकार खड़ी है। चिकित्सा विभाग व जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से लाखों का एम्बुलेंस बैट्री खराब होने के कारण दिखावे की वस्तु बनकर रह गयी है। वहीं, दुर्घटना में घायलों को स्वजन निजी वाहनों से रिम्स अस्पताल ले जाने को मजबूर हैं। बेड़ो सीएचसी का लंबा चौड़ा क्षेत्र होने के कारण 108 एम्बुलेंस अधिकतर समय व्यस्त ही रहती है। वहीं, स्थानीय लोगों ने विभाग व जनप्रतिनिधियों से जनहित में खराब पड़े एम्बुलेंस को दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

## कन्या विद्यालय में नव निर्मित शौचालय का उद्घाटन

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** राजकीय कन्या स्कूल में वर्षों पहले बने शौचालय क्षतिग्रस्त होने के कारण बच्चियों को शौच के लिए काफी दिक्कत हो रही थी। पंसस बनने के बाद ललिता देवी ने जर्जर शौचालय निर्माण कराने का बीड़ा उठाया। सभी तरह की बाधाओं को दरकिनार करते हुए 15वें वित्त आयोग पंचायत समिति मद से शौचालय निर्माण कराया। जिसका स्कूल के ही बच्चियों से फिता कटवा कर शौचालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर विहिप के शशि मेहता आदि थे।

### ग्राम प्रधान संघ के अनगड़ा इकाई की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

# झारखंड सरकार पेसा कानून को सख्ती से लागू करे: उमेश बड़ाइक

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** प्रखंड के अनगड़ा पंचायत सचिवालय में बुधवार को ग्राम प्रधान संघ अनगड़ा इकाई की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता लोकनाथ पहान ने की। बैठक में ग्राम प्रधान संघ जिला रांची के अध्यक्ष उमेश बड़ाइक एवं थाना प्रभारी चमरा मिंज विषेश रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर उमेश बड़ाइक ने कहा कि पेसा कानून तो बन गया पर पांचवीं अनुसूची को अभी तक अनुसूचित क्षेत्रों में पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार से पेसा कानून को सख्ती से लागू करते हुए ग्राम सभा एवं ग्राम प्रधानों को जल जंगल जमीन पर पूर्ण अधिकार



ग्राम प्रधान संघ की बैठक में उपस्थित लोकनाथ पाहन व अन्य।

देने की मांग की। उन्होंने ग्राम प्रधानों के सम्मान राशि में वृद्धि करने के अलावा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया। थानेदार चमरा मिंज ने कहा कि ग्राम सभा और ग्राम प्रधान अपने क्षेत्र में विधि व्यवस्था और शांति बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ग्राम प्रधानों से क्षेत्र में अंधविश्वास, नशा आदि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मुहिम चलाने और शांति व्यवस्था कायम करने में पुलिस को सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक में निर्णय लिया गया कि मांगों को लेकर संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल जल्द ही मुख्यमंत्री और डीसी से मिलेगा। बैठक का संचालन गणेश चंद्र बेदिया ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सचिव सोमरा उरांव, कोषाध्यक्ष देवराज मुण्डा, निर्मल करमाली, बालेश्वर बेदिया, जयशंकर पहान, दूतिलाल बेदिया, शिबू मुण्डा, श्रीपद मुण्डा, दुलाल बेदिया, जितेंद्र उरांव, राजेन्द्र शाही मुण्डा, बालिया बेदिया, रतिलाल करमाली, महावीर बेदिया, बिषम शाही मुण्डा, गणेश बेदिया, बाबुलाल बडाईक, शिवलाल पहान, अनिल भोगता आदि उपस्थित थे।

# पड़हा व्यवस्था हमारी सामाजिक - सांस्कृतिक पहचान का जीवंत स्वरूप: डॉ रविंद्र नाथ भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** पड़हा व्यवस्था हमारी सामाजिक सांस्कृतिक पहचान है। यह आदिवासी समाज की सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर है। उक्त बातें पूर्व कुलपति डॉ रविंद्र नाथ भगत ने कहीं। वे बेड़ो प्रखंड स्थित जरिया गांव में अपने निवास पर बुधवार को आयोजित पड़हा राजाओं व पड़हा प्रेमियों की संयुक्त समीक्षात्मक बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने बेड़ो बाजारटांड़ में गत तीन जून को संपन्न हुए 58वां वार्षिक पड़हा



जरिया में पड़हा राजाओं व पड़हा प्रेमियों की बैठक में मौजूद डॉ रविंद्र नाथ भगत, सीओ, डीएसपी व अन्य।

सभा व जतरा महोत्सव की सफलता पर पड़हा राजाओं का आभार व्यक्त किया। कहा कि अब इसे कार्निवाल का मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा। मौके पर सीओ प्रताप मिंज, डीएसपी अखिल नीतिश कुजूर, पड़हा राजाओं में रोहित उरांव, महादेव उरांव, मदन उरांव, अमन उरांव, चरवा महतो, पंकज पहान व राहुल मिंज, पड़हा प्रेमियों में प्रो मंगा उरांव, गोयंदा उरांव, विशेश्वर उरांव, ललीत भगत व सुशील उरांव आदि मौजूद थे। बैठक की अध्यक्षता पूर्व वीसी डॉ रविंद्र नाथ भगत, संचालन बिरसा उरांव व धन्यवाद ज्ञापन सुकरा उरांव ने किया।

# ओरमांझी प्रखंड प्रमुख ने नये सीओ से की शिष्टाचार मुलाकात

**छात्र-छात्राओं का प्रमाण पत्र व जमीन के लाइन त्रुटि में की गयी सुधार की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी व नये सीओ उज्जवल सोरेन के बीच बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात हुई। जिसमें प्रमुख ने सीओ को प्रखंड वासियों की ओर से शुभकामनाएं देते हुए छात्र-छात्राओं के जाति आवासीय



ओरमांझी प्रखंड प्रमुख अनुपमा सोरेन, नव पदस्थापित सीओ उज्जवल सोरन व अन्य।

सहित अन्य प्रमाण पत्र के साथ जमीन के आन लाइन में हुई त्रुटि के काम में तेजी लाने की मांग की। वहीं, सीओ ने आश्वस्त किया कि जनता की समस्या का समाधान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, उपमुखिया व भाजपा ओबीसी मोर्चा कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, पंसस प्रमील उरांव ि वक्रांत तिवारी और चतुर साहू आदि उपस्थित थे।

# खेतों में जुतायी शुरू, बीज-खाद डालने का कार्य तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में मानसूनी वर्षा अभी शुरू नहीं हुई है। बावजूद इसके किसानों ने बुवाई शुरू कर दी है। इसके लिए खाद-बीज की खरीदारी की जा रही है। किसानों को अब अच्छे बारिश का इंतजार है। क्षेत्र में जून के अंतिम सप्ताह में मानसून की बारिश शुरू हो जाती है। यहां पर गत सोमवार को हल्की वर्षा हो चुकी है। किसान



अपनी पूरी तैयारी कर खेतों में पहुंचने लगे है। खरपतवार और घास की सफाई कर रहे हैं, ताकि बारिश के समय परेशानी ना हो। खेतों में गोबर व खाद मानसून से पहले डाल रहे हैं। यहां के किसान मानसून के पानी पर ही निर्भर रहते हैं। इसलिए समय पर झमाझम बारिश की उम्मीद लगाए हुए हैं। वहीं बुवाई के लिए कई किसानों ने घरों पर बीज रख रखे हैं तो कई किसान प्रखंड के दुकानों पर बीज खरीदने पहुंच रहे हैं। दुकानदार मुकेश कुमार राय व मनिंद्र महतो के अनुसार कम पानी में अधिक पैदावार देने वाले बीज की मांग अधिक है। प्रखंड के चरिमा गांव में खेत में बीज डाल रहे किसान गंदुरा कुजूर ने बताया कि जून माह में हुई हल्की वर्षा से खेत जुताई कर खेत तैयार करके बीज डाल रहे।

### वाइबीएन यूनिवर्सिटी सभागार में आयोजित हुई आजसू की बैठक

# आजसू धर्म की नहीं, बल्कि विकास की राजनीति करती है : पारसनाथ उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड के राजाउलातू पंचायत अंतर्गत वाईबीएन यूनिवर्सिटी सभागार में बुधवार को आजसू की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जितेंद्र सिंह व संचालन राजू उरांव ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के केंद्रीय सचिव सह खिजरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हर दबे कुचले एवं जिसकी वैगर बिचौलिया का काम नहीं होता है। वैसे लोगों की आजसू अवाज बनेगी। जन जन की सेवा के लिए



खिजरी विधानसभा स्तरीय 'अपना आजसू' यानी (आजसू पार्टी हेल्प डेस्क सेंटर) का गठन किया जा रहा है। क्योंकि आजसू धर्म की राजनीति नहीं करती है, बल्कि विकास की राजनीति करती है। इस दौरान पूर्व भारतीय खाद्य निगम के मजदूर नेता विनोद वर्णवाल जी को आजसू का अंग वस्त्र पहनाकर पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी। मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता डॉ सुधिर कुमार यादव, श्रमिक संघ के माथुर प्रसाद, दिलीप महतो, प्रखंड सचिव विनोद मुंडा, धीरज नाग, चमरा विंहा, सुखराम लोहार, राजू मुंडा, बिशुन गाड़ी, भूपेश उरांव, अभीशेक कुमार, जंयती देवी, सावित्री देवी, रीणा देवी, रूपा देवी, आराधना देवी, मगदली विंहा, कुसुम मुंडा, पदमा देवी, आशालता देवी आदि उपस्थित थे।

# रांची जिला ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 21 दिवसीय निःशुल्क जिला स्तरीय खो-खो बालक-बालिका ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को धूर्वा के लीची बागान प्रांगण सेक्टर-2 एवं बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर-2 में समापन हुआ। इस दौरान प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सब जुनियर एवं जुनियर बालक-बालिकाओं का मैत्रीपूर्ण मैचों का आयोजन किया गया। पूरे प्रशिक्षण अवधि में सभी प्रशिक्षणार्थियों को चेन खो 3-2-3, 3-3-2,7 कट की श्रृंखला का अभ्यास, पोल डाइभ, ग्राउंड डाइभ, कोवरिंग, पोल टर्न एवं कई नए-नए कौशल्य तथा सभी बालक-बालिका को खो-खो खेल का इतिहास, सब जुनियर, जुनियर/सीनियर ग्राउंड बनाने का अभ्यास मुख्य प्रशिक्षक अजय झा द्वारा कराया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान सहायक प्रशिक्षक वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी संजय कुमार, निखिल कुमार, कौशल कुमार, सरिता कुमारी, खुशबू कुमारी, वेद प्रकाश तिवारी एवं सुभाष गांगुली द्वारा प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से सुबह आठ बजे तक एवं शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी एवं युवा नाट्य संगीत अकादमी के निदेशक ऋषिकेश लाल ने संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र कर सम्मानित किया। धन्यवाद ज्ञापन जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के संयोजक विवेक कुमार ने किया।

# विधायक की पहल पर लगा बिजली का ट्रांसफार्मर, हर्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के मुरतो गांव बाजार बगीचा के समीप बुधवार को बिजली ट्रांसफार्मर का उद्घाटन हुआ। गांव के सप्ताहिक बाजार के समीप लगी बिजली की ट्रांसफार्मर 15 दिन पहले ही जाने गांव में अंधकार हो गया था। ग्रामीण बिजली की समस्या को लेकर परेशान थे। बिजली नहीं रहने से फसल सुख रहे थे। बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे थे। इन सब समस्याओं को देखते हुए गांव के युवाओं ने विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह को समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधि की पहल पर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल बिजली विभाग से बात कर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। गांव में बिजली आने से ग्रामीणों में खुशी छा गई। वहीं, नये ट्रांस्फॉर्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि नवल किशोर सिंह ने किया। मौके पर आनंद ठाकुर, राजेश गोप, सुकरा तिग्गा,जटु उरांव, चौरा उरांव, आनंद महतो व राधेश्याम साहू आदि उपस्थित थे।

# भुवनेश्वर पांडेय की द्वितीय पुण्यतिथि मनायी गयी




आजाद सिपाही संवाददाता

**ठाकुरगांव।** शिक्षाविद, समाजसेवी सह साईं सेवा ट्रस्ट के संयोजक स्व भुवनेश्वर पांडेय की द्वितीय पुण्यतिथि बुधवार को मनायी गयी। साईं मंदिर परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर साईं सेवा ट्रस्ट के सचिव शिवकुमार तिवारी ने उनके पदचिन्हों पर सभी को चलने की बात कही। इस दौरान कौशल्या निवास में स्व पांडेय के पुत्र शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्रीकांत पांडेय, पुत्रवधू स्त्री व प्रसव रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी शर्मा व राज हॉस्पिटल रांची की टीम द्वारा 487 मरीजों का इलाज कर उनके बीच मुफ्त दवाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जयकुमार पांडेय, पुलस्त राम पांडेय, रघुनंदन तिवारी, जयप्रकाश तिवारी, उमाकांत पांडेय, वैद्यनाथ ठाकुर, राजेंद्र साहू, आदित्य कुशवाहा, सुरेश ठाकुर, भागीरथ महतो और अंकित रोनक आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# रातू कमड़े से बाइक चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के कमड़े स्थित एक रेस्टोरेंट के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। इसे लेकर पंडरा ओपी क्षेत्र के हेहल निवासी सुनील कुमार वर्मा ने रातू थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। जानकारी के अनुसार भुक्तभोगी सुनील वर्मा हॉटलिप्स के बाहर बाईक खड़ी कर सामान लेने गए थे। एक घंटे बाद जब लौटा तो बाईक चोरी हो चुकी थी।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में प्रेमी सहित छह गिरफ्तार

## हवश का शिकार बनाने के बाद प्रेमी ने ही लड़की को दोस्तों को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** थाना क्षेत्र दहुआटाड़ में विगत दिनों लड़की के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म कांड का उद्भेदन करते हुए पुलिस ने नाबालिक प्रेमी सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। धनसार पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान चंदन साव, सोनू कुमार और निरंजन के रूप में हुई है। जबकि तीन नाबालिग बताए जा रहे हैं। बतातें चलें कि प्रेमी ने अपनी नाबालिग प्रेमिका को शादी का झांसा देकर दहुआटाड़ बुलाया था। इसके बाद अपने एक दोस्त के साथ उसने लड़की के साथ दुष्कर्म किया। हद तो तब हो गई जब किशोरी के प्रेमी ने ही उसे पांच युवकों को सौंप दिया। उसके दोस्तों ने किशोरी को जंगल में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किरने के साथ ही उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। तब स्थानीय लोगों द्वारा शोर मचाने पर धनसार पुलिस मौके पर पहुंची थी। किशोरी की शिकायत पर धनसार थाने में मामला दर्ज हुआ। इसके बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए धनसार पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही छह आरोपितों को धर दबोचा। पकड़े गए चंदन की शादी चार महीने पहले ही हुई थी। वह पेशे से टेंपो चालक है।

### ऐसे पकड़े गये सभी आरोपी

पुलिस ने चंदन साव नामक आरोपी को सबसे पहले पकड़कर धनसार थाना ले आई। वहां उससे सख्ती से पूछताछ करने पर बाकि आरोपितों की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने अन्य आरोपियों को चंदन के मोबाइल फोन से ही बारी-बारी से मिलने का बहाना बनाकर दूसरे जगह सभी को बुलाया। इसके बाद घात लगाए पुलिस ने सभी को धर दबोचा। पुलिस की मानें तो घटना में शामिल एक अन्य आरोपी अभी भी फरार है। उसकी तलाश में छापामारी जारी है। सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# किसानों की सुध लेने वाला कोई नहीं: कर्नल संजय

**किसान ब्रिगेड ने चलाया जनसंपर्क अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



जन संपर्क अभियान चलाते कर्नल संजय सिंह व अन्य।

**हुसैनाबाद।** 19 जून को किसान ब्रिगेड के तत्वावधान में हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में होने वाले किसान महापंचायत को लेकर किसान ब्रिगेड की टीम लगातार पंचायत स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। इसी क्रम में बुधवार को किसान ब्रिगेड की टीम लोटनिया पंचायत के लोगों से मिलकर अपनी बातों को रखा। ब्रिगेड के संरक्षक कर्नल (डॉ) संजय कुमार सिंह ने ग्रामीणों से कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के किसान विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, लेकिन उनका सुधि लेने वाला कोई नहीं है। सरकार द्वारा दी जा रही 100 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ यहां के किसानों को नहीं मिल पा रहा है। किसान सर्वे में भूमि गड़बड़ी, सिंचाई की समस्या एवं सरकारी अस्पताल के लचर व्यवस्था से परेशान है। भ्रष्टाचार चरम पर है। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं। इसलिए इस गूंगी बहरी सरकार को जगाना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया कि तन मन धन से लगकर पंचायत में हर घर तक पहुंचने की कोशिश करें और हमारे विचारों को उन तक पहुंचाएं। उन्होंने जनता व किसानों से 19 जून को हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर किसान महापंचायत को सफल बनाने का आग्रह किया। मौके पर मनोज सिंह, विनोद सिंह, फिरंगी राम, रजनीश सिंह, राहुल उपाध्यक्ष, श्रवण चौहान, राजू चौहान, युगेश पासवान, सुदेश राम, सोनू कुमार, नरेंद्र शर्मा, गीता देवी आदि उपस्थित थे।

## एसडीएम ने पकड़ा कालाबाजारी के लिए जा रहा अनाज

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। कालाबाजारी के लिए ले जाये जा रहे अनाज को गिरिडीह के बिरनी सरिया एसडीएम और बीडीओ ने गुप्त सूचना के आधार पर बिरनी थाना क्षेत्र के पेसम के खरीयोडीह डाबरसेनी मेन रोड में छापामारी कर जब्त कर लिया। इसके बाद ठेकेदार से लेकर एजीएम तक बचाव में कई कहानी गढ़ रहे है। दावा कर रहे कि सारा अनाज बिरनी के खरखरी के स्वयं सहायता समूह मां दुर्गा के डीलर अवध सिंह और वनारसीडीह के डीलर नवल किशोर सिंह के यहां पहुंचना था। जिसका वितरण भी होना था। हालांकि जब जांच शुरू हुई तो यह स्पष्ट भी हो गया की ठेकेदार के यहां से गाड़ी में लाद कर सरकारी गेहूं, चावल और नमक को कही और भेजने की तैयारी थी। लेकिन समय रहते एसडीएम व बीडीओ ने पहुंच कर दबोच लिया।

## पेयजल संकट को लेकर समाजसेवी आशीष ने चलाया जनजागरण अभियान

# पानी की समस्या दूर नहीं हुई, तो होगा चरणबद्ध आंदोलन: आशीष

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में बुधवार से पानी यात्रा का आगाज मेदीनीनगर प्रमंडलीय मुख्यालय के वार्ड नंबर दो में भीषण जल संकट से ग्रस्त बजरहा और पूर्णाडीह से किया गया। पानी यात्रा के तहत चलाए जाने वाले हस्ताक्षर सह जन जागरण अभियान के पहले दिन काफी संख्या में युवाओं की टीम पूर्णाडीह और बजरहा पहुंचकर पेयजल संकट को जाना और वहां के लोगों से संवाद किया। इस दौरान आशीष भारद्वाज ने कहा कि इस अभियान के तहत हम एक-एक घर तक जाएंगे और उन्हें होने वाले पेयजल संकट को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। कहा कि जब तक बदलाव नहीं आएगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। इस यात्रा में पलामू के युवा मजबूती के साथ खड़े है। पानी यात्रा में आने वालों का कहना है कि किसी भी परिस्थिति में हमारे शहर को पानी मिलना चाहिए। अगर सरकार पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा की व्यवस्था करने में उदासीन है तो चरणबद्ध आंदोलन के लिए पलामू तैयार है।



मूलभूति सुविधाओं की मांग को लेकर अभियान चलाते युवा।

इस मौके पर तुलसी शुक्ला, मनीष सिंह, साहेब जी नामधारी, बबलू चावला, पिंकू तिवारी, नवीन तिवारी, मुकेश तिवारी, बीजू मिश्रा, नितेश सिंह, संदीप प्रसाद, शशांक सुमन, वैजयंती गुप्ता, आशा शर्मा, मनीष तिवारी, निरंजन मेहता, शिवम सिंह, दीपक प्रसाद, फोटू दूबे, ज्ञानेश तिवारी, चंदन दूबे, नितेश दूबे, राहुल गुप्ता, रोशन पाठक, राकेश तिवारी, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, सुमित दूबे, सुधीर सिंह, नवनीत मेहता, आकाश विश्वकर्मा, अभिषेक रोशन, संजीत तिवारी, अंकित आरंभ शुक्ला आदि मौजूद थे।

# डायन-बिसाही का आरोप लगाकर दंपति से मारपीट, प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर दर्ज की गयी प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के चंकार गोपाल गांव निवासी रामबचन पाल ने मेदिनीनगर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष परिवाद दायर कर गांव के ही प्रदीप पाल, उसकी पत्नी संजू देवी व पुत्री रूबी कुमारी के खिलाफ मारपीट करने व रामबचन पाल की पत्नी को डायन कह कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। परिवाद के आधार पर हुसैनाबाद थाना में प्रदीप पाल, उनकी पत्नी संजू देवी व पुत्री रूबी कुमारी के खिलाफ 3/4 समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। रामबचन पाल द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार प्रदीप व उनके स्वजनों से खेत में बकरी चराने को लेकर विवाद हुआ था। बकरी चराने से मना करने पर संजू देवी ने ईंट-पत्थर चलाकर रामबचन पाल को मारने की कोशिश की थी। बाद में प्रदीप पाल संजू देवी व रूबी कुमारी उनके घर पर आकर गली गलौज किया। रामबचन पाल की पत्नी के साथ प्रदीप पाल ने अश्लील हरकत की व डायन कहकर मारपीट भी की। शोर मचाने पर गांव के लोगों ने बीच बचाव कर छुड़ाया था। रामबचन पाल ने विपक्षियों पर कान की बाली लेने का भी आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में द्वितीय दिवस 'समर कैंप, संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता





**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में द्वितीय दिवस समर कैम्प हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भीषण गर्मी एवं तपिस के प्रभाव के कारण समर कैंप की पूर्व निर्धारित अवधि सुब छह बजे से 10.30 बजे को घटाकर प्रातः छह से 8.30 बजे तक किया गया है। द्वितीय दिवस में योगा, तैराकी, पेटिंग, जुम्बा डांस, संगीत, आर्ट-क्राफ्ट, पाककला, फोटोबूथ, फन विद टैटू एवं स्टोरी टेलिंग आदि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रातः योगाभ्यास से छात्रों के दिन की शुरूआत हुई। अनुपयोगी वस्तुओं (रद्दी पेपर) से क्राफ्ट वर्क कराया गया। इसके बाद तरणताल में शताधिक छात्रों ने तैराकी की। संगीत शिक्षक द्वारा 'आओ चले हम... गीत सिखाया गया। कक्षा चौथी व पा७चवीं के छात्राओं ने पाककला में कला का विशिष्ट प्रदर्शन करते हुए झालमुड़ी एवं शीतल पेय बनाकर सबको अचंभित किया। कै७प में इनडोर गेम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, लूडो आदि खेल में सहभागी बनकर लुफ्त उठाया। नवीं, ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्रों को भी समर कैम्प में सीबीएसई द्वारा जारी सर्कुलर में योगा, पेंटिंग, निबंध-लेखन, भाषण, पौष्टिक- आहार, पोस्टर मेकिंग, ई-वेस्ट आदि गतिविधियाँ भी करायी गयी। द्वितीय दिवस पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि समर कैंप में तैराकी, योगा, पाककला, पेटिंग, नृत्य, संगीत, रीडिंग, राइटिंग आदि विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि-समरकैम्प मनाने का उद्देश्य बच्चों को नई-नई गतिविधियों से जोड़ना है।

## आइआइटी प्रवेश परीक्षा में खुली एमके डीएवी के विद्यार्थियों की किस्मत

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** देश की प्रतिष्ठित परीक्षा जेईई एडवांस्ड 2024 में एमकेडीएवी के छात्रों शिवम तिवारी एवं श्रेया पांडे ने अपनी चमक बिखेरी है। श्रेया पांडे को अखिल भारतीय स्तर पर 4332 वां स्थान और शिवम पांडे को 5907 वां स्थान प्राप्त हुआ है। इन दोनों छात्रों को विद्यालय प्रांगण में इनकी माता-पिता की उपस्थिति में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। छात्रों को विद्यालय की स्थानीय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष सतवीर सिंह राजा एवं सदस्य सूबेदार कामाख्या नारायण सिंह के साथ प्राचार्य सह एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान ने सम्मानित किया। इस अवसर पर शिवम तिवारी ने कहा कि उसने इस विद्यालय से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण कर कोचिंग किया और विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन में 17-17 घंटे तक अध्ययन कर यह सफलता प्राप्त की। इस विद्यालय के शिक्षकों की शिक्षण तकनीकी एवं छात्रों के प्रति सहयोगात्मक रवैया से उसे बहुत मदद मिली। शिवम ने बताया कि वह इस विद्यालय का खो-खो खिलाड़ा रहा है और क्षेत्रीय स्तर पर खेल चुका है। बताया कि सरकारी स्कूल से हिंदी माध्यम से पढ़ाई करने के कारण मुझे शुरू में इस विद्यालय में प्रवेश प्राप्त करने में कठिनाई हुई, लेकिन आज गुरुजनों के आशीर्वाद एवं माता-पिता की प्रेरणा से इस स्थान पर पहुंच चुका हूं। वहीं, छात्रा श्रेया पांडे ने बताया कि मेरे प्रेरणा स्त्रोत मेरे माता-पिता है। मुझे इस विद्यालय से बहुत अच्छी शिक्षा प्राप्त हुई। वहीं, सरदार सतवीर सिंह राजा ने कहा कि इन बच्चों की उन्नति और इन जैसे अनेक छात्रों की प्रगति को देखकर मैं अति प्रसन्न हूं। आज मेरा भूमि दान सार्थक हो गया। सूबेदार कामाख्या नारायण सिंह ने कहा कि यह विद्यालय अपने परिसर में रत्नो का निर्माण कर, उन्हें देश सेवा के लिए तैयार कर रहा है। वहीं, प्राचार्य सह एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ जीएन खान ने कहा कि इन दो छात्रों की सफलता से विद्यालय परिवार ही नहीं पूरे पलामू में हर्ष है। मौके पर शिक्षक राजीव मिश्रा, तुषार घोष, कन्हैया राय,अमित त्रिपाठी, रविंद्र तिवारी, राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।

## लू लगने से जपला के रेल कर्मी की मौत



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला रेलवे पीडब्ल्यूआई ईस्ट में कार्यरत रेलवे कर्मचारी अशोक राम की बुधवार को लू लगने से मौत हो गई। अशोक राम बिहार के गया जिला के रहने वाले थे। बतातें चलें कि रेलवे कर्मचारी को लू लगने से मौत की यह दूसरी घटना है। अशोक इस दिन जपला हैदरनगर रेलवे स्टेशन के बीच ट्रैक पर ड्यूटी थे। सुबह 9 बजे से काम कर रहे थे। उन्हें शाम पांच बजे तक काम करना था।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता की माता की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जपला धरहरा स्थित नहर मोड़ पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता की मां पार्वती साहू की बुधवार को पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार और श्रवण कुमार ने पार्वती साहू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम सब आपके साथ हैं। मेरी प्रार्थना आपके और आपके परिवार के साथ है। वहीं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा कि मां ने तन से तो हमारा साथ छोड़ दिया पर मन से वह आज भी मेरा पग-पग पर मार्गदर्शन और रक्षा करती है। वहीं, श्रद्धांजलि देने वालों में संतोष गुप्ता, बसंत यादव, द्रोणाचार्य तिवारी, अशोक विश्वकर्मा, राज अली और मोजाहिद हुसैन आदि शामिल थे।

# स्पोर्ट्स



**ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप में नाबीबिया को नौ विकेट से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इसके साथ ही सुपर-8 में पहुंचने वाली दूसरी टीम भी बन गयी है। जबकि दक्षिण अफ्रिका पहले ही पहुंच चुकी है।**

# नामीबिया को 9 विकेट से हराकर सुपर-8 में पहुंची ऑस्ट्रेलिया की टीम

## ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में ही खत्म किया मुकाबला, सुपर-8 में पहुंचने वाली बनी दूसरी टीम



**एंटीगुआ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में लगातार तीसरी जीत के साथ सुपर-8 में जगह पक्की कर ली है। ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को नामीबिया पर 9 विकेट से शानदार जीत दर्ज की। एंटीगुआ के सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। नामीबिया की टीम पहले बैटिंग करते हुए 17 ओवर में 72 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में ऑस्ट्रेलियन ने महज 5.4 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य को हासिल कर लिया। ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 में पहुंचने वाली दूसरी टीम है। साउथ अफ्रीका इस स्टेज पर पहले ही पहुंच चुका है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से लेग स्पिनर एडम जम्पा ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके। इसी के साथ उनके टी-20 इंटरनेशनल में 100 विकेट पूरे हो गए। वहीं जम्पा टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा विकेट (31) लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क (29 विकेट) को पीछे छोड़ दिया है।

### नामीबिया की पारी

नामीबिया की टीम 17 ओवर में 72 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के नामीबिया के कप्?तान जेराड इरास्मस ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 43 गेंदों में चार चौके व एक छक?के की मदद से 36 रन बनाए। ऑस?ट्रेलिया की तरफ से जम्पा के अलावा जोश हेजलवुड और मार्कस स?टोइनिस को दो-दो विकेट मिले। पैट कमिंस और नाथन एलिस को एक-एक सफलता मिली।

### ऑस्ट्रेलिया की पारी

73 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को डेविड वॉर्नर (20) और ट्रैविस हेड (18 नाबाद) ने शानदार शुरूआत दिलाई। वॉर्नर को डेविड विसे ने रूबेन ट्रम्पेलमैन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन लौटाया। वॉर्नर के आउट होने के बाद हेड ने अपना आक्रामक रुख अख्तियार किया और 17 गेंदों में पांच चौके व दो छक्के की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। कप्तान मिचेल मार्श ने 9 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 18 रन बनाए और टीम को जीत दिला दी।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**ऑस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), डेविड वॉर्नर, ट्रैविस हेड, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोयनिस, टिम डेविड, मैथ्यू वेड (विकेट कीपर), पैट कमिंस, नाथन एलिस, एडम जम्पा और जोश हेजलवुड।

**नामीबिया:** जेराड इरास्मस (कप्तान), निको डेविन, माइकल वान लिंगेन, जान फ्राइलिनक, जेजे स्मिट, डेविड विसे, जेन ग्रीन, रूबेन ट्रम्पेलमैन, बर्नार्ड स्कोल्ट्ज, जैक ब्रासेल और बेन शिकोंगो।

### ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-बी में टॉप पर

ऑस्ट्रेलिया की टीम टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप बी में है। इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया के अलावा, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, नामीबिया और ओमान हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने तीनों मैच जीतकर छह पॉइंट के साथ ग्रुप में पहले नंबर पर है। स्कॉटलैंड के 5 पॉइंट्स है और वह दूसरे नंबर पर है।

## सुप्रीम कोर्ट में लगेगी लोक अदालत, धनबाद के 44 मामले चिह्नित

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** न्यायालयों पर से मुकदमों का बोझ कम करने के लिए देश की सर्वोच्च न्यायालय में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार ने सर्वोच्च न्यायालय में लंबित विवादों के पक्षकारों को नोटिस भेज कर उन्हें विशेष लोक अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। धनबाद के 44 विभिन्न तरह के मुकदमे जो सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है उन्हें निपटारे के लिए चिन्हित किया गया है। इसलिए उनके पक्षकारों को विशेष लोक अदालत में उपस्थित होने के लिए नोटिस भेज दिया गया है, ताकि वह सर्वोच्च न्यायालय में होने वाले विशेष लोक अदालत में या तो सशरीर या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित होकर अपने विवादों का निपटारा कराएं।

## धनबाद अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी ने डेकोरेटर्स एसोसिएशन अध्यक्ष व अन्य के खिलाफ लिया संज्ञान

श्यामडीह मोड़ स्थित द रिवाज मैरिज हाल में घुसकर मैनेजर के साथ गाली-गलौज व मारपीट कर संचालक को अपमानित करने और हॉल के विरोध में दुष्प्रचार करने के मामले में धनबाद के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पांडेय की अदालत ने धनबाद डेकोरेटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, डेकोरेटर्स एसोसिएशन कतरास शाखा के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव संदीप साव व सदस्य अजय पांडेय के खिलाफ भादवि की धारा 323, 500 व 506 के तहत संज्ञान लिया है। अदालत ने शिकायतकर्ता को निर्देश दिया है कि वह आरोपितों को उपस्थित होने के लिए समन दायर करे। अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 24 जून को करेगी। बतातें चलें कि गत वर्ष 30 नवंबर 2023 को बाघमारा बाजार निवासी रंजीत सिंह ने इन चारों के खिलाफ शिकायतवाद दायर किया था। आरोप लगाया था कि 23 जून 2023 को अजय ने उनके मैरिज हाल में उनके व मैनेजर के साथ दुर्व्यवहार किया और धमकी दी। इस संदर्भ में प्रदीप सिंह ने अन्य आरोपितों के साथ मिलकर प्रेस कांफ्रेंस कर मैरिज हाल में डेकोरेशन, कैटरिंग, लाइट एंड साउंड में अपनी सेवा नहीं देने की घोषणा की। साथ ही हाल के खिलाफ दुष्प्रचार भी किया था।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 13 जून, 2024
www.azadsipahi.in
11

### सीसीएल सीएमडी से मिले बेरमो विधायक सह यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह

# अनियमितता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं : सीएमडी

**तीनों क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से सीएमडी को कराया अवगत**

आजाद सिपाही संवाददाता



सीसीएल सीएमडी को पुष्प गुच्छ देते बेरमो विधायक अनूप सिंह।

**कथारा।** रांची स्थित सीसीएल सीएमडी के कार्यालय में जाकर बुधवार को बेरमो विधायक सह यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष कुमार जय मंगल उर्फ अनूप सिंह ने मुलाकात की। संगठन की ओर से सीसीएल सीएमडी को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दी। साथ ही वर्तमान में सीसीएल में कार्यरत श्रमिकों की समस्या और कोलियरी के विस्तारीकरण पर विस्तार से चर्चा की। जिसमें पिछरी कोलियरी को चालू करने, अमलो और कारों परियोजना का विस्तारीकरण, जारंगडीह परियोजना एवं कथारा कोलियरी को विभागीय उत्खनन कार्य को प्राथमिकता देने, बंद खदान से पानी की निकासी करने, बेरमो कोयलांचल में अग्निशामक सेवा बहाल करने, लंबी अनुपस्थिति के आरोप में बर्खास्त कर्मियों को पुनः बहाल करने आदि मुद्दे शामिल थे। सीसीएल सीएमडी ने कहा कि मजदूरों का वेलफेयर प्राथमिकता है। सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त उत्पादन लक्ष्य के अनुरूप करने का प्रयास होगा। यूनियन का सकारात्मक सहयोग प्रबंधन को चाहिए। सीसीएल प्रबंधन सामूहिक दायित्व के तहत वेलफेयर कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेगी। अनुशासन और अनुशासित लोग मेरी प्राथमिकता है। कार्य के प्रति अपनी-अपनी जवाबदेही को हर व्यक्ति को बखूबी निर्वाह करना है। ताकि लोग अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। समस्याओं के प्रति गंभीर पहल के साथ समस्या के निराकरण को लेकर अपनी बात को रखें। जिन क्षेत्रों में अल्प समय में अभी तक दौरा संभव नहीं हो पाया है, बहुत जल्द उन क्षेत्रों का निरीक्षण करूंगा। अनियमितता और लापरवाही किसी भी स्थिति में कंपनी के लिए उचित नहीं है। सभी लोगों को मिलजुल कर कंपनी के विकास के लिए काम करना है। शिष्टाचार मुलाकात में सभी समस्याओं से अवगत कराते हुए समय सीमा के साथ समस्याओं को हल करने का विधायक ने बात कही। मौके पर सीसीएल रीजनल कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष महेंद्र विश्वकर्मा, सीसीएल सचिव अजय कुमार सिंह, सीसीएल संगठन सचिव विल्सन फ्रांसिस, मुख्यालय सचिव धर्मेंद्र गोस्वामी, सुजीत मिश्रा, कथारा पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष विजय यादव, सिकंदर सिंह आदि शामिल थे।

## प्रदर्शनकारियों से मिले विधायक राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** दुर्गा मंडप ओल्ड स्टेशन के रास्ते को रेलवे द्वारा बंद करने के प्रतिवाद में आंदोलन कर रहे युवाओं से मिलने बुधवार को धनबाद के भाजपा विधायक राज सिन्हा पहुंचे थे। उन्होंने प्रदर्शन स्थल से ही डीआरएम से फोन पर बात कर मंडप के रास्ते को छोड़ने को कहा। इस पर डीआरएम ने विधायक को सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। साथ ही इस बाबत एक पत्र विभागिय वरिष्ठ अधिकारियों को भेजने का आग्रह किया।


**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

**अति अल्पकालीन नीलामी सूचना से संबंधित शुद्धि पत्र (मेघातरी बस पड़ाव)**

इस कार्यालय के पत्रांक 288/जि0प0 दिनांक 07.06.2024 एवं PR No. 325579 तिथि 08.06.2024 के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन नीलामी सूचना में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | बस पड़ाव का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बस पड़ाव मेघातरी | 7468389.00 | 746839.00 | 18–06–2024 03:00 बजे अपराह्न | 20–06–2024 03:00 बजे अपराह्न |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, कोडरमा

PR 326229 Rural Development(24-25)#D


## शिक्षकों के लंबित वेतन भुगतान व राशन चोरी को लेकर कल्पना सोरेन से मिले माले नेता



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** भाकपा-माले नेता सह अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के संस्थापक सदस्य राजेश यादव ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व गांडेय की नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन से रांची स्थित आवास पर जाकर मुलाकात की। उसने क्षेत्र की कई समस्याओं पर चर्चा करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। माले नेता ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि कुछ महीना पहले विभागीय आदेशानुसार कई शिक्षकों का स्थानांतरण उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में हुआ है। जहां योगदान कर वे कार्यरत हैं। बावजूद इसके उन्हें विगत मार्च 2024 से वेतन भुगतान नहीं किया गया है। जिस कारण उन्हें परिवार चलाने के लिए अब सूद-ब्याज पर कर्ज लेने को मजबूर हो गए हैं। माले नेता ने गांडेय विधानसभा अंतर्गत महेशलुंडी, बंदरकुप्पी और धनयडीह आदि गांवों में स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में कार्यरत ज्योति मुर्मू, माया कुमारी, चंद्रप्रकाश, मीरा रजक और सुनीता कुमारी आदि का लंबित वेतन भुगतान तत्काल निदेशक माध्यमिक शिक्षा और जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित करवाकर शुरू कराने की मांग की है। इसके अलावा माले नेता ने विधायक को गरीबों का राशन चोरी कर लिए जाने की शिकायत की। कहा कि कई डीलर राशन की जगह ईंट-पत्थर रखकर वजन पूरा कर गरीबों का राशन चोरी कर रहे हैं। उन्होंने गांडेय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गिरिडीह (मु) क्षेत्र के ही शादी गवारो एवं आसपास के कई गांवों के गरीब आदिवासी कार्डधारकों की व्यथा का मामला प्रमाण सहित दिखाते हुए विधायक से राशन चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई कर ऐसे डीलरों को सीधा बर्खास्त कर राशन वितरण की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की।

## कैलूडीह जीटीए आउटसोर्सिंग में झामुमो ने किया अनिश्चितकालीन चक्का जाम

**मजदूरों ने प्रबंधन पर लगाया मनमानी का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया-3 के कैलूडीह स्थित जीटीए आउटसोर्सिंग में प्रबंधन पर मनमानी करने का आरोप लगाकर बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के बैनर तले प्रदर्शन किया गया। लगे हाथ बाघमारा प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष शहजाद अंसारी के नेतृत्व में जीटीए आउटसोर्सिंग कंपनी में पांच सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन चक्का जाम कर दिया। इस मामले में शहजाद अंसारी ने बताया कि पांच जून को आउटसोर्सिंग कंपनी के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर पांच सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन धरना एवं चक्का जाम की अग्रिम सूचना दी गई थी। प्रबंधन ने आवेदन पर कोई विचार नहीं किया, जिस कारण पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत चक्का जाम कर दिया गया। शहजाद अंसारी ने बताया कि पांच सूत्री मांगों में स्थानीय लोगों को गोपालीचक से हटाकर अपने क्षेत्र में स्थानांतरण करने, बकाया नियोजन देने, बी फार्म में नाम चढ़ाने, मजदूरों को पहचान पत्र निर्गत करने और अप्रैल 2024 से एचपीसी रेट से भुगतान करना आदि शामिल है। शहजाद अंसारी ने बताया कि सात मई 2023 को महाप्रबंधक कार्यालय में हुए समझौता में 10 नियोजन देने पर समिति बनी थी। उस दिशा में भी आज तक कोई पहल नहीं हुई। उन्होंने बताया कि 9 जनवरी को कंपनी के महाप्रबंधक मधु सिंह और वाईके सिंह की उपस्थिति में बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 के महाप्रबंधक कार्यालय में एक लिखित समझौता हुआ जिसमें अप्रैल 2024 से एचपीसी वेतन भुगतान करने का वादा किया। लेकिन आज तक भुगतान नहीं किया गया। आउटसोर्सिंग प्रबंधन गुंडो की बदौलत यहां काम करना चाहती है और मजदूर की आवाज को दबाना चाहती है। प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ जो भी कदम उठाना होगा झामुमो उठेएगा। इस मौके पर मो मिनहाज, मो राजन, अब्दुल वाहिद, राजकुमार भुइंया, मो जाहिद, शिव, अजय, समद, राजा, मेराज, मनोहर, अकबर, अफरोज, आफताब, अख्तर, राहुल, सौरभ, शंभु मंडल, सोनू, जितेंद्र, मुस्ताक, मुन्ना, आजाद और दिनेश आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना 2nd Call**

e-Tender Reference No. : WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-04/2024-25 Dated :- 11/06/2024

1. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर।
2. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का फोन नं0 और ई–मेल आईडी :– 06562-240100 eemidmed-cemr-jhr@nic.in
3. वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 18/06/2024 (अपराह्न 04.00 बजे से)
4. वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 28/06/2024 (अपराह्न 12.00 बजे तक)
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 29/06/2024 (अपराह्न 01.00 बजे)

| क्र0 | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रुपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रामपुर में गुड़गुडवा नाला पर पक्का चेकडैम का निर्माण | चैनपुर | 62,07,718.88 | 1,24,200.00 | 10,000.00 | 11 माह |

(1) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
(2) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा ही स्वीकार्य होगी।
(3) निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो सारी जवाबदेही संबंधित निविदादाता की होगी।
(4) अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र की राशि के अनुसार है।
(5) राज्य सरकार के द्वारा निर्गत सभी अद्यतन आदेश/परिपत्र लागु होंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मेंलॉगआन करें।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 326098 (Minor Irrigation) 24-25 (D)


## 'एक नये सफर की शुरुआत' कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट से जून 2024 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं और सेवानिवृति के उपरांत जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंधन की जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग के मुख्य प्रेक्षागृह में 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई महा प्रबंधक (एचआर-सेवाएं) सोनी कुमारी ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में प्रबंधक (एचआर फाइनल सेटलमेंट) कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। वहीं, डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) दीपशिखा ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। एक्सिस बैंक के सुनील कुमार और उनके टीम के लोगों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को धन निवेश पर सुझाव और बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। संगीता कुमारी, एसीटी (एचआर फाइनल सेटलमेंट) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन प्रबंधक कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से संपन्न हुआ।

## जिला आपूर्ति कार्यालय के आदेशपाल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, घर में मिला शव

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** जिला आपूर्ति कार्यालय में अस्थाई आदेशपाल के रूप में कार्यरत विजय कुमार (40) की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। बुधवार को उनके कर्बला रोड स्थित घर से शव बरामद हुआ। लोगों की मानें, तो विजय का शव उसके घर के जिस कमरे में जमीन पर पड़ा था, उसी कमरे के बगल में स्थित एक अन्य कमरे में बेड पर स्लाइन लगा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, धनबाद में रहने वाले मृतक के भाई के साथ ही जिला आपूर्ति कार्यालय के कर्मियो को भी सूचना दी गयी है। मृतक विजय जिला आपूर्ति कार्यालय में कार्यरत था। पता चला है कि वह शराब का बहुत ही ज्यादा सेवन करता था। उसकी इसी लत के कारण ही उसकी पत्नी उससे नाराज होकर अपने मायके चली गई थी। घर पर वह अकेले रहता था। बताया जा रहा कि बुधवार को जब उसके घर का दरवाजा दोपहर तक नहीं खुला, तो आसपास के लोगों को संदेह हुआ। उन्होंने इसकी जानकारी नगर थाना पुलिस को दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। पुलिस की मौजूदगी में घर के मेन गेट का ताला तोड़ा गया। दरवाजा खुलने के बाद पुलिस के साथ जब स्थानीय लोग अंदर गए तो विजय का शव कमरे में जमीन पर पड़ा मिला। दूसरे कमरे के जमीन पर खून के धब्बे थे। विजय के सिर के पिछले हिस्से में चोट के निशान भी थे। शुरूवाती जांच के दौरान पुलिस ने भी शराब के अत्यधिक सेवन के कारण ही विजय की मौत होने की आशंका जाहिर की है। माना जा रहा है कि देर रात शराब के नशे में विजय जब दूसरे कमरे गया तो चौकी के टक्कर होने के कारण गिर गया और सिर के पिछले हिस्से में चोट लगने से उसकी मौत हो गयी होगी।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

**ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 08/RII/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-10.06.2024

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/12/STPKG/02/2023-24 | (i) हीरोडीह फाटक से लाराबाद भाया कन्द्रपडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.900 कि0मी0)<br>(ii) T01 से बेहराडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.350 कि0मी0)<br>(iii) कट्टाडीह आर0सी0डी0 रोड से महुआटांड़ भाया गोदखर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0)<br>(iv) एन0एच0–31 जामूखांडी से ढाब हाई स्कूल भाया कोटवारडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.700 कि0मी0)<br>(v) भोण्डो पी0डब्लयू0डी0 रोड से घुट्टीटांड़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.200 कि0मी0)<br>(vi) कांटी से मूर्तिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0)<br>(vii) चन्दवारा कुलदीप स्वर्णकार से घर से गौरी नदी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–1.700 कि0मी0)<br>(viii) थाम पी0डब्लयू0डी0 रोड से थाम मंदिर भाया पुरनाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–4.000 कि0मी0) | 13,31,28,900/- | तेरह करोड़ एकतीस लाख अठाईस हजार नौ सौ रू0 मात्र | 15 (पन्द्रह) माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–15.06.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–04.07.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–06.07.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 326074 Rural Work Department(24-25)#D


## वेस्ट मोदीडीह कोलियरी में लोहा चोरों का तांडव कार्यरत कर्मचारियों पर बरसायी लाठियां

**कतरास (आजाद सिपाही)।** धनबाद के वरीय पुलिस कप्तान द्वारा कोयले के अवैध धंधे पर विराम लगाने के बाद से क्षेत्र में लोहा तस्करों व अवैध धंधेबाजों की संख्या अचानक काफी बढ़ गयी है। लोहा तस्कर बेखौफ होकर बीसीसीएल के लोहे को काट रहे हैं। यही नहीं, कार्य में बाधन बनने वालों पर हर्वे हथियार से हमला करने से भी पीछे नहीं हट रहे हैं। ताजा मामला तेतुलमारी थाना क्षेत्र के वेस्ट मुडीडीह कोलयरी कार्यालय के समीप 2 नंबर खदान में घटित हुई। यहां दर्जनों लोहा चोरों ने धावा बोल दिया। वहां से करीब 20 फिट की लोहे का रेला व वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से मोटा पाइप को काट कर भाग रहे थे, तभी रात की ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने उनकी भिड़ंत हो गयी। कर्मचारियों को भारी पड़ता देख लोहा तस्कर रेला छोड़कर पाइप को लेकर भागने में सफल रहें। हालांति इस दौरान कार्यरत कर्मचारियों पर चोरों ने जमकर लाठियां बरसाई। जिसमें रात्रि पाली के ओवर मैन सहित कई लोग घायल हो गए। इन सब के बावजूद स्थानीय प्रशासन व सीआइएसएफ को घटना की भनक नहीं लगी।

## चिड़ूवा नदी के किनारे पेड़ पर लटका मिला महिला का शव

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित चतरोचट्टी थाना अंतर्गत चिड़ुवा नदी के किनारे एक पेड़ पर महिला का शव लटकता बरामद हुआ। उसकी पहचान लोधी पंचायत के करमटिया टोला (भाड़ेकोचा) निवासी सुनीता देवी (24) के रूप में हुई है। महिला पेड़ की डाली पर अपनी ही साड़ी के फंदे पर लटकी मिली।

### परिजनों-ग्रामीणों का प्रदर्शन, मुआवजा-नियोजन देने पर बनी सहमति

# एमपीएल में कार्यरत श्रमिक की वाहन के धक्के से मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**एग्यारकुंड।** एमपीएल के अधीनस्थ जीटीएस कंपनी में कार्यरत विनोध सिंह की बुधवार को परिसर में ही मौत हो गयी। वह प्रतिदिन की तरह इस दिन भी सुबह अपने कार्यस्थल पर पहुंचे थे। जहां किसी भारी वाहन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। इसकी सूचना मिलते ही मृतक के परिजन एवं ग्रामीणों पहुंच गये और नियोजन एवं मुआवजे की मांग को लेकर एमपीएल मुख्य द्वार के समीप धरने पर बैठ गए। बतातें चलें कि मृतक विनोद सिंह निरसा के बरवाडीह गांव के दामाद है। हालांकि वे मूल रूप से पश्चिम बंगाल के कुल्टी के रहने वाले थे। बरवाडीह स्थित अपने ससुराल में ही रहते थे। परिवार में एकमात्र कमाउ व्यक्ति विनोद सिंह ही थे। वे अपने पीछे एक बेटा, एक बेटी और पत्नी छोट गए हैं। दूसरी ओर, मुआवजा और नियोजन के लिए एमपीएल प्रबंधन के साथ पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, जीप प्रतिनिधि विश्वनाथ रोहिदास, मनोज सिंह, निमाई सिंह की उपस्थिति में वार्ता चल रही है। हालांकि घंटों वार्ता के बाद मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये की मुआवजा राशि और नियोजन देने पर सहमति बनी है।


**कार्यलिय जिला परिषद, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 02/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक 24.06.24 को 10:00 पूर्वाह्न से 2:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.06.24 को 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 25.06..24 को 4:00 बजे अपराह्न से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग एवं जिला परिषद, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– जिला परिषद निधि

| क्र0 स0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | आरोग्यम अस्पताल, हजारीबाग के बाहरी दिवारों में रंगाई–पुताई कार्य। | 513500.00 | 1250.00 | 12000.00 | दो माह |

नोट :–1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 326108 District(24-25).D

# ओड़िशा में नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तस्वीरें


मंच पर मौजूद गणमान्य लोग और मंत्री की शपथ लेते विधायकगण।


डिप्टी सीएम की शपथ लेते कनक वर्धन सिंहदेव।


डिप्टी सीएम पद की शपथ लेतीं प्रभाती परिदा।


नये सीएम मोहन चरण माझी को बधाई देते पीएम।

## आंध्रप्रदेश में एनडीए की सरकार

# चंद्रबाबू नायडू ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ

आजाद सिपाही संवाददाता



**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपीए) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को चौथी बार आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने विजयवाड़ा के बाहरी इलाके केसरपल्ली में गन्नावरम हवाई अड्डे के सामने मेधा आइटी पार्क के पास शपथ ली। आंध्रप्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलायी। आंध्रप्रदेश में एनडीए की सरकार बनी है। यहां विधानसभा में एनडीए ने 175 में से 164 सीटें जीतीं हैं।

### पवन कल्याण बने डिप्टी सीएम:

जनसेना प्रमुख और एक्टर पवन कल्याण ने डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। वहीं, नायडू के बेटे नारा लोकेश ने भी मंत्री पद की शपथ ली। नयी सरकार में सीएम और डिप्टी सीएम समेत 25 सदस्य होंगे। इसमें टीडीपी के 20, जनसेना के तीन और भाजपा के एक मंत्री शामिल हैं। एक पद खाली रखा गया है।

**प्रधानमंत्री समेत गणमान्य लोग समारोह में हुए शामिल:**

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी शिरकत की। उनके अलावा केंद्रीय मंत्री केंद्रीय मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, रामदास अठावले, अनुप्रिया पटेल, चिराग पासवान, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू भी शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में साउथ सिनेमा के सुपरस्टार रजनीकांत और पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित एक्टर चिरंजीवी भी शामिल हुए।

## 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि इस सत्र की शुरुआत नये सांसदों के शपथ ग्रहण, स्पीकर के चुनाव और राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। वहीं, राज्यसभा के 264वें सेशन की शुरुआत 27 जून से होगी। संसद के दोनों सदन 3 जुलाई तक चलेंगे।

## प्रधानमंत्री आज इटली जायेंगे

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 50वें जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए 13 जून को इटली के दौरे पर रवाना होंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बताया कि सम्मेलन में भारत को एक आउटरीच देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। लगातार तीसरे कार्यकाल में पदभार संभालने के बाद यह मोदी की पहली विदेश यात्रा होगी। इससे उन्हें सम्मेलन में उपस्थित अन्य विश्व नेताओं से मिलने का मौका भी मिलेगा।

# मोहन माझी ने पूर्व सीएम नवीन पटनायक से मुलाकात की

## शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए पटनायक




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले मोहन माझी ने बुधवार सुबह भूमि पुत्र को भुवनेश्वर के अलग-अलग जगहों पर माल्यार्पण किया। इसके साथ उप मुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंहदेव और प्रभाती परिडा ने भी माल्यार्पण करते हुए देखा गया। माल्यार्पण के मौके पर मुख्यमंत्री मोहन माझी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि शुरूआत में 100 दिनों का कार्यक्रम बनाया जायेगा और गरीबों के लिए काम किया जायेगा। पार्टी के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, भाजपा घोषणापत्र में किए गये सभी वादों को पूरा करने की दिशा में काम करेगी। ओड़िशा के नए मुख्यमंत्री मोहन माझी ने ओड़िशा के भूमि पुत्र के प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की। उन्होंने आज जनता मैदान में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का भी निमंत्रण दिया है। नवीन पटनायक ने मुख्यमंत्री का निमंत्रण स्वीकार कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने को कहा है।

## लोक सेवा भवन आज से पत्रकारों के लिए खुलेगा, मार्च 2020 से प्रवेश की अनुमति नहीं थी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** आगामी 13 जून से लोक सेवा भवन पत्रकारों के लिए खोल दिया जायेगा। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर पत्रकारों के लिए लोकसेवा भवन खोला जायेगा। बीजद सरकार ने कई वर्षों तक पत्रकारों को लोक सेवा भवन में जाने पर रोक लगा रखी थी। कोरोना के बाद से लोक सेवा भवन में पत्रकारों का प्रवेश प्रतिबंधित था। बीजेपी ने कई बार विरोध प्रदर्शन कर लोक सेवा भवन को पत्रकारों के लिए खोलने की मांग की। सरकार के ऐसे फैसले को लेकर पत्रकारों में भी नाराजगी देखी गयी। लेकिन अब ये समस्या खत्म हो गया है। 12 जून को बीजेपी ने राज्य में सरकार बनाया। 24 साल बाद राज्य को नया मुख्यमंत्री मिला। नयी सरकार आते ही पत्रकारों के लिए लोकसेवा भवन खोला जायेगा।







# कुवैत में 40 भारतीयों की जिंदा जल कर मौत

## इमारत में लगी थी भीषण आग, सोते ही रह गये लोग, प्रधानमंत्री ने शोक व्यक्त किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**एजेंसी।** कुवैत। कुवैत में दक्षिणी इलाके की एक इमारत में लगी आग में 40 भारतीयों की मौत हो गयी है। यह भीषण हादसा बुधवार को स्थानीय समयानुसार तड़के 4 बजे के करीब हुआ। आग जिस इमारत में लगी थी, उसमें बड़ी संख्या में भारतीय मजदूर रह रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि मरने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हो सकता है। यह आग अल-मंगफ नाम की इमारत में लगी, जहां मजदूर रहते थे। कुवैती मीडिया का कहना है कि कुछ लोगों की मौत आग में जल कर हुई है। वहीं बड़ी संख्या में लोगों की मौत धुएं के चलते दम घुटने से हुई। इस हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुख जताया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिल्डिंग को एनबीटीसी ग्रुप नाम की एक कंपनी ने ले रखा था। इसमें 195 मजदूर रह रहे थे। इनमें से ज्यादातर लोग भारत के केरल, तमिलनाडु और कुछ उत्तर भारत के राज्यों के थे। इस बीच कुवैत के गृह मंत्री शेख फहाद अल-युसूफ ने पुलिस को आदेश दिया है कि इमारत के मालिक को गिरफ्तार कर लिया जाये।

# जिंदल स्टेनलेस का 'जंग' अभियान : बालश्रम, महिला असमानता और सामाजिक अन्याय के खिलाफ लड़ाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर जंग नाम से एक नया ब्रांड अभियान शुरू किया है। यह अभियान कंपनी की स्टेनलेस अकादमी द्वारा कारीगरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और स्थायी सामाजिक विकास को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। यह अभियान सामजिक कुरीतियों पर जागरूकता फैलाने को साथ-साथ कौशल विकास के महत्व पर जोर देता है, खासकर उन छोटे उद्योगों में जहां जिंदल स्टेनलेस कारीगरों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करता है। जंग अभियान, जिंदल साथी 5.0 परियोजना का हिस्सा है। इसमेंसमाज के तीन वर्गों से सम्बंधित जानेवाले वीडियो शामिल हैं। ये वीडियो भारत में मौजूद बाल श्रम, महिला असमानता और सामाजिक अन्याय जैसे गंभीर मुद्दों पर रौशनी डालते हैं। ये वीडियो उन लोगों की कहानियां दिखाते हैं जो स्टेनलेस अकादमी से प्रशिक्षण लेकर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने हैं। पहला वीडियो बताता है कि कैसे यह योजना एक पुरुष प्रधान समाज में, महिलाओं को, आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने में मदद करता है। दूसरा वीडियो कारीगरों को ऐसे कौशल सिखाने पर केंद्रित है जिससे वे अपने और अपने परिवारों का भविष्य बेहतर बना सकें। साथ ही, बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर बाल श्रम को खत्म करने में भी योगदान दे सकें।तीसरा वीडियो वंचित पृष्ठभूमि के लोगों को बेहतर जिंदगी और समाज में सम्मान पाने के लिए मिलने वाले अवसरों को दशार्ता है। अभियान के बारे में बताते हुए, जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदलने कहा, जिंदल स्टेनलेस मेंहमारा मानना है कि हर किसी को अपने और अपने परिवार के लिए सफल भविष्य बनाने का मौका मिलना चाहिए। 'जंग अभियान इसी अवसर को दशार्ता है। यह उन सभी योद्धाओं को समर्पित है जो सामाजिक बुराइयों से लड़ रहे हैं। हमें गर्व है कि स्टेनलेस अकादमी लोगों को सामाजिक बाधाओं को पार करने और आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रही है। इस पहल के तहत अब तक, 32,000से अधिक कारीगरों को इसका लाभ मिला है, और हम वित्त वर्ष 2025 में 16,000 कारीगरों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखते हैं। कारीगरों को कौशल-प्रशिक्षण देकर उनके जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के द्वारा, हम पूरे उद्योग को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह अभियान स्टेनलेस स्टील की जंग प्रतिरोधी क्षमता और जिंदल स्टेनलेस की सामाजिक बुराइयों से लड़ने की प्रतिबद्धता का एक अनूठा मिश्रणहै। वीडियो केवल तकनीकी कौशल सीखने से आगे जाकर व्यापक सामाजिक सशक्तीकरण पर भी प्रकाश डालते हैं।









वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !





आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**